सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 07 नवम्बर , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 119, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 1718 अंकों की उछाल

कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से मजबूत हुई निवेशक धारणा के बीच सेंसेक्स 1,718 अंक उछल गया, जबकि निफ्टी फिर से 25,000 अंक के पार पहुंच गया। } 12

ट्रंप ने की ओवल ऑफिस को राष्ट्रीय स्मारक बनाने की घोषणा

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए, जिसके बारे में उनका कहना है कि यह ओवल ऑफिस और कैबिनेट रूम को एक राष्ट्रीय स्मारक के रूप में संरक्षित करेगा। } 12



फसलों के नुकसान पर 30 फीसद तक बढ़ा मुआवजा

○ आपदा में जान गंवाने वालों के परिजनों को अब आठ लाख की मदद ○ योगी सरकार ने आपदा राहत मानकों में किया बड़ा बदलाव

आशीष मौर्य



लखनऊ। योगी सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को राहत देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। योगी सरकार ने राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एनडीआरएफ) के तहत दी जाने वाली आर्थिक सहायता के मानकों में बदलाव करते हुए मुआवजे की राशि में बढ़ोतरी की है। अब प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिवार को चार लाख रुपये के स्थान पर आठ लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही फसल नुकसान, पशुधन की क्षति और मकान के नुकसान पर मिलने वाली सहायता राशि में भी बढ़ोतरी की गई है। नए मानक वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक प्रभावी रहेंगे। योगी सरकार का उद्देश्य आपदा प्रभावित परिवारों को तत्काल आर्थिक संबल देने के साथ उनकी आजीविका को दोबारा पटरी पर लाना है।

राहत आयुक्त हृषिकेश भास्कर यशोद ने बताया कि प्राकृतिक आपदा में किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसके परिजनों को मिलने वाली सहायता राशि को दोगुना कर दिया गया है। पहले चार लाख रुपये की सहायता दी जाती थी, जिसे बढ़ाकर अब आठ लाख रुपये कर दिया गया है। इसी तरह प्राकृतिक आपदा में गाय, भैंस, घोड़े या ऊंट जैसे बड़े पशुओं की मृत्यु होने पर मिलने वाली सहायता राशि 40 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी गई है। बकरी, भेड़ और सूअर जैसे छोटे पशुओं के लिए यह राशि चार हजार से बढ़ाकर 5,500 रुपये कर दी गई है। वहीं, मुर्गीपालकों को भी राहत देते हुए प्रति मुर्गी सहायता राशि 100 से बढ़ाकर 130 रुपये कर दी गई है। भार ढोने वाले पशुओं की क्षति पर सहायता राशि 20 हजार से बढ़ाकर 25,400 रुपये की गई है। योगी सरकार ने किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान की भरपाई के लिए भी सहायता राशि बढ़ाई है। अब सिंचित क्षेत्र में फसल नुकसान पर मिलने वाली सहायता 17 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर से बढ़ाकर 22 हजार रुपये कर दी गई है। इसी तरह वर्षा आधारित क्षेत्रों में फसल नुकसान की सहायता राशि 8,500 रुपये से बढ़ाकर 11 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर कर ...शेष पृष्ठ 11 पर

अब कोई भाई-भतीजावाद नहीं, 25 करोड़ जनता ही मेरा परिवार : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश पुलिस बल में निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित 4,543 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने दो टूक कहा कि उत्तर प्रदेश में अब भाई-भतीजावाद नहीं चलेगा। प्रदेश की 25 करोड़ जनता ही हमारा परिवार है और सरकार सभी के साथ समान व्यवहार करेगी। नियुक्ति की प्रक्रिया में किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा। योग्यता और मेरिट के आधार पर प्रदेश के हर युवा को अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में भर्ती की स्थिति ऐसी थी कि आवेदन कोई करता था, परीक्षा कोई दूसरा देता था और नियुक्ति पत्र किसी तीसरे को मिल जाता था। भर्ती के नाम पर सैफई सिंडिकेट का बोलबाला था। हमारी सरकार ने उस व्यवस्था को समाप्त कर पारदर्शी चयन प्रक्रिया स्थापित की ...शेष पृष्ठ 11 पर

धनतेरस पर खूब चमका बाजार लोगों ने की रिकॉर्ड खरीदारी



नई दिल्ली। इस वर्ष धनतेरस के पावन पर्व पर देशभर में खरीदारी का ऐसा अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला, जिसने भारतीय खुदरा व्यापार के इतिहास में नया कीर्तिमान रच दिया है। पारंपरिक आस्था, मजबूत उपभोक्ता विश्वास और घरेलू अर्थव्यवस्था में छाई नई ऊर्जा के दम पर इस बार धनतेरस का कुल कारोबार 1.25 लाख करोड़ के आंकड़े को पार कर गया है। इस महाउत्सव में बुलियन से लेकर ऑटोमोबाइल, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स और परिधानों तक में बाजार के हर कोने में ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि धनतेरस ने एक बार फिर देश के पारंपरिक बाजारों की अजेय ताकत को साबित कर दिया है। उन्होंने बताया कि इस बार के त्योहारी सीजन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी अपनाओ के आह्वान का व्यापक असर दिखा है, जिससे स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों और एमएसएमई क्षेत्र को अभूतपूर्व लाभ मिला है। एआइजेजीएफ के मुताबिक, कीमती धातुओं की कीमतों में तेजी के बावजूद ग्राहकों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई।

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन करेंगे दसवें दीपोत्सव का शुभारंभ

अवध विश्वविद्यालय ने रचा नया कीर्तिमान, सभी घाटों पर 30 लाख से अधिक दीपों को बिछाने का कार्य पूर्ण

आशीष मौर्य



लखनऊ। रामनगरी अयोध्या एक बार फिर भव्य दीपोत्सव के लिए तैयार है। दसवें दीपोत्सव का शुभारंभ पूज्य संत-धमार्चार्यों की उपस्थिति में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन करेंगे। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। दीपोत्सव के दौरान सरयू नदी के 56 घाट असंख्य दीपों से जगमग होंगे, वहीं श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनी से भव्य रूप में सजाया जाएगा। दीपोत्सव में प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के अयोध्या आगमन को प्रतीकात्मक रूप में दशार्ती भव्य शोभायात्रा में देश के 13 राज्यों की सहभागिता रहेगी। रामायण के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित झांकियां भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। धर्मपथ समेत अन्य प्रमुख मार्गों को थीमैटिक इंटेलिजेंट लाइटिंग और एलईडी पैनलों से सजाया जाएगा। राम की पैड़ी पर सजीव सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ 3-डी प्रोजेक्शन मैपिंग और भव्य लेजर शो का आयोजन होगा। इसके अलावा रामायण के प्रसंगों पर आधारित ड्रोन शो और नया घाट पर म्यूजिकल आतिशबाजी दीपोत्सव की भव्यता ...शेष पृष्ठ 11 पर

अयोध्या को और भव्य बनायेंगे लेजर शो व ड्रोन

करुणाकर दुबे

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दीपोत्सव-2026 की ऐतिहासिक तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। आज देर शाम तक राम की पैड़ी सहित सभी निर्धारित घाटों पर 30 लाख से अधिक दीपों को बिछाने (सजाने) का वृहद कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया। विश्वविद्यालय के हजारों स्वयंसेवकों ने पूरी निष्ठा, अनुशासन एवं अदम्य ऊर्जा के साथ अनवरत डटकर निर्धारित समयसीमा के भीतर इस विशाल लक्ष्य को सिद्ध किया। सभी 56 घाटों पर ...शेष पृष्ठ 11 पर

16 फरवरी से सीबीएसई 10वीं, 12वीं की परीक्षाएं

नयी दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं 16 फरवरी, 2027 से शुरू होंगी। बोर्ड ने शुक्रवार को यह घोषणा की। बोर्ड के मुताबिक, 10वीं कक्षा की परीक्षाएं नौ मार्च को समाप्त होंगी, जबकि 12वीं की परीक्षाएं नौ अप्रैल तक चलेंगी। सीबीएसई के ...शेष पृष्ठ 11 पर

सीबीआई कोर्ट से माफिया डॉन बबलू श्रीवास्तव बरी

जय तिलक



लखनऊ। बीस साल पुराने अपहरण केस में माफिया डॉन बबलू श्रीवास्तव को लखनऊ सीबीआई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने बबलू श्रीवास्तव को दोषमुक्त करते हुए रिहा कर दिया है। दो दशक पहले कोलकाता के होटल लिंगटन के मालिक का अपहरण हुआ था। इस केस में बबलू श्रीवास्तव का भी नाम आया था। उस समय वह प्रयागराज की नैनी जेल में बंद था। बबलू श्रीवास्तव पर जेल में रहते हुए अपनी गैंग चलाने का आरोप था। आरोप था कि जेल में बैठकर ही उसने होटल मालिक का अपहरण करवाया था। लखनऊ की सीबीआई कोर्ट में बबलू श्रीवास्तव का केस चल रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बबलू श्रीवास्तव की ओर से उनके वकील जिशान अल्वी ने कोर्ट में दलीलें ...शेष पृष्ठ 11 पर

संक्षेप

कर्मभूमि एक्सप्रेस में लगी आग, 1500 यात्री बाल-बाल बचे

पटियाला। पंजाब के पटियाला जिले में सराय बंजारा रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार को कर्मभूमि एक्सप्रेस में आग लगने के बाद 1,500 से अधिक यात्री बाल-बाल बच गए। आग ने तीन डिब्बों को अपनी चपेट में ले लिया, जबकि चौथा डिब्बा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमृतसर से पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी जा रही इस ट्रेन में आग का पता चलते ही इसे तुरंत रोक दिया गया और आग को फैलने से रोकने के लिए प्रभावित डिब्बों को ट्रेन के बाकी हिस्सों से अलग कर दिया गया।

उत्तराखण्ड में लगेगी भाजपा की हैट्रिक : शाह

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर गृह मंत्री शाह की उपस्थिति सम्मान की बात : धामी



प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड की राजनीतिक दिशा और भविष्य के विकास का खाका सामने रखते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का भरोसा जताया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से मिशन-2027 के तहत 65 से अधिक सीटें हासिल करने के लिए जुटने का आह्वान किया। शाह ने कहा कि भाजपा ने अनेक राज्यों में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का इतिहास रचा है और उत्तराखंड में भी यह सिलसिला कायम रहेगा। उन्होंने देवभूमि को विकास के साथ देश की प्रमुख सांस्कृतिक राजधानी के रूप में पहचान दिलाने का संकल्प भी व्यक्त किया।

देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित राज्योत्सव समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदर्शिता का परिणाम थी। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश विकास और विरासत के संरक्षण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि विकसित भारत-2047 के निर्माण ...शेष पृष्ठ 11 पर



विशेष खबर

आर-फैक और एपीडा के संयुक्त प्रयास से कृषि निर्यात को मिलेगा बढ़ावा

अब यूपी में ही होगी कृषि उत्पादों की विश्वस्तरीय जांच

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में गुणवत्ता परीक्षण की सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। अब निर्यातकों को कृषि उत्पादों और मृदा के नमूनों की जांच के लिए दूसरे प्रदेशों में जाने की जरूरत नहीं होगी। लखनऊ स्थित क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केंद्र (आर-फैक) में ही विश्वस्तरीय जांच सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे निर्यातकों को कम समय और कम लागत में विश्वसनीय परीक्षण रिपोर्ट मिल सकेगी।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आर-फैक और कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय में एक दिवसीय संवेदीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय कृषि निर्यात गुणवत्ता मानक और अनुपालन रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं अध्यक्ष, राजस्व परिषद बीएल मीना ने की। मुख्य वक्ता एपीडा के उप महाप्रबंधक डॉ. सीबी सिंह रहे। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए निर्यातकों, उद्यमियों, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के हितधारकों और सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बीएल मीना ने बताया कि एनएबीएल से मान्यता प्राप्त और एपीडा द्वारा सूचीबद्ध प्रयोगशाला के रूप में आर-फैक प्रदेश के कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण सुविधा केंद्र बनकर उभरा है। यहां कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के साथ मृदा के नमूनों की भी जांच की जा सकेगी। इससे निर्यातकों को दूसरे राज्यों की प्रयोगशालाओं पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर जांच रिपोर्ट मिलने से निर्यात संबंधी प्रक्रियाएं आसान होंगी और समय तथा संसाधनों की बचत होगी। मुख्य वक्ता डॉ. सीबी सिंह ने कृषि उत्पादों के निर्यात के लिए जरूरी ...शेष पृष्ठ 11 पर

सरकारी संस्थानों में अब पीएनजी कनेक्शन

मुख्य सचिव ने लंबित अनुमतियों के जल्द निस्तारण के दिए निर्देश



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के नेटवर्क और कनेक्शनों का विस्तार करने के लिए योगी सरकार ने कवायद तेज कर दी है। अब प्रदेश की हाईराइज बिल्डिंगों, सरकारी संस्थानों, अस्पतालों, पुलिस लाइन्स और शासकीय कॉलोनियों में एलपीजी सिलेंडर के स्थान पर पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जाएगा। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने शुक्रवार को सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क के विस्तार और पीएनजी कनेक्शनों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए गठित राज्य स्तरीय समिति की बैठक में इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में सीजीडी नेटवर्क का विस्तार और पीएनजी कनेक्शनों की संख्या बढ़ाना शासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों, जिला प्रशासन और गैस वितरण कंपनियों को आपसी समन्वय के साथ काम करना होगा, ताकि निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों के लंबित आवेदनों पर संबंधित विभाग प्राथमिकता के आधार पर अनुमति और अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) जारी करें। सभी विभाग अपने कार्यक्षेत्र में गैस वितरण कंपनियों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक औपचारिकताएं जल्द पूरी कराएं, जिससे गैस पाइपलाइन नेटवर्क के विस्तार में अनावश्यक देरी न हो। उन्होंने सीजीडी कंपनियों को भी निर्देश दिए कि जिला प्रशासन और संबंधित प्राधिकरणों की ओर से जारी डिमांड नोट, प्रतिभूति धनराशि जमा कराने और अन्य औपचारिकताओं से जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करें। इनकी अद्यतन स्थिति नोडल एजेंसी जीजीएल को उपलब्ध कराने के साथ ही अपने निर्धारित क्षेत्रों में अधिक से अधिक घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तक पीएनजी कनेक्शन पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाएं। मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी विकास प्राधिकरणों और नगर निकायों के अंतर्गत आने वाली हाईराइज बिल्डिंगों में पीएनजी कनेक्शन का विस्तार करने के निर्देश दिए। इसके लिए रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) और भवन स्वामियों के समूहों के साथ बैठकें आयोजित कर उन्हें पीएनजी अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारियों, विकास प्राधिकरणों के उपाध्यक्षों और नगर निगम आयुक्तों के लिए पीएनजी कनेक्शन जारी करने के लक्ष्य निर्धारित किए जाएं। इसके लिए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर नए कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं। पीएनजी कनेक्शन स्थापित होने के बाद संबंधित उपभोक्ताओं के एलपीजी कनेक्शन समर्पित कराने की प्रक्रिया भी सुनिश्चित की जाए।

अस्पतालों और पुलिस लाइन्स में भी मिलेगी सुविधा : मुख्य सचिव ने पुलिस, अर्द्धसैनिक बलों और शैक्षणिक संस्थानों में एलपीजी सिलेंडरों के स्थान पर पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराने की कार्रवाई प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। इसके अलावा राज्य संपत्ति विभाग के अधीन सभी सरकारी भवनों और गेस्ट हाउसों, जिलाधिकारी परिसरों, पुलिस लाइन्स, अस्पतालों, शासकीय कॉलोनियों तथा अन्य सरकारी अतिथि गृहों में भी पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने जिला स्तरीय समितियों को अपने-अपने जनपदों में पीएनजी कनेक्शन स्थापित करने की प्रगति की नियमित समीक्षा और प्रभावी निगरानी करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप काम करने और विभागों तथा गैस वितरण कंपनियों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने को कहा गया।

पीएनजी ड्राइव-3.0 को प्रभावी बनाने के निर्देश : बैठक में भारत सरकार की ओर से शुरू किए गए पीएनजी ड्राइव-3.0 के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी चर्चा हुई। इसके तहत नए पीएनजी कनेक्शन जारी करने, निष्क्रिय हो चुके कनेक्शनों को दोबारा सक्रिय करने और नए कनेक्शनों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने संबंधित जिलों और विभागों को अभियान के निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार सभी जरूरी कार्रवाई समयबद्ध तरीके से पूरी करने को कहा। बैठक में प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद अनिल कुमार, प्रमुख सचिव नगर विकास पी. गुरु प्रसाद समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

दीवाली व छठ पर सक्रिय रहेंगी इमरजेंसी सेवाएं

विशेष संवाददाता (vol)

- आगजनी, सड़क दुर्घटनाओं और अन्य आपात स्थितियों से निपटने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश
- डॉक्टरों की ड्यूटी से लेकर दवाओं और जीवनरक्षक उपकरणों की उपलब्धता तक की होगी निगरानी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार त्योहारों के दौरान आमजन की सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष सतर्कता बरत रही है। इसी क्रम में दीपावली एवं छठ पूजा के दौरान संभावित दुर्घटनाओं, आग लगने की घटनाओं, सड़क हादसों और अन्य आपात परिस्थितियों को देखते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी राजकीय एवं स्वशासी मेडिकल कॉलेजों तथा संबद्ध चिकित्सालयों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि त्योहारों के दौरान किसी भी नागरिक को आपात चिकित्सा सुविधा के लिए भटकना न पड़े और जरूरत पड़ने पर उसे तत्काल उपचार उपलब्ध हो।

महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण नेहा शर्मा ने इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सभी मेडिकल कॉलेजों को चिकित्सा सेवाओं, मानव संसाधन, दवाओं, चिकित्सा उपकरणों और आपातकालीन व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है, ताकि किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में मरीजों को समय पर उपचार मिल सके। सभी मेडिकल कॉलेजों एवं संबद्ध चिकित्सालयों में इमरजेंसी विभाग, ट्रॉमा सेंटर, आईसीयू, बर्न यूनिट, एनेस्थीसिया, सर्जरी और ऑपरेशन थिएटर सहित सभी जीवनरक्षक चिकित्सा सेवाएं चौबीसों घंटे क्रियाशील रखी जाएंगी। इमरजेंसी में आने वाले मरीजों का तत्काल चिकित्सकीय परीक्षण और आवश्यकतानुसार प्राथमिक उपचार सुनिश्चित किया जाएगा।

मरीजों की गंभीरता के आधार पर उपचार की प्राथमिकता तय करने के साथ अतिरिक्त बेड और चिकित्सा संसाधनों की व्यवस्था भी रखने के निर्देश दिए गए हैं। त्योहार अवधि के लिए इमरजेंसी, ट्रॉमा सेंटर, आईसीयू, बर्न यूनिट, एनेस्थीसिया, सर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स, मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभागों के चिकित्सकों, नर्सिंग कर्मियों, तकनीशियनों एवं अन्य कर्मचारियों का ड्यूटी रोस्टर तैयार किया जाएगा। ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त मानव संसाधन भी उपलब्ध रखा जाएगा।

सभी संबंधित विभागाध्यक्षों एवं प्रमुख चिकित्सा अधीक्षकों को आवश्यक और जीवनरक्षक दवाओं, इंजेक्शन, ड्रेसिंग सामग्री, स्यूचर, प्लास्टर सामग्री तथा आपातकालीन उपचार किट की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके साथ ही ऑक्सीजन सिलेंडर, ऑक्सीजन आपूर्ति प्रणाली, वेंटिलेटर, मॉनिटर, डिफिब्रिलेटर और सक्शन मशीन सहित सभी आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता की जांच कराई जाएगी। ब्लड बैंक के साथ समन्वय स्थापित कर रक्त एवं रक्त अवयवों की पर्याप्त उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी। गंभीर मरीजों को उच्चतर चिकित्सा संस्थानों में स्थानांतरित करने की आवश्यकता पड़ने पर पूर्व समन्वय के साथ प्रभावी रेफरल व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। रेफरल के दौरान मरीज को आवश्यक चिकित्सकीय सहायता और एम्बुलेंस उपलब्ध कराने के साथ प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का अनावश्यक विलंब नहीं होने देने के निर्देश दिए गए हैं।

अयोध्या की भव्यता देखने ऑस्ट्रेलिया से आये शेन

अयोध्या। मलेशिया में दिवाली की तैयारियां देखीं तो मन में अयोध्या को देखने की इच्छा जाग उठी। रामनगरी के दीपोत्सव की भव्यता के बारे में सुना तो सात समंदर पार ऑस्ट्रेलिया से यहां चले आए। अब राम की पैड़ी पर बैठकर जब शेन दीपोत्सव की तैयारियों को निहारते हैं तो उनकी आंखों में चमक और चेहरे पर प्रसन्नता देखते ही बनती है। सड़कों पर बिखरी रोशनी, जगमगाते चौक, एलईडी स्क्रीन, दीपों की सजावट और धार्मिक-सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजी अयोध्या उन्हें किसी अद्भुत संसार जैसी प्रतीत हो रही है। शेन के शब्दों में, अयोध्या का यह अनुभव अद्भुत और अविश्वसनीय है।

ऑस्ट्रेलिया निवासी शेन भारत की आध्यात्मिक यात्रा पर निकले हैं। इससे पहले वह मलेशिया में थे, जहां भारतीय समुदाय के बीच दिवाली की तैयारियां देखकर उन्हें इस पर्व और अयोध्या के दीपोत्सव के बारे में जानकारी मिली।

शेन ने बताया कि मलेशिया में ही अयोध्या की चर्चा सुनी थी। इसके बाद रामनगरी में दिवाली किस तरह मनाई जाती है, यह देखने की इच्छा हुई। उन्होंने कहा कि अयोध्या आकर बहुत अच्छा लगा। यहां का वातावरण सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर है। दीपोत्सव की तैयारियां और रोशनी देखकर वह आश्चर्यचकित हैं। उनके लिए यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि भारत की आध्यात्मिक परंपरा को करीब से महसूस करने का अवसर है। रामनगरी की सड़कों पर सजी रोशनी और चौक-चौराहों पर दिखाई दे रही सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी शेन को खूब भा रही हैं। लता मंगेशकर चौक की भव्य सजावट, एलईडी स्क्रीन पर दिखाई जा रही झलकियां और विभिन्न स्थानों पर प्रस्तुत किए जा रहे धार्मिक एवं लोकनृत्य अयोध्या की सांस्कृतिक विविधता को जीवंत कर रहे हैं।

शेन ने बताया कि यहां की तैयारियां बेहद शानदार हैं। अलग-अलग संस्कृतियों और परंपराओं को एक साथ देखकर उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है। दीपोत्सव के माध्यम से जिस तरह भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत सामने आ रही है, वह उनके लिए बेहद सुखद अनुभव है। उन्होंने अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था की भी सराहना करते हुए कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया से आए हैं, लेकिन यहां खुद को पूरी तरह सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। शेन के अनुसार, अयोध्या बहुत सुंदर शहर है और यहां का वातावरण मन को सुकून देने वाला है।

शेन सोमवार तक अयोध्या में रहेंगे और दीपोत्सव तथा दिवाली की भव्यता को करीब से देखने के बाद वाराणसी की यात्रा करेंगे। भारत की आध्यात्मिक यात्रा पर निकले शेन के लिए रामनगरी की यात्रा विशेष बन गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में श्रीराम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या का विकास जिस गति से हुआ है, उसने रामनगरी की पहचान को वैश्विक स्तर पर विस्तार दिया है। भव्य मंदिर, विकसित होती आधारभूत सुविधाएं, सुसज्जित सड़कें, सांस्कृतिक आयोजन और दीपोत्सव की विश्वव्यापी ख्याति विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित कर रही है।

मेट्रो से चार दिन में लाखों यात्रियों ने किया सफर

लखनऊ। त्योहारी सीजन में सड़कों पर बढ़े यातायात और लंबे जाम से बचने के लिए लखनऊवासियों का भरोसा मेट्रो पर लगातार बढ़ रहा है। इसका असर लखनऊ मेट्रो की राइडरशिप में भी साफ दिखाई दे रहा है। पिछले लगातार चार दिनों के दौरान प्रतिदिन एक लाख से अधिक यात्रियों ने मेट्रो से सफर किया। इस अवधि में 3 नवंबर को करीब 1.10 लाख यात्रियों के साथ सर्वाधिक दैनिक राइडरशिप दर्ज की गई।

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) की ओर से सालभर चलाए जा रहे जागरूकता एवं जनसंपर्क अभियानों को भी यात्रियों की बढ़ती संख्या का एक प्रमुख कारण माना जा रहा है। मेट्रो सेवाओं के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ने के साथ ही सार्वजनिक परिवहन के रूप में इसकी स्वीकार्यता लगातार मजबूत हो रही है। पिछले चार दिनों के स्टेशनवार आंकड़ों के अनुसार, हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर प्रतिदिन करीब 11 हजार यात्रियों की आवाजाही दर्ज की गई। वहीं, चारबाग मेट्रो स्टेशन पर प्रतिदिन लगभग 10 से 11 हजार यात्रियों ने सफर किया। इसके अलावा विश्वविद्यालय और अमौसी मेट्रो स्टेशनों



पर प्रतिदिन करीब 7 से 8 हजार यात्रियों की आवाजाही रही, जबकि सिंगार नगर स्टेशन पर यह संख्या 6 से 7 हजार के बीच दर्ज की गई। त्योहारी खरीदारी और शहर में बढ़े यातायात के बीच मेट्रो लोगों के लिए तेज, सुविधाजनक और समयबद्ध यात्रा का विकल्प बनी रही।

यूपीएमआरसी का ऑपरेशंस एवं जनसंपर्क विभाग हर महीने औसतन 300 जागरूकता एवं जनसंपर्क गतिविधियां आयोजित कर रहा है। इन अभियानों के माध्यम से लोगों को मेट्रो सेवा के लाभों और सार्वजनिक परिवहन अपनाने के लिए जागरूक किया जाता है। इसके साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। यात्रियों को मेट्रो की सुविधाओं, सुरक्षित यात्रा, समय की बचत और डिजिटल टिकटिंग जैसी सुविधाओं की जानकारी देकर अधिक से अधिक लोगों को मेट्रो से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। लखनऊ में त्योहारी सीजन के दौरान बाजारों और प्रमुख मार्गों पर यातायात का दबाव काफी बढ़ जाता है। ऐसे में मेट्रो यात्रियों को सड़क के जाम से बचाते हुए निर्धारित समय पर गंतव्य तक पहुंचने का विकल्प उपलब्ध करा रही है। मेट्रो का समयबद्ध और विश्वसनीय संचालन नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और अन्य यात्रियों के लिए सुविधाजनक साबित हो रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल टूर्नामेंट कॉनकार्ड - 2026 का समापन

लखनऊ। सीएमएस के स्टेशन रोड कैम्पस के तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल टूर्नामेंट कॉनकार्ड-2026 के बालिका वर्ग में विद्या ज्ञान स्कूल, सीतापुर ने चैम्पियनशिप ट्राफी अपने नाम की जबकि बालक वर्ग में अमेनिटी पब्लिक स्कूल, उत्तराखंड ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर चैम्पियनशिप ट्राफी अपने नाम की। फाइनल मैच के बाद सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित कॉनकार्ड-2026 के समापन समारोह में विजेता एवं उप-विजेता टीमों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया। इसके अलावा, देश-विदेश की विभिन्न टीमों के होनहार बाल खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर, सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर, सर्वोच्च स्कोरर आदि विभिन्न पुरस्कारों से नवाजा गया।

दीपावली से पहले प्रदेश के शिक्षामित्रों का मानदेय अटका

- नई भुगतान प्रणाली की लेटलतीफी बनी मुसीबत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के लगभग 1.43 लाख शिक्षामित्रों के सामने इस बार दीपावली का पावन पर्व फीका रहने का खतरा मंडरा रहा है। भुगतान की नई प्रशासनिक प्रणाली के तकनीकी पेंच और सुस्त रफ्तार के कारण प्रदेश के कई जिलों में दीपावली से पहले शिक्षामित्रों को उनके मानदेय का भुगतान मिलने की उम्मीद न के बराबर है, जिससे शिक्षामित्र परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

पूर्व में शिक्षामित्रों का मानदेय भुगतान पी.एफ.एम.एस. पोर्टल के माध्यम से किया जाता था। इस पुरानी व्यवस्था में बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से बिल बैंक में पहुंचते ही मात्र 24 घंटे के भीतर मानदेय शिक्षकों के खातों में पहुंच जाता था लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा सितंबर माह से लागू की गई नई भुगतान प्रणाली 'एसएनए-स्पर्श' के आने के बाद प्रक्रिया बेहद जटिल और लंबी हो गई है। इस नई प्रणाली के तहत ट्रेजरी से टोकन प्राप्त होने के बाद भुगतान की प्रक्रिया में अब 10 से 15 दिन तक का लंबा समय लग रहा है, जिससे समय पर मानदेय मिल पाना असंभव सा हो गया है।

दीपावली जैसे बड़े और महत्वपूर्ण त्योहार पर भी मानदेय न मिलने से उन परिवारों पर क्या बीतेगी, जिनकी आजीविका का एकमात्र साधन यही मानदेय है। समय पर वेतन/मानदेय न मिलने से बच्चों की खुशियों और त्योहार की तैयारियों पर पानी फेर दिया है।

प्रदेश के प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रदेश संगठन मंत्री के कौशल कुमार सिंह ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि इस गंभीर समस्या का तत्काल संज्ञान लेकर दीपावली के पावन पर्व को देखते हुए विशेष व्यवस्था के तहत तुरंत ट्रेजरी टोकन जारी करवाए जाएं और मैनुअल या त्वरित माध्यम से मानदेय का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

6 मण्डल मुख्यालयों पर दो-दो पालियों में होगी आयोजित

विशेष संवाददाता (vol)

- प्रदेश में सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा 19 व 20 नवम्बर को
- कल से आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी परीक्षा जिले की अग्रिम सूचना

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा विज्ञापित सहायक आचार्य पद के लिए लिखित परीक्षा आगामी 19 एवं 20 नवम्बर 2026 को प्रदेश के 06 मण्डल मुख्यालयों पर आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा आगरा, मेरठ, गोरखपुर, लखनऊ, प्रयागराज एवं वाराणसी के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर दो-दो पालियों में पूर्ण शुचिता, निष्पक्षता एवं पारदर्शी व्यवस्था के साथ संपन्न कराई जाएगी। इसके तहत दोनों दिन प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वाह्न 09:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 02:30 बजे से शाम 04:30 बजे तक संचालित होगी। उल्लेखनीय है कि इस पद हेतु विज्ञापन विगत 08 सितम्बर 2026 को प्रकाशित किया गया था।

इस परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों के परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना संबंधी विवरण आयोग की आधिकारिक वेबसाइट 08 नवम्बर से जारी कर दिया जाएगा। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ (होमपेज) पर उपलब्ध लिंक पर जाकर अपनी वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए आवंटित परीक्षा जनपद की अग्रिम जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, जिससे वे अपनी यात्रा एवं आवागमन की व्यवस्था समय रहते सुगमतापूर्वक सुनिश्चित कर सकें।

आयोग के उप सचिव संजय कुमार सिंह ने बताया कि 08 नवम्बर को प्रदर्शित होने वाला विवरण केवल परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना है और यह परीक्षा का अधिकृत प्रवेश पत्र नहीं है। परीक्षा के लिए वैध प्रवेश पत्र आयोग की उक्त वेबसाइट के माध्यम से 15 नवम्बर 2026 से डाउनलोड किए जा सकेंगे।

एनआईओएस से उत्तीर्ण सेवारत शिक्षकों को आवेदन का अवसर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा विज्ञापित सहायक अध्यापक, नगरीय बेसिक शिक्षा विभाग तथा सहायक अध्यापक सम्बद्ध प्राइमरी (अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय) माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत सेवारत एनआईओएस डीएलएड शिक्षकों को ऑनलाइन आवेदन का अंतरिम अवसर प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय द्वारा याचिका रिट 'ए' संख्या-11920/2026 (अभिषेक पाठक व 44 अन्य बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन व अन्य) में दिनांक 05 नवम्बर 2026 को पारित आदेश के अनुपालन में ऐसे सभी सेवारत अध्यापक, जो एनआईओएस द्वारा प्रदत्त डीएलएड-डीडीएल उत्तीर्ण हैं।

भाजपा की प्रीपेड पार्टियों से सावधान रहना है

सपा अध्यक्ष ने विभिन्न जिलों से कार्यकर्ताओं को दी नसीहत

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा द्वारा सपा को बदनाम करने की साजिश की जा रही है। भाजपा झूठा प्रचार के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। भाजपा के साथ कई और दल है जो सपा के खिलाफ षडयंत्र करने में लगे है। कुछ को मैसेज कहीं से आता है तो कुछ का ओटीपी कहीं और है। भाजपा की प्रीपेड पार्टियों से सावधान रहना है। भाजपा ने दस साल में प्रदेश की जनता के लिए कोई काम नहीं किया। सभी को धोखा दिया। जनता भाजपा के कुशासन से त्रस्त है।

पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ पर शुक्रवार को विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में आये कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने उत्तर प्रदेश को बर्बाद कर दिया है। विधानसभा चुनाव में जनता सपा की सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को धैर्य से काम लेना



है। सभी के साथ अच्छा और शिष्ट व्यवहार करना चाहिए। भाजपा के उकसावे की राजनीति में नहीं आना है। कार्यकर्ता और नेता पार्टी की नीतियों कार्यक्रमों को लेकर जनता के बीच में रहे। जनता के सुख-दुःख में शामिल रहे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा की बेईमानी नहीं चलेगी। बूथ-बूथ पर पीडीए प्रहरी मुस्तैद रहेंगे। यूपी ही लोकतंत्र और संविधान को बचाएगी। जो लोग उत्तर प्रदेश के रास्ते सत्ता में आये हैं वे यूपी के रास्ते ही सत्ता से बाहर जाएंगे। लोकतंत्र का रास्ता जनता के द्वारा जनता के लिए है। लोकतंत्र कभी खत्म नहीं हो सकता है।

अखिलेश यादव ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव बहुत महत्वपूर्ण चुनाव है। यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है। विधानसभा चुनाव में जो जीत सकता है, उसी को लड़ने का दावा करना चाहिए। पार्टी का लक्ष्य सरकार बनाकर प्रदेश की बिगड़ी व्यवस्था को सुधारने का है। उत्तर प्रदेश को फिर विकास और रोजगार के रास्ते पर ले जाना है। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने सभी को दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी को अच्छाई सीखना चाहिए। एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए। किसी का अपमान नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंधेरे का अंधेरा और बुराई को बुराई नहीं खत्म कर सकती है। अखिलेश यादव ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से अपील की है कि 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में 27 हजार वोट बढ़ाएं। कार्यकर्ता और नेता सतर्क रहें।

दो आईएएस की जिम्मेदारियों में बदलाव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक स्तर पर दो आईएएस अधिकारियों की जिम्मेदारियों में बदलाव किया गया है। भवानी सिंह खंगारौत को गन्ना आयुक्त बनाया गया है, जबकि मिनिष्ती एस को सचिव वित्त की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस फेरबदल के साथ दोनों अधिकारियों को नई तैनाती दी गई है। नई जिम्मेदारियों के तहत गन्ना विभाग की कमान भवानी सिंह खंगारौत संभालेंगे। वहीं, मिनिष्ती एस वित्त विभाग में सचिव के रूप में कार्यभार देखेंगी।

गुजरात के कारोबारी से राजधानी में 1.23 करोड़ का खुलासा

वादी ही निकला मास्टरमाइण्ड, आशियाना में 25 अक्तूबर को दर्ज हुआ था मुकदमा

विशेष संवाददाता (vol)



- डेढ़ करोड़ की लूट का खुलासा पांच गिरफ्तार
- नकदी, हथियार व मंहगे मोबाइल फोन बरामद

लखनऊ। राजधानी में गुजरात के कारोबारी से हुई करोड़ों रुपये की लूट की वारदात का आशियाना पुलिस और क्राइम टीम ने खुलासा किया है। चौंकाने वाली बात यह है कि जिस कारोबारी ने खुद को लूट का शिकार बताया था, पुलिस जांच में वही इस पूरी साजिश में शामिल निकला। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि गुजरात में दबिश देकर तीन अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कुल एक करोड़ 23 लाख रुपये, वारदात में इस्तेमाल कार, दो बाइक, तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं।

पुलिस के मुताबिक, गुजरात के मेहसाणा जनपद के खेरालू थाना क्षेत्र निवासी प्रग्नेश कुमार अमृतलाल रजगोल ने 24 अक्टूबर 2026 को शिकायत की थी कि वह अपने मालिक के रुपये लेकर क्रेटा कार से लखनऊ आया था। इसी दौरान दो बाइक सवार बदमाशों ने उसके रुपये लूट लिए। शिकायत के आधार पर 25 अक्तूबर को आशियाना थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आशियाना पुलिस और क्राइम टीम ने तीन अलग-अलग टीमें गठित कर लुटेरों की तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने औरंगाबाद अंडरपास के पास घेराबंदी की। यहां दो अलग- अलग बाइक से आते दिखे संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया तो वे भागने लगे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर सुमित यादव उर्फ कल्लू (24) निवासी फिरोजाबाद और सत्यम (20) निवासी मैनपुरी को दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से 59 लाख रुपये, सोने की मुहर, दो मोबाइल फोन और दो बाइक हुई। इनमें एक बाइक वारदात में इस्तेमाल की गई थी, जबकि एक बाइक लूट की रकम से खरीदी गई थी।

पूछताछ में खुला साजिश का राज

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि वारदात की योजना बनाने में चिराग सिंह यादव निवासी फिरोजाबाद की भूमिका थी। वहीं गुजरात के जय कुमार पटेल और यश कुमार समेत शिकायतकर्ता प्रग्नेश कुमार भी इस साजिश में सह अभियुक्त के रूप में शामिल पाए गए। इसके बाद लखनऊ पुलिस की एक टीम गुजरात पहुंची और जय कुमार पटेल, यश कुमार तथा शिकायतकर्ता प्रग्नेश कुमार को गिरफ्तार किया। इनके पास से 64 लाख रुपये और वारदात में इस्तेमाल कार बरामद हुई। इस तरह पुलिस ने कुल 1 करोड़ 23 लाख रुपये की बरामदगी की है। साथ ही लूट से खरीदे हुए मोबाइल और अन्य सामान भी बरामद किया है।

यातायात जाम का स्थायी समाधान एससीआर के सुनियोजित विस्तार में

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में लखनऊ ने स्वच्छता और टिकाऊ विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2026 में दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में लखनऊ ने 200 में से 198 अंक पाकर पहला स्थान प्राप्त किया। वर्ष 2017-18 के बाद पीएम 10 स्तर में 46.64% की कमी आई है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 1.6 लाख से अधिक रूफटॉप सोलर संयंत्रों के साथ लखनऊ देश में अग्रणी है। इसी तेज विकास के साथ बढ़ते यातायात दबाव के स्थायी समाधान के लिए सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पांच सुझाव दिए।

इसमें लखनऊ में लगभग 32.5 लाख पंजीकृत वाहन हैं; हर वर्ष करीब 1.2 से 1.5 लाख वाहन और जुड़ते हैं। लगभग 1.33 लाख ई-रिक्शा भी शहर में संचालित हैं। प्रमुख मार्गों पर रोजाना जाम लगता है और शाम 5 से 8 बजे के बीच स्थिति सबसे गंभीर रहती है। शहर के भीतर सड़कें चौड़ी करना पर्याप्त नहीं होगा। छह जिलों, लगभग 26,000 वर्ग किलोमीटर और तीन करोड़ से अधिक आबादी वाले राज्य राजधानी क्षेत्र के साथ लखनऊ का नियोजित विकास किया जाए। किसान पथ से आगे कार्यालय, वाणिज्यिक और रोजगार केंद्र विकसित हों। चुनिंदा सरकारी कार्यालयों को वहां स्थानांतरित कर रोजाना के आवागमन का दबाव पुराने शहर से बाहर बांटा जाए। रेल और समर्पित बस कॉरिडोर से लखनऊ को पड़ोसी जिलों तथा नए केंद्रों से जोड़ा जाए।

छहों जिलों में भूमि उपयोग, परिवहन और विकास की एकीकृत योजना बने और समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए जवाबदेह प्राधिकरण हो। डॉ. सिंह ने कहा कि ये सुझाव उनके पूर्व में प्रस्तुत 20-वर्षीय समेकित यातायात प्रबंधन एवं शहरी गतिशीलता रोडमैप को आगे बढ़ाते हैं। लखनऊ का विकास एक जुड़े हुए क्षेत्र के रूप में होना चाहिए।

सरोजनीनगर हमारा परिवार, हर चेहरे पर मुस्कान हमारा संकल्प : डॉ. राजेश्वर सिंह



लखनऊ। सरोजनीनगर हमारा परिवार है और परिवार के हर सदस्य के चेहरे पर मुस्कान बनी रहे, यही हमारा प्रयास है। इसी भावना के साथ आज राजा बिजली पासी (द्वितीय वार्ड) में पार्षद प्रतिनिधि लवकुश रावत के आवास पर आयोजित चाय पर चर्चा एवं जनसंवाद कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठजनों, मातृशक्ति एवं सम्मानित नागरिकों के साथ आत्मीय संवाद किया। इस अवसर पर सभी को दीपावली एवं धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। जनसंवाद के दौरान क्षेत्रवासियों की विभिन्न समस्याओं एवं आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना गया तथा कुल 42 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मुख्य रूप से सड़क एवं नाली निर्माण, राजस्व विभाग से संबंधित प्रकरण, सो

ओडीओपी बना आत्मनिर्भरता का आधार

विशेष संवाददाता (vol)



- दीपावली पर स्थानीय हुनर और कारोबार को मिली नयी ताकत
- 75 जिलों के पारंपरिक उत्पादों को मिल रही वैश्विक पहचान

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की विकास रणनीति बड़े उद्योगों और निवेश के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने पर भी केंद्रित है। वर्ष 2018 में शुरू की गई एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना आज प्रदेश के पारंपरिक उद्योगों, कारीगरों और छोटे उद्यमियों के आर्थिक सशक्तीकरण का मजबूत माध्यम बन चुकी है। दीपावली के अवसर पर स्थानीय उत्पादों की बढ़ती मांग ने इस पहल को और मजबूती दी है।

मिट्टी के दीये, टेराकोटा कलाकृतियां, हस्तशिल्प, पारंपरिक वस्त्र और सजावटी सामान की खरीदारी से स्थानीय कारीगरों और छोटे कारोबारियों को बड़ा बाजार मिला है। ओडीओपी के तहत प्रदेश के सभी 75 जिलों के विशिष्ट उत्पादों को चिह्नित कर उन्हें संरक्षण, प्रोत्साहन और बाजार उपलब्ध कराने की पहल की गई। वाराणसी की बनारसी साड़ी, लखनऊ की चिकनकारी, कन्नौज का इत्र, मुरादाबाद के पीतल उत्पाद, भदोही की कालीन, फिरोजाबाद का कांच उद्योग, सहारनपुर की लकड़ी की नक्काशी और गोरखपुर की टेराकोटा कला को नई पहचान मिली है। सरकार ने योजना को वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण, तकनीकी उन्नयन, आधुनिक पैकेजिंग, ब्रांडिंग और विपणन से जोड़कर पारंपरिक उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराया है।

दीपोत्सव के दौरान स्थानीय उत्पादों की बढ़ी खरीदारी से ओडीओपी से जुड़े कारीगरों और उद्यमियों को विशेष लाभ मिल रहा है। लखनऊ के डालीबाग स्थित खादी भवन परिसर में आयोजित माटी कला महोत्सव में 40 से अधिक स्टॉल लगाए गए, जहां मिट्टी के दीये, लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाएं और अन्य सजावटी उत्पाद लोगों के आकर्षण का केंद्र बने। प्रदेश भर से आए कारीगरों और उद्यमियों को यहां अपने उत्पादों की बिक्री के साथ-साथ मार्केटिंग का भी बेहतर मंच मिला। वहीं, यूपीआईटीएस-2025 में ओडीओपी के 466 स्टॉल के माध्यम से 20.77 करोड़ रुपये के बिजनेस लीड और डील प्राप्त हुई। सोशल मीडिया और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिए भी ओडीओपी उत्पादों का प्रचार और बिक्री लगातार बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के तहत ओडीओपी को स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार से जोड़ा गया। ओडीओपी मार्जिन मनी योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2018-19 से अब तक 21 हजार से अधिक लाभार्थियों को सहायता दी गई है। इस दौरान 8 हजार करोड़ रुपये से अधिक की मार्जिन मनी जारी की गई और 3.5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। प्रदेश का कुल निर्यात भी वर्ष 2017-18 के करीब 88 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2025-26 में 2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार वोकल फॉर लोकल के मंत्र के जरिए स्वदेशी उत्पादों और स्थानीय उद्यमों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने धनतेरस और धन्वंतरि जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों से ओडीओपी उत्पादों को उपहार के रूप में चुनने और लोकल वाली दिवाली मनाने की अपील की।

मुख्यमंत्री का कहना है कि ओडीओपी उत्पाद की एक खरीदारी किसी हुनरमंद परिवार के जीवन में स्वावलंबन और सम्मान का दीप जला सकती है। ओडीओपी पहल ने प्रदेश के स्थानीय हुनर को नई पहचान, कारीगरों को सम्मान, छोटे उद्यमियों को बाजार और युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं। यह योजना साबित कर रही है कि पारंपरिक कला, स्वदेशी उत्पाद भी प्रदेश के आर्थिक विकास का मजबूत आधार बन सकते हैं।

सारेगामापा के प्रतिभागी दुर्गेश यादव को मिलेगा खास तोहफा



लखनऊ। किसी कलाकार के सफर में उसके गुरु का आशीर्वाद और मार्गदर्शन बेहद अहम होता है। गुरु की सीख और उनका साथ हर कामयाबी को और भी खास बना देता है। संगीत प्रोत्साहन और अपनेपन के इसी जज्बे को दिखाते हुए जी टीवी का सारेगामापा 2026 अपने आने वाले दिवाली स्पेशल एपिसोड में एक ऐसा ही भावुक पल लेकर आ रहा है। हिंदुस्तान का संगीतस्तान बनने के अपने वादे पर खरा उतर रहा यह मशहूर सिंगिंग रियलिटी शो कंटेस्टेंट दुर्गेश यादव के लिए एक यादगार सरप्राइज पेश करेगा। इस खास मौके पर उनके गुरु पंडित गिरिजाशंकर त्रिपाठी भी मौजूद रहेंगे, जिससे दिवाली का यह जश्न और भी खास बन जाएगा।

दुर्गेश लंबे समय से चाहते थे कि उनके गुरु शो में आकर उन्हें आशीर्वाद दें, लेकिन कई कोशिशों के बावजूद ऐसा नहीं हो पा रहा था। दुर्गेश के लिए इस मुलाकात की अहमियत समझते हुए सा रे गा मा पा की टीम ने खास पहल की और उनके गुरु को सेट पर बुलाकर उन्हें सरप्राइज दिया। पंडित गिरिजाशंकर त्रिपाठी जी से बातचीत के दौरान जजों ने उनके परिवार के बारे में भी पूछा। इस दौरान पता चला कि दुर्गेश उत्तर प्रदेश के छोटे से कस्बे मऊ के रहने वाले हैं। उनके परिवार के पास खेती की थोड़ी सी जमीन है और खेती करके ही घर का गुजारा चलता है। उनके गुरु ने यह भी बताया कि दुर्गेश के घर में टीवी तक नहीं है जिस पर उनका परिवार उन्हें सा रे गा मा पा में गाते हुए देख सके।

सरकारी डॉक्टरों के निजी प्रैक्टिस पर रोक के लिए सभी आवश्यक कदम उठायें

- तुलसीपुर सीएचसी में पुलिस हिरासत के मरीज की मौत की जांच के आदेश

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य व परिवार कल्याण को आदेश दिया है कि वह सरकारी डॉक्टरों के निजीप्रैक्टिस पर रोक के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश सरकारी डॉक्टर (एलोपैथिक) निजी प्रैक्टिस पर प्रतिबंध नियमावली, 1983 के नियम-3के अनुपालन कीनिगरानी एक सतत प्रक्रिया की तरह होनी चाहिए। इसके साथ ही न्यायालय ने बलरामपुर जनपदके तुलसीपुर सीएचसी में पुलिस हिरासत में ले जाए गए एक व्यक्ति की मृत्यु के मामलेमें जांच के आदेश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 21 दिसंबर को होगी।

न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्तिमंजीव शुक्ला की पीठ ने अंकुर मिश्रा की जनहित याचिका पर ये आदेश दिए। याचिका कीपोषणीयता पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की ओर से पेश अधिवक्ता ने आपत्ति उठायीलेकिन न्यायालय ने इसे सिरे से खारिज करते हुए कहा कि एनएचएम को तकनीकी आपत्तिउठाने के बजाय पहले यह देखना चाहिए था कि क्या वास्तव में ऐसी अनियमितता हो रही है और यदि हो रही है तो उसे रोकने की जिम्मेदारी किसकी है।

वहीं राज्य सरकार की ओर सेबताया गया कि वर्ष 2025 में कुछ डॉक्टरों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरूकी गई थी और कुछ को निलंबित भी किया गया था। न्यायालय ने ऐसी कार्यवाहियों केपरिणाम को भी रिकॉर्ड पर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

सुनवाई के दौरान दाखिल पूरक शपथपत्र में बलरामपुर निवासी रंजीत सैनी की पुलिसहिरासत के दौरान तबीयत बिगड़ने और बाद में मृत्यु होने का मामला भी उठाया गया।याचिका में आरोप लगाया गया कि तबीयत बिगड़ने पर उसे उचित और तत्काल चिकित्सासुविधा देने के बजाय सीएचएसी के एक कमरे में बंद कर दिया गया। बार-बार मदद कीगुहार लगाने के बावजूद उसे चिकित्सा सहायता नहीं मिली और कुछ ही घंटों में उसकीमौत हो गई। कहा गया कि घटना के संबंध में पुलिसकर्मी रमेश और देवाशीष मिश्रा कोनिलंबित किया गया, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की ओर से अस्पताल के कर्मचारियों और अधिकारियों केविरुद्ध कोई कार्रवाई या जांच नहीं की गई। इस पर न्यायालय ने महानिदेशक को जांच कर अगली सुनवाई तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

ईसीएचएस हॉस्पिटल में कॉन्क्लेव आयोजित



लखनऊ। मुख्यालय मध्य कमान उत्तर प्रदेश सब एरिया द्वारा ईसीएचएस वार्षिक हॉस्पिटल कॉन्क्लेव 2026 का आयोजन किया गया। इसमें पैनल अस्पतालों, पूर्व सैनिक समुदाय और ईसीएचएस से जुड़े लगभग 300 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कॉन्क्लेव की अध्यक्षता मेजर जनरल मनीष कुकरेती, जीओसी मध्य उत्तर प्रदेश सब एरिया ने की। चर्चा में समन्वय मजबूत करने, त्वरित स्वास्थ्य सेवाओं तथा पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों के लिए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। आयोजन में पूर्व सैनिक स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने की साझा प्रतिबद्धता को दोहराया।

पीजीआई कर्मी के सड़क हादसे में निधन पर साथियों ने बढ़ाया मदद की हाथ

लखनऊ। पीजीआई के आउटसोर्स लैब टेक्नीशियन मनोज कुमार की सड़क हादसे में असामयिक मौत के बाद उनके परिवार की मदद के लिए साथी कर्मचारी आगे आए हैं। मनोज के परिवार में बुजुर्ग मां, दो छोटे भाई और एक बेटी हैं और पिता का साया पहले ही उठ चुका था। परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष धर्मेश कुमार और महामंत्री सीमा शुक्ला ने व्हाट्सएप के जरिए आर्थिक सहयोग की अपील की। इस पहल पर वर्तमान व सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने दिल खोलकर मदद पहुंचाई, जो मानवता की एक बड़ी मिसाल बन गयी।

कैंसर संस्थान में एमडी पाठ्यक्रम को हरी झंडी

लखनऊ। चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर संस्थान में अब इलाज के साथ-साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों की फौज भी तैयार की जाएगी। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने संस्थान के रेडिएशन आंकोलॉजी विभाग को एमडी पाठ्यक्रम की पढ़ाई के लिए आधिकारिक मान्यता दे दी है। आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से एमडी रेडिएशन ऑन्कोलॉजी की 5 सीटों पर दाखिले की प्रक्रिया शुरू होगी। संस्थान के निदेशक डॉ. एमएलबी भट्ट ने एनएमसी से मिली इस पंजीकरण स्वीकृति पर खुशी जताते हुए इसे पूरे संस्थान के लिए गौरव का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि 5 सीटों पर एमडी दाखिले शुरू होना संस्थान की शैक्षणिक और चिकित्सकीय क्षमताओं पर मुहर लगाता है। यह सफलता डॉक्टरों, शिक्षकों व कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का प्रतिफल है।

बलरामपुर अस्पताल में हुई धन्वंतरि पूजा



लखनऊ। राजधानी स्थित बलरामपुर चिकित्सालय में शुक्रवार को चिकित्सा जगत के आराध्य देव भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना एवं आरती विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर निदेशक डॉ. बीकेएस चौहान और सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने पूजन कर मरीजों के जल्द स्वस्थ होने और सभी देशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम में प्रभारी अधिकारी फार्मेसी जे.के. सचान, चीफ फार्मासिस्ट राजीव कुमार व डॉ. राजीव शर्मा सहित तमाम चिकित्सक और कर्मचारी मौजूद रहे।

नोएडा चाइल्ड पीजीआई के निदेशक बने डॉ. जेडी रावत

लखनऊ। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. जेडी रावत को नोएडा स्थित बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान (चाइल्ड पीजीआई) का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। राज्यपाल की स्वीकृति मिलने के उपरांत चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इस संबंध में औपचारिक आदेश जारी कर दिया है। डॉ. रावत का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तिथि से पांच वर्ष अथवा 70 वर्ष की आयु पूरी होने तक, जो भी पहले हो, मान्य रहेगा। नोएडा स्थित चाइल्ड पीजीआई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बाल चिकित्सा का प्रमुख केंद्र माना जाता है।



पुलिस ने की दीपावली पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था

लखनऊ। पुलिस ने राजधानी में प्रकाश पर्व पर धनतेरस व दीपावली के अवसर पर कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा यातायात को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ने चाक-चौबंद सुरक्षा योजना तैयार की है। कमिश्नरेट के सभी जोन, सर्किलों और थानों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गयी है।

धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाला गिरफ्तार

लखनऊ। गुडम्बा पुलिस ने नाबालिग बालिका को परेशान करने व धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि 25 जून को पीड़िता निवासी थाना गुडम्बा 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। उनका आरोप था कि अभियुक्तगण द्वारा उनकी नाबालिग पुत्री को स्कूल आने-जाने के दौरान परेशान तथा डराया-धमकाया गया। विवेचना के दौरान पीड़िता के बयानों में अभियुक्त द्वारा फोटो/वीडियो के माध्यम से ब्लैकमेल करने तथा हिन्दू धर्म छोड़कर मुस्लिम धर्म अपनाने एवं विवाह करने का दबाव बनाने संबंधी तथ्य भी प्रकाश में आये। अभियुक्त मो. सईद उर्फ चिड्डा (33) को गुडम्बा पुलिस ने गिरफ्तारकर लिया है।

फर्जी बैनामा कर साढ़े 43 लाख रुपये हड़पे

लखनऊ। पीजीआई इलाके में सरकारी और बैंक में बंधक जमीन को फर्जी बैनामे से बेचकर साढ़े 43 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने रिटायर सैन्यकर्मी बताने वाले आरोपी, उसकी पत्नी, बेटे व अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, मारपीट व धमकी की एफआईआर कराई है। पीड़ित संजय का आरोप है कि मनोज ने सरोजनी नगर तहसील के तहत खरिका ग्राम में अपनी साइट में कम कीमत पर मकान होने की जानकारी दी। 31 जुलाई 2021 को खसरा संख्या 821 में 850 वर्गफुट स्थित मकान नीलम देवी से साढ़े 43 लाख रुपए में क्रय किया गया। जब पीड़ित मकान का कब्जा लेने पहुंचा तो मनोज अपने साथियों के साथ मौके पर मौजूद था। उसने गालियां देते हुए मारपीट कर भगा दिया।

25 हजार का इनामी हैदर अली गिरफ्तार

लखनऊ। क्राइम टीम पूर्वी जोन व थाना गाजीपुर पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनामी अभियुक्त हैदर अली को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से छीनी गई चेन व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। पुलिस के अनुसार 17 अक्टूबर को अंजनी सिंह पुत्री के साथ स्कूटी से राम मनोहर लोहिया अस्पताल से वापस घर जा रही थीं।

सड़क हादसों में तीन की मौत, पांच घायल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरोजनीनगर क्षेत्र में शुक्रवार तड़के एक स्कॉर्पियो आगे चल रही डीसीएम में पीछे से घुस गई। हादसे में स्कॉर्पियो में सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि पांच लोगों की हालत गंभीर है। हादसा इतना भीषण था कि डीसीएम के पिछले चार चक्के गाड़ी से अलग होकर बाहर निकल गए। स्कॉर्पियो सवार लोग झांसी से अपने गृह जनपद देवरिया के लिए जा रहे थे। स्कॉर्पियो में छह लोग सवार थे। पांच लोगों का इलाज लोकबंधु अस्पताल में चल रहा है। उधर, विभूतिखंड थाना क्षेत्र में पिकप वाहन बाइक से टकरा गया, जिसमें बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक, देवरिया जिले के सलेमपुर थाना क्षेत्र के शंकर नगर मझौली निवासी हिमांशु (22), किशोर कुमार (25), सुधीर (23), सतीश (24), हीरा (25) और अच्छेलाल (27) स्कॉर्पियो से झांसी से घर लौट रहे थे। वे कानपुर एक्सप्रेसवे से जा रहे थे। स्कॉर्पियो किशोर कुमार चला रहा था।

शुक्रवार तड़के करीब 03 बजे वे लोग सरोजनीनगर में दरोगा खेड़ा के पास एलिवेटेड एक्सप्रेसवे से उतरकर कानपुर रोड पर पहुंचे। उसी दौरान स्कॉर्पियो आगे जा रही डीसीएम में पीछे से जा घुसी। टक्कर के बाद स्कॉर्पियो क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी लोग अंदर फंस गए। पुलिस सभी घायलों को लोकबंधु अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने हिमांशु को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद डीसीएम चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग गया।

उधर, विभूतिखंड थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में दो लोगों की जान चली गयी। बताया जा रहा है कि शुक्रवार प्रातः लगभग 09:50 बजे पिकप फ्लाईओवर के आगे पॉलिटेक्निक की तरफ जाने वाले मार्ग पर अपोजिट पराग डेयरी, वेव चौकी के पास पल्सर मोटरसाइकिल से टकरा गया, जिसमें बाइक सवार दो युवक आरिफ पुत्र अनीश (20) व फैजू पुत्र खलील (15) निवासी गुलजार नगर ऐशबाग थाना बाजारखाला की मौत हो गयी। बताते हैं कि हादसे के दौरान ही मोटरसाइकिल सीएनजी पंप के सिलेंडर लदी आईसर डीसीएम से भी टक्कर हो गई। सड़क दुर्घटना केबाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार केलि, लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषितकर दिया।

पुलिस लाइन में तैनात आरक्षी की उपचार के दौरान मौत



लखनऊ। रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात आरक्षी की उपचार के दौरान मौत हो गयी। उसे सीने में दर्द की शिकायत थी। बताजा जा रहा है कि शुक्रवार प्रातः आरक्षी महेश कनौजिया (30) को सीने में दर्द की शिकायत हुई थी, जिसकी सूचना उनके द्वारा थाना अलीगंज में रात्रि ड्यूटी पर तैनात आरक्षी मिंटू एवं आरक्षी हरीश को दी गई। सूचना पर आरक्षी मिंटू द्वारा थाना अलीगंज की फर्स्ट मोबाइल से आरक्षी महेश कनौजिया को उपचार के लिए नीरा हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां से उन्हें अग्रिम उपचार के लिए लारी कार्डियोलॉजी सेंटर रेफर कर दिया गया। लारी कार्डियोलॉजी सेंटर में चिकित्सकों द्वारा ईसीजी जांच किए जाने के बाद आरक्षी महेश कनौजिया को मृत घोषित कर दिया गया। वह वर्ष 2018 बैच के सिपाही थे। मूलरूप से ग्राम जफरपुर, पोस्ट उमरी बेगमगंज, थाना उमरी बेगमगंज, जनपद गोंडा निवासी थे और वर्तमान में थाना अलीगंज की बैरक में निवास कर रहे थे।

बंदी की पत्नी ने मुलाकात के दौरान किया हंगामा

लखनऊ। जिला कारागार में निरुद्ध एक बंदी की पत्नी ने मुलाकात के दौरान हंगामा के कारण पति की बात न समझ पाने की शिकायत करते हुए वरिष्ठ जेल अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर दोबारा मुलाकात कराने की मांग की थी। वहीं, दोबारा मुलाकात को लेकर जेलकर्मियों पर मारपीट का आरोप भी लगाया गया है। पीड़िता का कहना है कि महिला व पुरुष जेलकर्मियों ने उसके साथ मारपीट की, जिससे उसके गले में चोट आई। इस संबंध में उसने गोसाईंगंज थाने में शिकायत दी है। दूसरी ओर, जेलर ऋत्विक प्रियदर्शी ने मारपीट के आरोपों से इन्कार किया है। उनका कहना है कि युवती नशे की हालत में थी और बंदी से एक बार मिल चुकी थी। दोबारा मिलने की जिद पर बंदी ने ही मिलने से मना कर दिया था।

दीपावली पर चिकित्सा संस्थान अलर्ट 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी इमरजेंसी सेवाएं

- डाक्टरों और पैरामेडिकल की विशेष ड्यूटी लगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार त्योहारों के दौरान सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष सतर्कता बरत रही है। इसको देखते हुए दीपावली के दौरान संभावित दुर्घटनाओं, आग लगने की घटनाओं, सड़क हादसों और अन्य आपात परिस्थितियों को देखते हुए सभी राजकीय एवं स्वशासी मेडिकल कॉलेजों, संबद्ध चिकित्सालयों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं।

सभी मेडिकल कॉलेजों एवं संबद्ध चिकित्सालयों में इमरजेंसी विभाग, ट्रॉमा सेंटर, आईसीयू, एनेस्थीसिया, सर्जरी और ऑपरेशन थिएटर सहित सभी चिकित्सा सेवाएं चौबीसों घंटे क्रियाशील रखी जाएंगी। सीएमओ डा. एनबी सिंह के अनुसार मरीजों का उपचार की प्राथमिकता के साथ अतिरिक्त बेड और चिकित्सा संसाधनों की व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं।

केजीएमयू के प्रवक्ता डा. केके सिंह ने बताया कि ट्रॉमा सेंटर, आईसीयू, बर्न यूनिट, एनेस्थीसिया, सर्जरी, मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभागों के चिकित्सकों, नर्सिंग कर्मियों, तकनीशियनों एवं अन्य कर्मचारियों का ड्यूटी रोस्टर तैयार किया गया है। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल के निदेशक डा. जीपी गुप्ता का कहना है कि ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त व्यवस्था भी उपलब्ध रखा जाएगा।

बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डा. बीकेएस चौहान के अनुसार रोस्टर अनुसार विशेषज्ञ डाक्टरों की ड्यूटी रहेगी। आलमबाग स्थित सौ शैय्या अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एसपी सिंह ने बताया कि डाक्टरों की विशेष ड्यूटी लगाने का काम पूरा हो चुका है। इसी प्रकार लोकबंधु, रानी लक्ष्मीबाई, वीरांगना अवंतीबाई महिला चिकित्सालय, महानगर स्थित भाऊराव देवरस अस्पताल को क्रियाशील रखा जाएगा।

शुद्ध ही शुभ है अभियान का असर, सुधार के बाद 86 प्रतिष्ठानों के लाइसेंस बहाल

लखनऊ। प्रदेश में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे शुद्ध ही शुभ है अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने जिन 112 खाद्य प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित किए थे, उनमें से 86 को जरूरी कमियां दूर करने और विभागीय सत्यापन में सुधार की पुष्टि होने के बाद दोबारा कारोबार की अनुमति दे दी गई है। विभाग का कहना है कि अभियान का उद्देश्य कारोबार बंद कराना नहीं, बल्कि खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराना है। 17 सितंबर से शुरू हुए अभियान के तहत 5 नवंबर तक प्रदेशभर में कुल 3,035 निरीक्षण किए गए। इस दौरान 112 प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित किए गए, जबकि सुधार योग्य कमियां मिलने पर 1,752 सुधार सूचना नोटिस जारी किए गए। जिन कारोबारियों ने विभागीय निदेशों के अनुसार कमियां दूर कीं, उनके लाइसेंस बहाल कर दिए गए।

अभियान के दौरान खाद्य कारोबारियों को निर्माण, भंडारण और बिक्री की प्रक्रिया में खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए।

लखनऊ में बीकानेरवाला, चंपारण, मोतीमहल डीलक्स, क्लब जलवा और रेबेल फूड जैसे प्रतिष्ठानों ने जरूरी सुधार करने के बाद दोबारा कारोबार की अनुमति प्राप्त की। विभाग के मुताबिक, लाइसेंस बहाल किए गए 86 प्रतिष्ठान इस बात का उदाहरण हैं कि कार्रवाई के बाद कारोबारियों ने अपनी कार्यप्रणाली में सुधार किया और मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की सचिव एवं आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने स्पष्ट किया कि अभियान का उद्देश्य किसी कारोबारी का उत्पीड़न करना या उसका कारोबार बंद कराना नहीं है। विभाग चाहता है कि प्रत्येक खाद्य कारोबारी खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का पालन करे। हालांकि, मिलावट करने, प्रतिबंधित रसायनों का इस्तेमाल करने और लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल कराने को संगठनों का लेंगे सहयोग

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के अंतर्गत प्रदेश के सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शत-प्रतिशत सम्मिलित कराने की मुहिम को अधिक से अधिक जनसहभागी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न शासकीय विभागों के साथ-साथ सामाजिक, व्यावसायिक एवं गैर सरकारी संगठनों का भी सहयोग लिये जाने के संबंध में समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि जनपदों में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों, निजी क्षेत्र के औद्योगिक संस्थान, रेजिडेन्ट वेलफेयर एसोसिएशन, जिला एवं तहसील बार एसोसिएशन, अधिवक्ता संगठन, नागरिक सुरक्षा संगठन, श्रमिक संगठन, व्यापारिक संगठन, चिकित्सा संघ एवं मेडिकल एसोसिएशन के साथ समन्वय स्थापित कर पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में पंजीकृत कराये जायें। सार्वजनिक उपक्रमों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत पात्र कार्मिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए कार्यस्थलों पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे। आवासीय सोसाइटी, बहुमंजिला अपार्टमेंट एवं कॉलोनियों में आरडब्ल्यूए के सहयोग से नए निवासियों, प्रथम बार मतदाता बनने वाले युवाओं तथा मतदाता सूची में नाम दर्ज न करा पाने वाले पात्र नागरिकों का पंजीकरण कराया जाएगा।

इसी प्रकार नागरिक सुरक्षा संगठनों के स्वयंसेवकों के सहयोग से नगरीय क्षेत्रों, घनी आबादी वाले मोहल्लों एवं मलिन बस्तियों में छूटे हुए पात्र नागरिकों को चिह्नित किया जाएगा। श्रमिक संगठनों के माध्यम से कारखानों, औद्योगिक क्षेत्रों एवं निर्माण स्थलों पर संगठित असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का पंजीकरण कराया जाएगा। व्यापारिक संगठनों के साथ बैठक कर उन्हें मतदाता जागरूकता एवं पंजीकरण हेतु सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा।

भाजपा सरकार ने प्रदेश की हवा को बना दिया जहरीला : आराधना मिश्रा मोना

लखनऊ। कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना विधायक ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि स्वतंत्र शोध संस्था सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर ने 5 नवंबर 2026 को इंडिया मंथली एम्बिएंट एयर क्वालिटी स्नैपशॉट - अक्टूबर 2026 रिपोर्ट जारी की है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों पर आधारित यह रिपोर्ट साफ बताती है कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को देश के सबसे प्रदूषित शहरों वाला प्रदेश बना दिया है। उन्होने कहा कि देश के दस सबसे प्रदूषित शहरों में से छह उत्तर प्रदेश के हैं। इसमें बड़ौत (बागपत), खोड़ा (गाजियाबाद), गजरौला (अमरोहा), गाजियाबाद, नोएडा (गौतमबुद्धनगर) और मेरठ। पहले तीनों स्थान भी उत्तर प्रदेश के ही हैं। श्रीमती मिश्रा ने कहा कि पीएम 2.5 हवा में तैरने वाले बेहद बारीक कण हैं, जो इंसान के बाल से लगभग 30 गुना पतले होते हैं। ये सांस के साथ सीधे फेफड़ों और खून तक पहुंच जाते हैं, और दमा, दिल व फेफड़ों की बीमारियों की बड़ी वजह बनते हैं। डब्लूएचओ के अनुसार हवा में इनकी मात्रा 15 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

एक हजार दीपों से जगमगायी मंडी

लखनऊ। धनतेरस के अवसर पर शुक्रवार शाम सीतापुर रोड मंडी एक हजार दीपों की रोशनी से जगमगा उठी। योगी सरकार की पहल पर संचालित ह्यस्वच्छ मण्डीझशुभ मण्डीह्न अभियान के अंतर्गत आयोजित दीपोत्सव में किसानों, व्यापारियों, आढ़तियों, पल्लेदारों और मंडी श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। दीपों की आकर्षक सजावट से पूरा मंडी परिसर उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक डॉ. नीरज बोरा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों एवं व्यापारियों को शॉल और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

मंडी समिति लखनऊ की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भगवान धन्वंतरि की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान किसानों, व्यापारियों, आढ़तियों, पल्लेदारों एवं मंडी से जुड़े सभी लोगों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। इसके उपरांत मंडी परिसर में दीप प्रज्ज्वलित कर स्वच्छता, समृद्धि और आपसी सहयोग का संदेश दिया गया।

त्योहारों से पूर्व भुगतान सुनिश्चित करें : स्वतंत्र देव

- आईईसी बिलों की जांच कराकर पात्र देयकों का शीघ्र भुगतान जारी करने के दिये निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार तक सुरक्षित एवं नियमित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रदेश सरकार निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शुक्



धनतेरस पर कार शोरूम पर चाभी लेते ग्राहक



सोने-चांदी के गहने खरीदती महिला



बर्तन की खरीदारी करती महिलाएं

फोटो-अमित वर्मा

धनतेरस पर खिला बाजार, चमका सोना-चांदी, खनके बर्तन

राजधानी में धनतेरस पर हुई धनवर्षा, लगभग 2800 करोड़ का हुआ कारोबार, शहर में दिखा जाम का असर





अनिल द्विवेदी (vol)

लखनऊ। धनतेरस के दिन राजधानी के सभी प्रमुख बाजारों में जमकर खरीदारी की गई। सुबह से लेकर रात तक सभी बाजार गुलजार रहे। ग्राहकों ने जमकर खरीदारी की। जिससे व्यापारियों के चेहरे भी खिल उठे। बाजार सुबह जल्दी खुल गए, देर रात तक लोग सोना, चांदी, प्लेटिनम, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स आइटम के साथ ही कपड़े और घरों को शानदार लुक देने वाले आइटम खरीदते दिखाई पड़े। ऑटोमोबाइल, ज्वेलरी, कपड़े और फर्नीचर शोरूम में अच्छी बिक्री होने से कारोबारियों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। मॉल और बाजारों में खरीदारों का तांता लगा रहा। आधी रात के बाद भी बाजार दमकते रहे। लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री ने बताया कि इस बार लगभग 2800 करोड़ का कारोबार हुआ।

ऑटोमोबाइलः 1500 करोड़ का कारोबारः धनतेरस के दिन सबसे अधिक धनवर्षा ऑटोमोबाइल बाजार में हुई। राजधानी में करीब 1500 करोड़ से ऊपर की गाड़ियां खरीदी गई। इसमें चार पहिया और दो पहिया दोनों शामिल हैं। गाड़ियों के शोरूम पर मौजूद ऑटो एक्स्पर्ट्स की माने तो दस हजार दो पहिया और ढाई से तीन हजार कारों की बुकिंग की गई। इनमें भी महंगी गाड़ियों की डिमांड रही। लैंड रोवर, बीएमडब्लू, एंडीवर, ऑडी, जगुआर, एसयूवी, फॉच्यूनर जैसी गाड़ियों के प्रति लोगों का आकर्षण रहा। दो पहिया वाहनों में बुलेट के प्रति खासा क्रेज देखने को मिला।

बर्तन बाजारः 220 करोड़ः राजधानी के सभी बाजारों में बर्तन बाजार में खूब भीड़ दिखी। सबसे अधिक भीड़ यहियागंज बर्तनबाजार में दिखी, यहां पर होल सेल व्यापारियों ने आज के दिन रिलेट काउंटर भी लगा रखे थे। ऐसे में यहां सुबह से देर रात तक लोग जमा रहे। स्टील के बर्तनों की डिमांड सबसे अधिक रही। चम्मच, डिजाइनर कटोरी, गिलास, टिफिन, पूजा की थालियों के साथ ही डिनर सेट की डिमांड रही। यहां पर दस रुपए से लेकर पांच हजार रुपए तक के आइटम की सेल खूब हुई। नॉन स्टिक तवा, कढ़ाई और प्रेशर कुकर को लोगों ने हाथों हाथ लिया।

कपड़ा बाजारः 150 करोड़ः अमीनाबाद, गणेशगंज के साथ ही हजरतगंज समेत राजधानी के विभिन्न इलाकों में खुले कपड़ों के ब्रांडेड शोरूम से लेकर सामान्य कपड़ों की दुकानों तक में लोग देर शाम तक नजर आए। जींस, ट्राउजर, शर्ट, कुर्ता पायजामा के साथ ही डिजाइनर लहंगा, चोली, सूट और पार्टी वियर साड़ीज खूब बिकी।

सर्राफा बाजार 550 करोड़ः सराफा बाजार में 550 करोड़ की बिक्री हुई। हमेशा की तरह धनतेरस सराफा बाजारों में सबसे अधिक चमक रही। सोना-चांदी की खरीदारी को शुभ मानने की प्रथा के चलते ग्राहकों ने खूब खरीदारी की। सराफा कारोबारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठानों को ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए सजा रखा था। दोपहर बाद सराफा बाजार में उमड़ी भीड़ देर रात जमी रही। अमीनाबाद, आलमबाग, चौक, गोमती नगर, हजरतगंज सहित अन्य प्रमुख सराफा बाजारों में ग्राहकों ने जोर-शोर से खरीदारी की।

इलेक्ट्रानिक्सः 250 करोड़ः एलईडी टीवी की डिमांड सबसे अधिक रही। दस हजार से लेकर एक लाख तक के टीवी हाथों हाथ बिके। इसके बाद मौसम की डिमांड को देखते हुए गीजर, वाटर प्यूरीफॉयर, फ्रिज, आयरन, रूम हीटर की भी जमकर खरीदारी हुई। लगभग 250 करोड़ की आइटम इसमें खरीदे गए। इसके अलावा कि मोबाइल, लैपटॉप, टैब और कम्प्यूटर भी खूब बिका। लगभग दस करोड़ रुपए से अधिक के आइटम धनतेरस के दिन बिके। मोबाइल के लिए श्रीराम टावर में दोपहर के बाद जब भीड़ उमड़नी शुरू हुई तो यहां रोड के सामने जाम लग गया। मोबाइल में जहां पांच हजार से लेकर बीस हजार रुपए तक वहीं लैपटॉप में तीस हजार वाले आइटम की डिमांड खूब रही।

मिठाईः 150 करोड़ः इस बार ड्राई फ्रूटस के आने वाले गिफ्ट हैम्पर की डिमांड खूब रही। पांच हजार से लेकर ढाई लाख तक के गिफ्ट हैंपर्स को ग्राहकों ने खूब पसंद किया। इसके अलावा शहर के प्रतिष्ठित दुकानों पर मिक्स मिठाई के रेट 600 से लेकर एक हजार तक पहुंच गए थे वहीं कुछ खास मिठाइयां 4 हजार रुपए तक बिकी।

महंगे सामान की खूब हुई बिक्रीः बाजार में महंगे सामान की खूब बिक्री हुई।



रुचि इलेक्ट्रानिक के मालिक नितीन अग्रवाल बताते हैं कि पिछली बाद दो कस्टमर जितना मिलके सामान खरीदते थे इस बार एक कस्टमर उतना सामान खरीद रहा है। उदाहरण के लिए ऐसे कई कस्टमर रहे हैं जो 40 हजार से ज्यादा के वाशिंग मशीन खरीद के ले जा रहे हैं।

परिवार व दोस्तों संग कार की डिलवरी लेने पहुंचे लोगः धनतेरस की खरीदारी में सबसे बड़ा उछाल ऑटोमोबाइल सेक्टर में देखने को मिला। नए वाहन को घर लाना सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में अपनी मनपसंद बाइक व कार की डिलीवरी लेने के लिए लोग परिवार व दोस्तों संग सुबह 10 बजे से ऑटोमोबाइल शोरूम पहुंच गये। वहीं विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भी ग्राहकों का स्वागत फूलो के गुलदस्ता देकर किया। इस दौरान किसी को गाड़ी की चाभी दी गई तो कई लोगों को बुकिंग डेट के बावजूद गाड़ी नहीं मिल सकी। उन्हें दो-तीन दिन बाद डिवीवरी देने का आश्वासन दिया गया। कारोबारियों के मुताबिक सीएनजी कारों का वेटिंग पीरियड 15-20 दिन और पेट्रोल की लांच कारें 25-30 दिन की चल रही है। इसके बावजूद ऑटोमोबाइल सेक्टर में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ, जो कुल व्यापार का लगभग 40 प्रतिशत है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के सदस्य वैभव मिश्र ने बताया कि धनतेरस से दीपावली तक करीब छह हजार कारों की डिलीवरी की उम्मीद है, लेकिन सीएनजी वेरीएंट्स के लिए 15-20 दिन तक का इंतजार है।

होम फर्निशिंग आइटम गिफ्टिंग खूब बिकाः धनतेरस पर घर को आकर्षक लुक देने के लिए डिजिटल प्रिंट पर्दे, कुशन कवर और बेडशीट भी खूब बिके। खासकर वेलवेट मिक्स और सिल्क जैसे हैवी फैब्रिक से बने पर्दों की मांग अधिक रही। महिलाओं ने ऐसे पर्दे पसंद किये, जिनमें डिजिटल प्रिंट और गोल्ड फॉइल वर्क हो। अमीनाबाद कारोबारी शिखा मिश्रा ने बताया कि सोफा और दीवान के लुक को कम बजट में बदलने के लिए कुशन कवर की डिमांड भी बहुत बढ़ गई है। श्रीडी प्रिंटेड और जरी वर्क वाले डिजाइनर कुशन कवर, जो पूरे लिविंग रूम का माहौल बदल देते हैं, ग्राहकों के बीच खासे लोकप्रिय हो रहे हैं।

देर रात गुलजार रहा बाजार, खूब हुई खरीदारी





लखनऊ। धनतेरस पर शहर गुलजार रहा। कदम-कदम पर सजी दुकानों पर ग्राहक मोल-भाव करते दिखाई तो खरीदारी कर ग्राहकों के चेहरे पर खुशी की असीम खुशी दिखाई दी। कोई शुभ मुहूर्त का इंतजार कर कार व बाइकों की खरीदारी में मशगूल था तो कोई जेवरात की खरीदारी कर त्योहार का जश्न मना रहा था। वहीं त्योहार में कपड़ों की खरीदारी हर किसी के लिए खास बनी रही। मॉल से लेकर शहर की प्रमुख कपड़ा बाजारों में खरीदारों का तांता लगा रहा। बर्तन बाजार भी ग्राहकों की भीड़ से पटा रहा। ग्राहकों की रोशनी से चमकता बाजार आधी रात के बाद भी दमकता रहा।

गुजराती बंधनवार, कोलकाता की मूर्तियों की धूमः अमीनाबाद की विक्रेता गरिमा अग्रवाल ने बताया कि इस बार गुजरात और कोलकाता की वस्तुएं लोगों को खूब पसंद आ रही है। उन्होंने बताया कि गुजराती बंधनवार की किमत 500 से 1400 रुपए तक है। पूजा की थाल 300 से 500 इको फ्रेंडली मिट्टी की मटकी की किमत 350 है वहीं कोलकाता से विशेष तौर पर आई श्री लक्ष्मी.गणेश की मूर्तियों की मांग सबसे अधिक है जिनका किमत 300 से शुरू होकर तीन हजार तक है।

गाड़ियां लेकर मंदिर पहुंचे माथा टेकनेः सर्राफा बाजार के बाद सबसे अधिक ऑटोमोबाइल सेक्टर में धूम रही। कार व बाइकों के शोरूम में सुबह से ही लोगों की भीड़ लग गई थी। चूंकि सभी कारों व बाइकों की पहले से ही बुकिंग थी, ऐसे में ग्राहकों को कंपनियां जल्द से जल्द गाड़ियां डिलीवर करने में जुटी रहीं। यह सिलसिला सुबह से लेकर देर शाम तक जारी रहा। ज्यादातर खरीदार शोरूम से गाड़ियां लेने के तुरंत बाद अलग-अलग मंदिरों में पहुंचते रहे और पूजा अर्चना के बाद गाड़ियां घर ले गए।



इंदिरानगर के फर्निशिंग कारोबारी अरविंद पांडेय ने बताया कि इस भारी बिक्री का एक बड़ा कारण आकर्षक सेल और बंपर ऑफर हैं, जो रिटेल स्टोर्स और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म दोनों जगह ग्राहकों को खरीदारी का भरपूर मौका दे रहे हैं। होम फर्निशिंग आइटम इस बार गिफ्टिंग के लिए भी खूब पसंद किया जा रहा है।

डिनर सेट के गिफ्ट पैक खूब बिके। लखनऊ मेटल मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि डिनर सेट, ट्रेवलिंग सेट की नई वैरायटी ग्राहकों को लुभाया। डिजाइन बदल जाने से थाली, कटोरी व ग्लास भी खूब बिके। इसके अलावा शगुन के तौर पर पूजा थाली व दीपक आदि भी लोगों ने खरीदा। ग्राहकों को लुभाने के लिए ब्रांडेड कंपनियों ने कप सेट, स्नैक सेट, आइसक्रीम सेट, कॉफी सेट, डिनर सेट, ग्लास सेट, तांबे के थर्मस पर 15-20 प्रतिशत तक डिस्काउंट भी मिला। भूतनाथ मार्केट के बर्तन कारोबारी अनिल कुमार ने बताया कि ट्राई प्लाई बर्तन हीट डिस्ट्रीब्यूशन और टिकाउपन के कारण आकर्षित किया।

चौक सराफा एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदिश जैन ने बताया कि सोना 1.32 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम व चांदी 1.75 लाख रुपये प्रतिकिलो रही। उन्होंने बताया कि धनतेरस की खरीदारी बहुत फायदेमंद रही। हमने जो अनुमान लगाया था, पिछले साल की तुलना में बिक्री कम से कम 20 प्रतिशत अधिक रही है। सोने-चांदी के आभूषणों की विस्तृत श्रंखला और हीरे की जबरदस्त मांग रही। उन्होंने बताया कि छोटे बजट वाले ग्राहकों ने भी कुछ सबसे शानदार हीरे के हार, पेडेंट और अंगूठी को पसंद किया।

ऑटोमोबाइल ने मारी बाजीः धनतेरस की खरीदारी में सबसे बड़ा उछाल ऑटोमोबाइल सेक्टर में देखने को मिला। नए वाहन को घर लाना सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में अपनी मनपसंद बाइक व कार की डिलीवरी लेने के लिए लोग परिवार व दोस्तों संग सुबह 10 बजे से ऑटोमोबाइल शोरूम पहुंच गये। वहीं विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भी ग्राहकों का स्वागत फूलो के गुलदस्ता देकर किया। इस दौरान किसी को गाड़ी की चाभी दी गई तो कई लोगों को बुकिंग डेट के बावजूद गाड़ी नहीं मिल सकी। उन्हें दो-तीन दिन बाद डिवीवरी देने का आश्वासन दिया गया। कारोबारियों के मुताबिक सीएनजी कारों का वेटिंग पीरियड 15-20 दिन और पेट्रोल की लांच कारें 25-30 दिन की चल रही है। इसके बावजूद ऑटोमोबाइल सेक्टर में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ, जो कुल व्यापार का लगभग 40 प्रतिशत है। ऑटोमोबाइल कारोबारियों के मुताबिक केंद्र सरकार ने 22 सितम्बर से जीएसटी का नया स्लैब लागू किया है। इससे ज्यादातर गाड़ियों पर टैक्स कम हो गया है। नतीजतन नवरात्र से ही गाड़ियों की बिक्री में तेजी आई है।

आज शहर में श्रद्धा पूर्वक मनेगा बजरंग बली का प्राकट्य उत्सव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। दीपावली के एक दिन पहले 7 नवंबर को छोटी दीपावली पर बजरंग बली का प्राकट्य उत्सव मनाया जाएगा। नरक चतुर्दशी के दिन होने वाले उत्सव को लेकर लेकर हनुमान मंदिरों में तैयारियां पूरी हो गई हैं। कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी अर्थात नरक चतुर्दशी को हनुमान जी का अवतार मेष लग्न स्वाति नक्षत्र में हुआ था।

आचार्य चंद्रकांत द्विवेदी ने बताया कि हनुमान जयंती पर बजरंग बली लाल फूल, सिंदूर, चमेली के तेल का लेप, बेसन के लड्डू और बूंदी से शीघ्र प्रसन्न होते हैं। छोटी दीपावली को मां अंजना की कोख से हनुमान जी अवतरित हुए थे। देवाधिदेव महादेव के अंश होने के साथ ही शनिदेव व वरुण देव की विशेष कृपा भी बजरंग बली के दर्शन-पूजन से मिलती है। अलीगंज के नए हनुमान मंदिर ट्रस्ट के सचिव ने बताया कि इस दिन आरती के साथ ही विशेष विधान होंगे। एक दिन पहले 19 को मंदिर में पारिजात के पुष्पों से महालक्ष्मी का पूजन होगा। पंजीकरण शुरू हो गया है। पंजीकृत श्रद्धालुओं को पारिजात के पुष्प भी प्रसाद स्वरूप में दिए जाएंगे। इसके अलावा सभी मंदिरों में सामूहिक सुंदरकांड पाठ होगा। पक्कापुल स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के पुजारी श्रीराम सिंह ने बताया कि बजरंग बली को सुबह भोग लगेगा और प्रसाद वितरण होगा।

डिजिटल आतिशबाजी से जगमगायेगा आसमान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। आतिशबाजी के बिना दीपोत्सव की कल्पना करना बेमानी है। शुभता के प्रतीक श्री गणेश और समृद्धि की प्रतीक मां लक्ष्मी के पूजन के साथ आतिशबाजी के बीच दीपावली का उल्लास दो गुना हो जाता है। पारंपरिक फुलझड़ी, अनार, मेहताब के साथ ही इस राकेट आसमान में सतरंगी डिजिटल रंग बिखेरेगा तो क्यू आर कोड पटाखे की पर्यावरण की अनुकूलता की जानकारी देगा।

डिजिटल पटाखों में कई नई रेंज भी बाजार में मौजूद है। 150 मीटर ऊंचाई पर जा कर डिजिटल रंग-बिरंगे गोली छोड़ता है। काकोरी में पटाखे की थोक दुकानों पर खरीदारी का दौर शुरू हो गया है तो दूसरी ओर शहर में स्थान चिन्हित किए जा रहे हैं। ऐशबाग के डीएवी महाविद्यालय के परिसर में फुटकर दुकाने लगाने की तैयारियां चल रही हैं तो दूसरी ओर आमलमाग, चौक, कानपुर रोड एलडीए कालोनी, गोमतीनगर, एचएएल व चिनहट क्षेत्रों में फुटकर दुकाने लगाने की तैयारी चल रही है।

बच्चों के लिए खास पैकः लखनऊ आतिशबाजी व्यापार कल्याण समिति के महामंत्री ने बताया कि बच्चों को सुरक्षित आतिशबाजी के लिए विशेष पैके रखा गया है। 800 से लेकर पांच हजार रुपये में कंबो पैक भी मौजूद है। पैक में इलेक्ट्रानिक स्टोन, बेबी ररकेट, कालर सावर स्काई शाट पटाखे स्नैक शाट पटाखे, स्नैक टैबलेट सहित 25 तरह के पटाखे मौजूद हैं। इस बार बाजार में पटाखे की मांग के अनुरूप आपूर्ति न होने से पटाखे महंगे हैं। बारुद व दफ़्ती जैसे पटाखे बनाने वाली कंपनियों ने उत्पादन आधा कर दिया है जिससे राकेट, फुलझड़ी, अनार सहित अन्य पटाखे महंगे हो गए हैं। थोक बाजार में 32 लाइसेंसी पटाखा कारोबारी है जिसमे से 25 लाइसेंसी दुकानदार ही काम कर रहे हैं। सात दुकानदार ऐसे हैं जो धनतेरस से दुकाने लगाते हैं।

डालीगंज जैन मंदिर में 24 जिनेन्द्र प्रतिमाओं की भव्य अगवानी



लखनऊ। डालीगंज स्थित जैन मंदिर में परम पूज्य आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में आगामी 9 नवंबर से 15 नवंबर तक भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को डालीगंज जैन समाज द्वारा महोत्सव में प्रतिष्ठित होने वाली जिनेन्द्र प्रभु की 24 प्रतिमाओं की अत्यंत श्रद्धा और धूमधाम के साथ भव्य आगवानी की गई। उल्लेखनीय है कि परम पूज्य आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज की पावन प्रेरणा से बरासों (मेहगांव, जिला भिंड) में विश्व के सबसे ऊंचे 414 फुट ऊंचे सुमेरु पर्वत का निर्माण कार्य प्रगति पर है। लखनऊ के इस पंचकल्याणक महोत्सव में पूर्ण विधि-विधान से प्रतिष्ठित होने के उपरांत ये 24 प्रतिमाएं उसी ऐतिहासिक सुमेरु पर्वत पर विराजमान कराई जाएंगी। प्रतिमाओं की आगवानी के पावन अवसर पर जैन समाज के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में पंचकल्याणक समिति के मुख्य संयोजक संजीव जैन, अतुल जैन, सुबोध जैन, मनोज जैन, प्रदीप जैन पाटोदी, रितेश जैन, वीर कुमार जैन, सुभाष सीतापुर, पार्श्व कुमार जैन, विकास जैन, परस जैन एडवोकेट, सौमिल जैन, अंकित जैन, अंशुल जैन सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

संक्षेप

गौवंश से बाइक टकराने पर चालक की मौत

बरवर खीरी। क्षेत्र के दिलावर नगर निवासी एक अधेड़ की बाइक छुट्टा गोवंश से टकरा जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए मोहम्मदी सरकारी अस्पताल पर भर्ती कराया गया हालत नाजुक होने के चलते जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया गया जहां उनकी मौत हो गई है जानकारी अनुसार गुरुवार रात 10 करीब रमाशंकर (52) निजी कार्य से बरवर से अपने गांव दिलावर नगर जा रहे थे।इसी दौरान रास्ते में उनकी बाइक गोवंश से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उन्हें सी एच सी मोहम्मदी ले जाया गया।डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें शाहजहांपुर रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे दो पत्नियों और आठ बच्चों का परिवार रोते-बिलखते छोड़ गया है।

बाबा-पोती को बुलेट ने रौंदा, दोनों की मौत

सिधौली/सीतापुर। अटरिया थाना इलाके में हाईवे पार कर रहे बाबा और उनकी छह वर्षीय पोती को तेज रफ्तार बुलेट बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर बाइक कब्जे में ले ली है, जबकि चालक फरार है। मृतकों की पहचान गोधना गांव निवासी अतीकुर्रहमान (62) और उनकी पोती फातिमा (6) पुत्री एकलक के रूप में हुई है। शुक्रवार देर शाम दोनों गांव के सामने हाईवे पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही बुलेट ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सिधौली सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। थाना प्रभारी लाल बहादुर मिश्रा ने बताया कि दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। बाइक कब्जे में ले ली गई है। फरार चालक की तलाश की जा रही है।

पेड़ से लटका मिला युवक का शव, गांव में सनसनी

हरगांव /सीतापुर। पशुओं के लिए चारा लेने की बात कहकर घर से निकले 43 वर्षीय युवक का शव गन्ने के खेत में नीम के पेड़ से लटका मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। हरगांव थाना क्षेत्र के खेदरापुर गांव निवासी धीरज पुत्र रामदुलारे शुक्रवार को घर से पशुओं के लिए चारा लेने निकला था। इसके बाद उसने गांव के ही रामनरेश जायसवाल के गन्ने के खेत में नीम के पेड़ से फांसी लगा ली। खेत में शव लटका देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक अपने पीछे एक पुत्र और दो पुत्रियों को छोड़ गया है। पिता की मौत से तीनों बच्चों के सिर से साया उठ गया। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। युवक ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया, फिलहाल इसकी वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। थाना प्रभारी आनंद नारायण त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

धनतेरस पर सीतापुर का बाजार हुआ गुलजार

जिला संवाददाता(vol)



- सुबह से देर रात तक बाजारों में उमड़ी खरीदारों की भीड़, सराफा बाजार में चमकी सोने-चांदी की खरीदारी तो ऑटोमोबाइल शोरूम में हुई वाहनों की बंपर बुकिंग, इलेक्ट्रॉनिक सामान और बर्तनों की दुकानों पर भी रही रौनक

सीतापुर। धनतेरस पर शुक्रवार को सीतापुर का बाजार धनवर्षा से गुलजार रहा। शुभ मुहूर्त में खरीदारी की परंपरा ने बाजारों में ऐसी रौनक बिखेरी कि सुबह से देर रात तक दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। किसी ने सोने-चांदी के सिक्के और आभूषण खरीदे तो किसी ने नए वाहन की चाबी लेकर घर में समृद्धि का स्वागत किया। दोपहिया से लेकर चारपहिया वाहनों के शोरूम तक ग्राहकों की आवाजाही रही। इस बार इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीदारी और बुकिंग ने भी बाजार का ध्यान खींचा। वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, कपड़े, बर्तन, मिठाई और सजावटी सामान की दुकानों पर भी खूब खरीदारी हुई।

सराफा बाजार में सोने-चांदी की चमक

धनतेरस पर सबसे ज्यादा आकर्षण सराफा बाजार में देखने को मिला। सोने और चांदी के आभूषणों के साथ सिक्के, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां और चांदी के बर्तन खरीदने के लिए ग्राहक पहुंचे। परंपरा के अनुसार लोगों ने अपनी सामर्थ्य के मुताबिक सोने-चांदी की खरीदारी की। किसी ने निवेश के लिहाज से सिक्के खरीदे तो किसी ने दीपावली पर उपहार देने के लिए आभूषण पसंद किए। चांदी के सिक्कों और हल्के आभूषणों की मांग भी बनी रही।

वाहनों के शोरूम में दिखा उत्साह, इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बढ़ी पसंद

धनतेरस पर वाहन बाजार में भी खूब रौनक रही। दोपहिया वाहनों के शोरूम पर सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ जुटने लगी। परिवार के साथ पहुंचे लोगों ने बाइक और स्कूटी की खरीदारी की। वहीं चारपहिया वाहनों के शोरूम में भी नई कार की डिलीवरी लेने वालों का उत्साह दिखाई दिया। इस बार पेट्रोल-डीजल वाहनों के साथ इलेक्ट्रिक स्कूटी और इलेक्ट्रिक कारों को लेकर भी ग्राहकों में दिलचस्पी रही। कई लोगों ने पहले से बुक कराए वाहनों की डिलीवरी धनतेरस के शुभ अवसर पर ली।

इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू सामान की दुकानों पर भीड़

धनतेरस पर घर में नई वस्तु लाने की परंपरा का असर इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में भी दिखाई दिया। लोगों ने एलईडी टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, एसी, माइक्रोवेव और अन्य घरेलू उपकरणों की खरीदारी की। मोबाइल फोन, लैपटॉप और स्मार्ट उपकरणों की दुकानों पर भी ग्राहक पहुंचे। दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए छूट और उपहार योजनाएं भी रखीं। वहीं बर्तन बाजार में पीतल, तांबा, स्टील और अन्य धातुओं के बर्तनों की खरीदारी होती रही।

कपड़ों से लेकर मिठाई और सजावट तक खरीदारी

त्योहार की तैयारी में कपड़ा बाजार भी पीछे नहीं रहा। महिलाओं ने साड़ी और सूट खरीदे तो युवाओं और बच्चों के लिए नए कपड़ों की खरीदारी हुई। रेडीमेड कपड़ों, जूते-चप्पल और सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर भी ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। मिठाई की दुकानों पर गिफ्ट पैक और त्योहार की मिठाइयों की मांग रही। घरों को सजाने के लिए झालर, रंग-बिरंगी लाइटें, दीपक, मोमबत्तियां और सजावटी सामान भी खूब बिके। पूजन सामग्री और लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों की दुकानों पर भी भीड़ रही।

बाजार में देर रात तक रही चहल-पहल

शहर के प्रमुख बाजारों में दिनभर ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। दुकानदारों को उम्मीद रही कि धनतेरस के साथ दीपावली तक खरीदारी का सिलसिला जारी रहेगा। बाजारों में उमड़ी भीड़ ने कारोबारियों के चेहरों पर मुस्कान ला दी। धनतेरस ने एक बार फिर साबित किया कि त्योहार केवल खरीदारी का अवसर नहीं, बल्कि बाजार की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला बड़ा मौका भी है।

महानंद रामलीला कमेटी ने धूमधाम से किया भगवान श्रीराम का राजतिलक

फतेहपुर। शहर के ज्वालागंज स्थित रामलीला मैदान में महानंद रामलीला कमेटी की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्रीराम के राजतिलक का धार्मिक आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीराम का विधि-विधान के साथ राजतिलक किया गया। इसके बाद कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भगवान श्रीराम की आरती उतारकर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान पूरा रामलीला मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।आयोजन के दौरान भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए कमेटी के सदस्यों ने धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ सभी अनुष्ठान संपन्न कराए। श्रद्धालुओं ने भी भगवान श्रीराम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि रामलीला की परंपरा भारतीय संस्कृति और धार्मिक आस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है।ऐसे आयोजन समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने के साथ ही लोगों को आपसी एकता और सद्भाव का संदेश देते हैं इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष राकेश कुमार, महामंत्री रामजी श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री सुंदरम श्रीवास्तव, हरिओम नारायण, संजय लाल, सभासद डॉ. अमित विश्वकर्मा, सभासद विनय तिवारी, मनोज कुमार, नरेंद्र मुंशी, जगदीश शर्मा सहित कमेटी के अन्य पदाधिकारी, सदस्य एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

यातायात माहः छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक,नियम तोड़ने पर 811 वाहनों के चालान

फिरोजाबाद। यातायात माह नवंबर-2026 के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा जनपद में जागरूकता अभियान



के साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को यातायात पुलिस टीम ने ज्ञान सरोवर इंटर कॉलेज, फिरोजाबाद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक यातायात राजेश कुमार ने छात्राओं को सड़क दुर्घटनाओं से बचाव, यातायात संकेतों और सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सड़क पर सावधानी बरतने, यातायात नियमों का पालन करने तथा स्वयं के साथ दूसरों को भी दुर्घटनाओं से सुरक्षित रखने की अपील की। साथ ही छात्राओं को अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।वहीं यातायात व्यवस्था को सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से चलाए गए विशेष अभियान में यातायात पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत कुल 811 वाहनों के चालान किए। इनमें मानक से अधिक सवारी बैठाने वाले 27 ऑटो एवं ई-रिक्शा सहित कुल 62 ऑटो-ई-रिक्शा के चालान किए गए। निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार में वाहन चलाने वाले 144 चालकों के खिलाफ ओवरस्पीड में कार्रवाई की गई, जबकि यातायात नियमों के अन्य उल्लंघनों में 605 वाहनों के चालान किए गए इसके अलावा तेज आवाज में साउंड स्पीकर लगाकर चलने वाले 37 वाहनों तथा स्टंट और तेज रफ्तार के मामले में छह वाहनों के चालान किए गए। अभियान के दौरान स्पीड मीटर से वाहनों की गति की जांच की गई और ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से वाहन चालकों की जांच कर उन्हें नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने के लिए जागरूक किया गया।यातायात पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों को हेलमेट के महत्व के बारे में बताया तथा हेलमेट बैंक के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया। पुलिस ने वाहन चालकों से हेलमेट पहनने,सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने और यातायात संकेतों का पालन करने की अपील की।

दीप सजाओ प्रतियोगिता आयोजित



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। श्री गोकर्ण फाउंडेशन द्वारा संचालित गोला टूरिज्म की ओर से ग्राम लाल्हापुर स्थित मां शारदे शिक्षा मंदिर में उल्लास अभियान के तहत दीप सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने आकर्षक ढंग से दीप सजाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा और कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में लवी ने प्रथम, पंखुड़ी ने द्वितीय तथा आराध्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने के साथ उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना रहा। मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेंद्र सक्सेना रहे। इस अवसर पर गोला टूरिज्म के अध्यक्ष विनायक श्रीवास्तव और प्रबंधक प्रेम गुप्ता सहित विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि गोला टूरिज्म द्वारा संचालित उल्लास अभियान के तहत क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में शैक्षिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ उनमें सामाजिक जागरूकता और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना है।

बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरने वृद्धाश्रम पहुंचे सीडीओ



- फल-मिठाई और उपहार भेंट कर बांटी खुशियां; आत्मीयता देख भावुक हुए बुजुर्ग, दिया आशीर्वाद

लखीमपुर खीरी। दीपावली के दीपक घरों को रोशन करते हैं, लेकिन किसी के जीवन में अपनत्व और खुशियों का उजाला भरना ही इस पर्व की वास्तविक सार्थकता है। इसी मानवीय संवेदना और आत्मीय पहल के साथ सीडीओ योगानंद पांडेय दीपावली की खुशियां बांटने सलेमपुर स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने बुजुर्गों के बीच पहुंचकर त्योहार की खुशियां साझा कीं और उन्हें यह एहसास कराया कि वे समाज और प्रशासन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

समाज कल्याण विभाग द्वारा वित्तपोषित वृद्धाश्रम में सीडीओ को अपने बीच पाकर बुजुर्गों के चेहरे खिल उठे। सीडीओ ने प्रत्येक वृद्धजन से आत्मीयता के साथ बातचीत कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों को फल, मिठाई एवं दीपावली के अन्य उपहार भेंट किए। उपहारों के साथ मिले स्नेह और सम्मान ने बुजुर्गों को भावुक कर दिया। वृद्धजनों ने भी सीडीओ को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया। कुछ पल के लिए वृद्धाश्रम का माहौल किसी परिवार के उत्सवी मिलन जैसा हो गया। सीडीओ योगानंद पांडेय ने बुजुर्गों के साथ समय बिताकर उनकी दिनचर्या और व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। उनकी आत्मीयता ने यह संदेश दिया कि त्योहार की खुशियां तभी पूरी होती हैं, जब समाज के हर वर्ग तक उनका उजाला पहुंचे। खासकर जीवन के इस पड़ाव पर बुजुर्गों को सम्मान, स्नेह और साथ देना हम सभी का सामाजिक दायित्व है।इस अवसर पर पीडी डीआरडीए सतीश कुमार पाण्डेय एवं वृद्धाश्रम के केंद्र संचालक मौजूद रहे।

मतदाता सूची पुनरीक्षण पर विशेष जोर,जनपद में बढ़े 12 पोलिंग स्टेशन और 10 नये मतदान केंद्र



फिरोजाबाद। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के संभाजन प्रस्ताव को आयोग से अनुमोदन मिलने के संबंध में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से निर्वाचन संबंधी कार्यों में सहयोग करने तथा निर्धारित समय पर बैठकों में उपस्थित रहने की अपील की।जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में पोलिंग स्टेशनों की संख्या 2,181 से बढ़ाकर 2,193 कर दी गई है। वहीं, 10 नए मतदान केंद्रों के जुड़ने से अब कुल पोलिंग केंद्रों की संख्या 1,298 हो गई है। इसके साथ ही नए बूथ लेवल अधिकारियों बीएलओ)ल की नियुक्ति भी की गई है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बूथ लेवल एजेंटों बीएलए को सक्रिय करें और बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर मतदाता सूची पुनरीक्षण के कार्य में सहयोग प्रदान करें।जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची में छूटे हुए वास्तविक मतदाताओं विशेषकर महिलाओं एवं युवाओं के नाम शामिल कराने के लिए ग्राम पंचायत की मतदाता सूची का विधानसभा मतदाता सूची से मिलान कराया जाएगा। इस प्रक्रिया के माध्यम से लगभग 8 से 10 प्रतिशत छूटे हुए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने की संभावना है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद का ईपी रेशियो लगभग 55 प्रतिशत है, जिसे बढ़ाकर 60.91 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही जेंडर रेशियो तथा 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवा मतदाताओं का प्रतिशत बढ़ाने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि वर्तमान में संचालित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम पर पूरा ध्यान केंद्रित किया जाए, ताकि पारदर्शी त्रुटिरहित एवं समावेशी मतदाता सूची तैयार की जा सके।बैठक में भाजपा के प्रमोद पाल बघेल एवं राघवेंद्र सिंह बसपा के अखिलेश कुमार एवं एबरन सिंह जाटव समाजवादी पार्टी के डॉ. विजय आर्य, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष बलवीर सिंह आजाद एडवोकेट आम आदमी पार्टी के अमित गर्ग एडवोकेट सीपीआईएम के भूरी सिंह यादव सहित अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कल्पना जायसवाल उप जिलाधिकारी सिद्धार्थ पाठक राजेश कुमार शुक्ला सुदर्शन कुमार सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

श्री राजेन्द्र गिरि अकादमी में दीपावली पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी में दीपावली अवकाश से पूर्व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगोली, दीप सज्जा, मटकी डेकोरेशन और मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के जीवन प्रसंगों पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में अशोका हाउस ने प्रथम, शिवाजी हाउस ने द्वितीय, रमन हाउस ने तृतीय तथा टैगोर हाउस ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इससे पूर्व विद्यालय की प्रातःकालीन सभा में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र ने कहा कि दीपावली अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। विद्यार्थियों को प्रभु श्रीराम के आदर्शों और मयार्दाओं को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। निदेशक मोहित पुरी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सुरक्षित और प्रदूषण रहित दीपावली मनाने की अपील की। विद्यालय के प्रबंध निदेशक एवं विधायक अमन गिरि ने दूरभाष के माध्यम से छात्र-छात्राओं को दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज की शुभकामनाएं दीं।

धान पंजीकरण में किसानों को मिली पुरानी प्रक्रिया की सुविधा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। धान खरीद के लिए पंजीकरण कराने में आ रही समस्याओं से जूझ रहे किसानों को बड़ी राहत मिली है। अब फार्मर आईडी में दर्ज विवरण से संतुष्ट न होने वाले किसान पिछले वर्ष की तरह पुरानी प्रक्रिया के तहत भी धान पंजीकरण करा सकेंगे। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के प्रयासों के बाद प्रदेश सरकार ने पंजीकरण प्रक्रिया में यह बदलाव किया है। संगठन की ओर से फार्मर आईडी और डिजिटल क्रॉप सर्वे में आ रही तकनीकी दिक्कतों को लेकर लगातार आवाज उठाई जा रही थी। इसी क्रम में 29 अक्टूबर को संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी धर्मेंद्र मलिक ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग की थी। कुलवंत सिंह जोशन ने बताया कि शासन के नए आदेश के अनुसार जिन किसानों की फार्मर आईडी बन चुकी है और वे उसमें दर्ज विवरण से संतुष्ट हैं, वे उसी के आधार पर धान पंजीकरण करा सकेंगे। वहीं, फार्मर आईडी में दर्ज विवरण पर आपत्ति या असंतुष्टि होने पर किसान पिछले वर्ष की भांति पुरानी प्रक्रिया से भी पंजीकरण करा सकेंगे। उन्होंने बताया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे और फार्मर आईडी में तकनीकी त्रुटियों के कारण किसानों को सरकारी खरीद केंद्रों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए पंजीकरण कराने में परेशानी हो रही थी। शासन के इस फैसले से किसानों को राहत मिलेगी और वे अपनी सुविधा के अनुसार पंजीकरण करा सकेंगे।

सीतापुर में दो जगहों पर निकले मगरमच्छ कहीं तालाब तो कहीं खेत में मची दहशत



सीतापुर। जिले में मगरमच्छों की मौजूदगी से ग्रामीण इलाकों में दहशत का माहौल है। महमूदाबाद और सकरन क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। कहीं मगरमच्छ तालाब में दिखाई दिया तो कहीं बाढ़ के पानी से भरे खेत में उसकी मौजूदगी ने लोगों की चिंता बढ़ा दी। वन विभाग की टीम ने दोनों मगरमच्छों को पकड़कर चहलारी घाट के पास घाघरा नदी में छोड़ दिया। महमूदाबाद क्षेत्र के सदरपुर थाना इलाके के करनापुर गांव के तालाब में ग्रामीणों ने मगरमच्छ देखा। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची टीम इसे अफवाह बताकर वापस लौट गई। इसके बाद ग्रामीणों ने पंपिंग सेट लगाकर तालाब का पानी बाहर निकलवाया। पानी कम होने पर तालाब में मगरमच्छ दिखाई दिया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने उसे पकड़कर सुरक्षित बाहर निकाला। रेंजर नावेद सिद्दीकी ने बताया कि मगरमच्छ को चहलारी घाट के पास घाघरा नदी में छोड़ दिया गया है। गांव के तालाब में मगरमच्छ निकलने की जानकारी पर विधायक आशा मौर्या भी मौके पर पहुंचीं और ग्रामीणों से मुलाकात कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उधर, सकरन विकासखंड की ग्राम पंचायत उल्ल्हा महोलिया में गांव के बाहर खेतों में भरे बाढ़ के पानी में बृहस्पतिवार रात ग्रामीणों ने मगरमच्छ देखा। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंचे वन दरोगा राजकुमार और उनकी टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर मगरमच्छ को पकड़ लिया। करीब छह फीट लंबे मगरमच्छ को उसी रात रेउसा के चहलारी घाट स्थित घाघरा नदी में छोड़ दिया गया। दो अलग-अलग इलाकों में मगरमच्छ मिलने की घटनाओं ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। खासकर तालाबों और बाढ़ के पानी से भरे खेतों के आसपास रहने वाले लोगों में भय बना हुआ है।

गांवों को चमकाने उतरीं स्वच्छता की टीमें सीडीओ ने खुद संभाली कमान



- सीडीओ योगानंद पांडे ने ओदरहना पहुंचकर परखी अभियान की हकीकत, बोले हर गांव तक पहुंचे स्वच्छता की रोशनी

लखीमपुर खीरी। दीपावली पर शहरों के साथ गांवों को भी स्वच्छता की रोशनी से जगमगाने की पहल शुरू हो गई है। सीडीओ योगानंद पांडे ने स्वच्छ ग्राम-शुभ दीपोत्सव' अभियान के जरिए जिले की सभी ग्राम पंचायतों में सफाई की विशेष मुहिम छेड़ दी है। इसके तहत गांव-गांव स्वच्छता टीमों का गठन कर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

सीडीओ खुद मैदान में उतरकर अभियान की निगरानी कर रहे हैं, ताकि त्योहार से पहले ग्रामीण क्षेत्रों की गलियां, सार्वजनिक स्थल और आसपास का वातावरण स्वच्छ नजर आए। इसी क्रम में तहसील और विकासखंड लखीमपुर की ग्राम पंचायत ओदरहना में सीडीओ योगानंद पांडे ने अधिकारियों के साथ पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने गांव में चल रहे स्वच्छता कार्यों का जायजा लिया और अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। सीडीओ योगानंद पांडे ने कहा कि दीपावली केवल घरों को सजाने और रोशन करने का पर्व नहीं, बल्कि अपने आसपास के परिवेश को स्वच्छ और सुंदर बनाने का भी अवसर है। इसी सोच के साथ जिले के सभी गांवों में स्वच्छता टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों के माध्यम से गांव-गांव सफाई अभियान चलाया जा रहा है। हमारा पूरा प्रयास है कि स्वच्छता की यह मुहिम जनपद के प्रत्येक गांव तक पहुंचे और कोई भी ग्राम पंचायत इससे अछूती न रहे। उन्होंने अधिकारियों को अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता कार्यों को पूरी गंभीरता से संचालित कराने के निर्देश दिए। प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य दीपावली के अवसर पर गांवों को साफ-सुथरा बनाने के साथ ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना है।

कार्यकर्ताओं की एकजुटता से जीतेंगे चुनाव



हरगांव/सीतापुर। विधानसभा चुनाव 2027 की सियासी बिसात बिछने लगी है। समाजवादी पार्टी ने भी संगठन को धार देने और बूथ स्तर तक अपनी पकड़ मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। शुक्रवार को बरोसा मोड़ स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित हरगांव विधानसभा इकाई की मासिक बैठक में आगामी चुनाव की तैयारियों के साथ संगठन की मजबूती पर मंथन हुआ। विधानसभा अध्यक्ष फुरकान खान ने कहा कि बैठक में पहुंचे बूथ अध्यक्ष और सेक्टर प्रभारी ही पार्टी की असली ताकत हैं। कार्यकताओं की मेहनत के दम पर ही पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में सफलता हासिल की। स्नातक एमएलसी चुनाव की जीत भी कार्यकर्ताओं के परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं की एकजुटता और मेहनत के बल पर 2027 के विधानसभा चुनाव में भी सपा जीत का परचम लहराएगी। इस दौरान सपा नेता देश दीपक भार्गव ने कार्यकताओं को शॉल और मिठाई भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने कार्यकताओं से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और पूरी निष्ठा के साथ पार्टी के लिए काम करने का आह्वान किया। बैठक में विजय वर्मा, रिजवान अंसारी, राम प्रकाश यादव, अंजलि भार्गव, अब्दुल लतीफ कुरैशी, वसीम नेता, ओमकार यादव, भव्वा सिंह, मतीन, इस्तियाक, रईस नेता, शाहिद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खेत में मौत बनकर दौड़ा करंट, एक युवक की मौत

सीतापुर। खेत में जुताई के बाद काम करते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो युवक करंट से झुलस गए। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शुक्रवार दोपहर करीब 2:30 बजे कोतवाली बिसवां क्षेत्र के मोचकला गांव की है। गांव निवासी ठाकुर प्रसाद के खेत में शुक्रवार को ट्रैक्टर से जुताई के बाद मयाई का काम चल रहा था। ट्रैक्टर पर छतरी लगी हुई थी। खेत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन के संपर्क में ट्रैक्टर की छतरी आ गई। इससे ट्रैक्टर में करंट उतर आया और पास में काम कर रहे दो युवक उसकी चपेट में आकर झुलस गए। चीख-पुकार सुनकर खेत में मौजूद लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने दोनों को ऑटो से सीएचसी बिसवां पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने आयुष पुत्र मेवा लाल 21 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। वहीं, आनंद सागर पुत्र ठाकुर प्रसाद 20 वर्ष की हालत गंभीर होने पर उसका उपचार शुरू किया गया।

संक्षेप

डीह में एसआर चैरिटेबल हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ



डीह, रायबरेली। डीह ब्लॉक के निकट रजा अली ईंट भट्ठे के पास गुरुवार को एसआर चैरिटेबल हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी आनंद पांडेय एवं आनंद देव पांडेय शामिल हुए। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुष्ठान सिंह जहाजी और अभिषेक शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर समाजसेवी आनंद पांडेय ने अस्पताल के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर की कृपा से हॉस्पिटल संचालक शत्रोहन सिंह भैया का यह चैरिटेबल हॉस्पिटल (सेवा स्थल) निरंतर और निर्विघ्न रूप से इस क्षेत्र में संचालित होता रहे। साथ ही क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिले और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। अस्पताल के शुभारंभ को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम में डॉक्टर रवि, डॉक्टर शत्रोहन सिंह, डॉक्टर प्रदीप सिंघल, कैप्टन दीपक सिंह,शिवम कौशल, महेंद्र प्रताप सिंह,छोटू पांडेय सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने किया मेधावियों का सम्मान

ललितपुर। जनपद में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस जरूरत है तो हुनरमंद शिक्षकों एवं खिलाडियों के लिए सुविधाओं की, फिर भी जनपद के मेधावी छात्र-छात्राएं मण्डल से लेकर राज्य स्तर तक खेलकर अपना दम खम दिखा रहे हैं। इसी क्रम में राजकीय इंटर कॉलेज बार ललितपुर की कक्षा 12 की छात्रा रीनू देवी ने उत्तर प्रदेश में ऊंची कूंद प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। 70 वीं प्रदेशीय विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता प्रयागराज में 30 अक्टूबर से 03 नवंबर तक हुई प्रतियोगिता में झांसी मंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए सीनियर बालिका वर्ग में रीनू देवी कक्षा 12 राजकीय इंटर कॉलेज बार ,ललितपुर की छात्रा ने ऊँची कूद में प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त किया इस होनहार छात्रा रीनू देवी की सफलता से जनपद भर में खुशी है।

अवैध आतिशबाजी संग दो गिरफ्तार

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में अवैध आतिशबाजी, विस्फोटक सामग्री के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान विवेक साहू पुत्र प्रकाश साहू उम्र करीब 23 वर्ष निवासी लक्ष्मीपुरा थाना कोतवाली जनपद ललितपुर को मुहल्ला लक्ष्मीपुरा व अखिलेश नामदेव पुत्र रामकिशोर नामदेव उम्र करीब 40 वर्ष निवासी पुरानी आईटीआई के पास गांधीनगर थाना कोतवाली जनपद ललितपुर को कोहिनूर गार्डन के पास से हिरासत पुलिस में लिया गया जिनके पास से विभिन्न प्रकार के अवैध आतिशबाजी,विस्फोटक सामग्री को बरामद किया गया । बरामदगी के आधार पर कोतवाली ललितपुर में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तगण को नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। पकडी गई आतिशबाजी की कीमत चार लाख रुपए से अधिक बताई गई है।

बीएसएफ जवान के घर से 10 लाख का सामान चोरी

अमेठी । जिले में चोरों ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान के घर को निशाना बनाते हुए उसकी लाइसेंसी पिस्तौल, कारतूस, जेवरात और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। चोरी हुए सामान की कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार, घटना बृहस्पतिवार की रात अमेठी बाईपास पर राजेंद्र नगर के पास हुई। पुलिस ने बताया कि बीएसएफ जवान रामजस यादव दिवाली की छुट्टी पर घर आए थे और वारदात के समय वह परिवार के साथ अपने गांव में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। पुलिस ने बताया कि इसी दौरान अज्ञात चोरों ने घर की छत पर लगी लोहे की ग्रिल काटकर अंदर प्रवेश किया और लाइसेंसी पिस्तौल, कारतूस, जेवरात समेत अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। गौरीगंज के पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं अमेठी थाने के कार्यवाहक प्रभारी अखिलेश वर्मा ने बताया कि पुलिस को शुक्रवार सुबह चोरी की सूचना मिली।

एनएसपीएस त्रिपुला में दीपोत्सव की धूम

दीया बैलेंसिंग रेस और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां



रायबरेली। न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल, सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में दीपावली अवकाश से पूर्व धनतेरस के शुभ अवसर पर पांच दिवसीय दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। पारंपरिक आस्था, उल्लास और सांस्कृतिक रंगों से सजे इस आयोजन में विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से उत्सव को यादगार बना दिया। साथ ही सुबह की प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय के सहयोगी कर्मचारियों को दिए, खील, बतासे और फुलझड़ियाँ उपहार स्वरूप प्रदान की गयी । कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त सचिव डॉ. रश्मि शर्मा ने प्रधानाचार्य शर्मिला दास गुप्ता, अभिभावकों एवं शिक्षकों के साथ भगवान गणेश, माता लक्ष्मी, मां सरस्वती और भगवान कुबेर के विधिवत पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ किया।इसके बाद विद्यार्थियों ने नृत्य एवं गीत सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। भगवान गणेश, माता लक्ष्मी और मां सरस्वती के स्वरूप में सजे बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। समारोह में विद्यार्थियों की माताओं के बीच आयोजित दीया बैलेंसिंग रेस विशेष आकर्षण रही। वहीं पूजा थाली सजावट एवं बंदनवार प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। सह-प्रबंधिका डॉ. रश्मि शर्मा ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं, बल्कि अज्ञानता पर ज्ञान, अंधकार पर प्रकाश और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश देने वाला उत्सव है। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए हरित एवं सुरक्षित दीपावली मनाने तथा अपने जीवन में प्रेम, सद्भाव और अनुशासन के प्रकाश को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर संयुक्त सचिव द्वारा शिक्षकों एवं कर्मचारियों को उपहार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन छात्रा आराध्या एवं अदिति ने किया।

मासूम की मौत पर सांसद की चेतावनी, चौबीस घंटे में खुलासा नहीं तो सड़क पर होगा सत्याग्रह

अयोध्या। इनायतनगर थाना क्षेत्र के सहुलारा गांव में आठ दिन पूर्व घर के सामने खेलते समय लापता हुए तीन वर्षीय मासूम सुधांशु उर्फ कल्लू का क्षत-विक्षत शव बृहस्पतिवार को घर के समीप स्थित बाग में झाड़ियों के बीच मिला। मासूम का सिर और धड़ अलग-अलग पड़े थे, जबकि उसके हाथ-पैर अभी तक बरामद नहीं हुए हैं। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में मातम पसरा है और परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही अयोध्या-फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद सहुलारा गांव पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया। इस दौरान सांसद ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मासूम बच्चे तक सुरक्षित नहीं हैं। प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और जंगलराज कायम है। सांसद ने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने अयोध्या आ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ मिल्कीपुर के सहुलारा गांव में एक मासूम की दर्दनाक मौत से मातम पसरा हुआ है। जिस सरकार में आम आदमी और मासूम बच्चे सुरक्षित न हों, उस सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने प्रशासन को 24 घंटे के भीतर घटना का खुलासा करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय में घटना का पदार्फाश नहीं हुआ तो पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए जोरदार सत्याग्रह किया जाएगा।

बच्चों ने हर्षोल्लास से मनाया दिवाली का पर्व



अयोध्या। गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में अंधकार पर प्रकाश के विजय का प्रतीक दिवाली का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया । इस दौरान बच्चों का उत्साह चरम पे रहा। स्वनिर्मित दिवाली से बच्चों ने पूरे विद्यालय परिसर में दिये जलाने के साथ पटाखे और फुलझड़ियों का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के शुरूआत में राम दरबार की आरती उतारी गयी। प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल ने कहा कि दीपावली हमारे जीवन से निराशा, ईर्ष्या और अज्ञानता के अंधकार को दूर कर आशा, प्रेम और ज्ञान का प्रकाश भरने का पर्व है। प्रधानाचार्या शिखा दूबे ने कहा कि आत्मिक प्रकाश, शान्ति और आनन्द का त्यौहार दीपावली सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व के साथ एक ऐतिहासिक पर्व भी है जो मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के वनवास के खात्मे के साथ भगवान श्री कृष्ण द्वारा नरकासुर के अन्त की याद भी दिलाता है जो बुराई पर अच्छाई के विजय का प्रतीक है। इस दौरान कई सारी प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। बोर्ड डेकोरेशन में कल्पना चावला हाउस को प्रथम, एनी बेसेंट हाउस को द्वितीय और इंदिरा गांधी हाउस को तृतीय स्थान मिला, रंगोली मेकिंग में एनी बेसेंट हाउस प्रथम, मदर टेरेसा हाउस द्वितीय, इंदिरा गांधी हाउस तृतीय स्थान पर रहा जबकि दिया मेकिंग कम्पटीशन में अंशिका यादव को प्रथम, नंदिनी को द्वितीय तथा प्रिंसी को तृतीय स्थान मिला।

नाला निर्माण की धीमी रफ्तार से लोग परेशान

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या के गिरिजाकुंड परिक्रमा मार्ग, जनौरा में नाला निर्माण कार्य की बेहद धीमी गति स्थानीय निवासियों के लिए मुसीबत बन गई है। करीब 50 मीटर लंबे नाले का निर्माण कार्य एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं हो सका है। यह नाला 14 कोसी परिक्रमा मार्ग से एचसीजे एकेडमी तक बनाया जा रहा है। निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण क्षेत्र की जलनिकासी व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है। नाली का रास्ता अवरुद्ध कर दिए जाने से गंदा पानी लोगों के घरों में घुस रहा है। इससे स्थानीय निवासियों की दैनिक दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो रही है। जगह-जगह जलभराव, गंदगी और दुर्गंध के कारण लोगों का रहना मुश्किल हो गया है।

मण्डी समिति ने चलाया स्वच्छ मण्डी-शुभ मण्डी अभियान



सुलतानपुर (वीओएल)। मण्डी समिति परिसर में स्वच्छ मण्डी, शुभ मण्डी अभियान के अंतर्गत भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश प्रताप सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश प्रताप सिंह ने मण्डी में आने वाले किसानों एवं व्यापारियों को अंगवस्त्र व मिठाई भेंट कर सम्मानित किया और दीपावली की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं और व्यापारी मण्डी की रीढ़ हैं। मण्डी को स्वच्छ रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छ मण्डी होगी तो किसानों को भी अच्छा वातावरण मिलेगा और व्यापार भी सुगमता से होगा। उन्होंने सभी से मण्डी परिसर में गंदगी न फैलाने, पॉलीथिन का प्रयोग कम करने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर प्रभारी मण्डी सचिव सालिकराम वर्मा ने भी सभी किसानों व व्यापारियों को दीपावली, धनतेरस व भैया दूज की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मण्डी समिति के समस्त कर्मचारी, बड़ी संख्या में किसान, व्यापारी एवं मण्डी से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

सर्वाधिक इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड बनाने के लिए एम्स रायबरेली को मिला पुरस्कार



रायबरेली।उत्तर प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में, स्वास्थ्य सूचना प्रणाली' के तहत सबसे अधिक 'इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड' तैयार करने के लिए, रायबरेली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को 'आयुष्मान मेधा 2026' में पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान, डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड बनाने और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में डिजिटल हेल्थ सिस्टम को अपनाने की दिशा में संस्थान के योगदान को मान्यता देता है। 'आयुष्मान मेधा 2026' का आयोजन लखनऊ में किया गया था। यह कार्यक्रम 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन' उत्तर प्रदेश और 'चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण निदेशालय', उत्तर प्रदेश की एक संयुक्त पहल थी। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य राज्य के मेडिकल कॉलेजों में डिजिटल हेल्थ को बढ़ावा देना और 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन' को प्रभावी ढंग से लागू करना था। यह पुरस्कार, स्वास्थ्य सूचना प्रणाली के माध्यम से तैयार करने में एम्स रायबरेली के बेहतरीन प्रदर्शन को मान्यता देता है। इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड, डिजिटल स्वास्थ्य जानकारी को व्यवस्थित रूप से बनाने और उपलब्ध कराने में मदद करते हैं। ये मरीजों की देखभाल में निरंतरता, सुलभता और बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने के व्यापक प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यह उपलब्धि संस्थान की क्लिनिकल, नर्सिंग, तकनीकी, सूचना प्रौद्योगिकी और प्रशासनिक टीमों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। इन सभी टीमों ने कार्यकारी निदेशक डॉ. अमिता जैन के नेतृत्व में डिजिटल स्वास्थ्य प्रक्रियाओं को अपनाने और उनके उपयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

पुरस्कार मुख्य अतिथि श्रीमती वी. हेकाली झिमोमी (कअर) द्वारा प्रदान किया गया। वे उत्तर प्रदेश सरकार के चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग में प्रधान सचिव हैं। संस्थान की ओर से, अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज कुमार श्रीवास्तव ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।

मतदेय स्थलों की सूची का अंतिम प्रकाशन जारी

रायबरेली।उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ०प्र०, लखनऊ द्वारा निर्गत निदेर्शों एवं निर्धारित गाइडलाइन के अनुपालन में जनपद रायबरेली के सभी छः विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों का सम्भाजन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-25 के अंतर्गत किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार निर्धारित समय-सारिणी के क्रम में जनपद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 177-बछरावां (अ०जा०), 179-हरचन्दपुर, 180-रायबरेली, 181-सलोन (अ०जा०), 182-सरेनी एवं 183-ऊंचाहार के मतदेय स्थलों की सूचियों का अंतिम प्रकाशन 05 नवम्बर 2026 को कर दिया गया है।

उमेश द्विवेदी का गर्मजोशी से हुआ स्वागत



प्रतापगढ़। नवनिर्वाचित शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी का तीसरी बार लगातार निर्वाचन के बाद गृह क्षेत्र पहुंचने पर शिक्षकों व समर्थकों द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत हुआ दिखा। जिले की अगई सीमा पर वित्तविहीन शिक्षक महासभा के अध्यक्ष लाल कृष्ण प्रताप सिंह व प्रबंधक महासभा के अध्यक्ष गंगा प्रसाद पाण्डेय तथा समाजसेवी संतोष द्विवेदी की अगुवाई में बडी संख्या में जुटे शिक्षकों तथा समर्थकों ने फूल व मालाओं से विधायक उमेश द्विवेदी की आगवानी की। डीजे की धुन तथा बैण्डबाजे पर उत्साहित समर्थको को भाजपा एमएलसी उमेश द्विवेदी के स्वागत में मगन देखा गया। वहीं तहसील गेट पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार अहमद खॉन तथा उपाध्यक्ष नामवर सिंह की अगुवाई में एमएलसी उमेश द्विवेदी का वकीलों ने भी माल्यार्पण कर शानदार स्वागत किया। राजेन्द्र नगर में शिक्षक नेता बृजेश द्विवेदी तथा अधिवक्ता संजय द्विवेदी एवं डिफेंस टाइगर्स के सचिव मनीष मिश्र फौजी की अगुवाई में विधायक उमेश द्विवेदी का स्वागत समारोह हुआ। उमेश द्विवेदी लखनऊ शिक्षक स्नातक क्षेत्र से लगातार तीसरी बार निर्वाचित होने के बाद गृह क्षेत्र पहुंचे। उन्होने कहा कि चुनाव में मिली सफलता प्रदेश भर के शिक्षको व प्रबुद्ध वर्ग तथा समर्थकों के विश्वास की जीत है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शिक्षकों के सम्मान व हितों पर कभी आंच नहीं आने पाएगी।

महंगाई पर काबू पाने में मोदी सरकार अक्षम : प्रमोद तिवारी

उपनेता ने भाजपा सरकार के कार्यकाल में असफलताओं पर बोला तीखा हमला



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि मंहगाई के चलते देश का मध्यम वर्ग तथा घरेलू क्षेत्र सरकार की गलत नीतियों की कीमत चुका रहा है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार लगातार बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाने में पूरी तरह से अक्षम साबित हो चुकी है। शुक्रवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने अठेहा तथा सांगीपुर, रामगंज बाजार आदि स्थानो पर कार्यकताओं से संवाद करते हुए कहा कि मोदी सरकार देश में लोकतंत्र के जरिए जनता को मिले वोट के अधिकार को खण्डित करने का अनैतिक प्रयास जारी रखे हुए है। उन्होने अमेरिकी सीनेट के चुनाव को लेकर मोदी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि वहां भी टंज्प की तुगलकी नीतियों के कारण बढ़ी महंगाई तथा टैरिफ की मनमर्जी के खिलाफ जनादेश आया है। उन्होने कहा कि अमेरिकी संसद के चुनाव परिणाम देश में मंहगाई तथा बेरोजगारी में बेतहाशा बढ़ोत्तरी को लेकर पीएम मोदी के लिए खतरे की घण्टी का आगाज है। सांसद प्रमोद तिवारी ने भारत-बांग्लादेश के बीच गंगा जल बंटवारा सन्धि फरक्का को लेकर भी मोदी सरकार से राष्ट्रीय हितों के प्रति सावधानी बरतने को कहा है। उन्होने कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं की हत्या हो रही है और मंदिर तोड़े जा रहे हैं। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार को सीमावर्ती बिहार तथा पश्चिम बंगाल के सिंचाई हितों को देखते हुए भी बांग्लादेश के साथ संधि में किसी भी शर्त को स्वीकार नहीं करना चाहिए। अग्निवीरों के दो वर्ष के कार्यकाल बढ़ोत्तरी के भी केंद्र सरकार के फैसले को सांसद प्रमोद तिवारी ने सेना तथा जवानों का अपमान बताया है। उन्होने कहा कि अग्निवीर जवानों को इस प्रकार के अस्थायी सेवा की यह व्यवस्था सरकार को तत्काल खत्म करना चाहिए। उन्होने कहा कि इन जवानों को भी सेवानिवृत्त तक स्थायी सेवा के साथ पेंशन समेत सभी समान सुविधाएं मिलनी चाहिए। सांसद प्रमोद तिवारी सिलौधी बादशाहपुर में जगदीश नारायण मिश्र के संयोजन में आयोजित धार्मिक आयोजन में शामिल हुए। बाबा घुइसरनाथ धाम में उन्होने मत्था टेकते हुए विधायक मोना के द्वारा संचालित हो रही पर्यटन से जुड़ी विकास परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। रामपुर क्षेत्र के भइयापुर पूरे छत्तू में सांसद प्रमोद तिवारी ने लक्ष्मीकांत पाण्डेय के संयोजन में पुराण कथा में पहुंचकर कथा का रसपान किया।

धनतेरस पर ललितपुर के बाजारों में उमड़ी खरीदारों की भीड़



ललितपुर। धनतेरस के पावन पर्व पर शुक्रवार को ललितपुर के बाजारों में खरीदारी का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही शहर के प्रमुख बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड? लगी, जो देर शाम तक जारी रही। सोने-चांदी के आभूषणों से लेकर बर्तन, मिट्टी के दीये, सजावटी झालर, स्टीकर और दीपावली पूजन से जुड़ी सामग्री की जमकर खरीदारी हुई। त्योहार के चलते बाजारों में रौनक छाई रही और व्यापारियों के चेहरों पर भी खुशी दिखाई दी। धनतेरस पर परंपरा के अनुसार लोगों ने सोने-चांदी के आभूषणों की खरीदारी की। वहीं घरों को रोशन और सजाने के लिए मिट्टी के दीये, रंग-बिरंगी झालरें, आकर्षक स्टीकर और अन्य सजावटी सामान भी खूब बिके। ग्रामीण और पारंपरिक संस्कृति से जुड़ी मिट्टी की ग्वालिन तथा पशुओं के मुड़घरे खरीदने के लिए भी लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया। पूजा-पाठ की सामग्री और दीपावली से संबंधित सामान की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। शहर के सदर कांटा से लेकर आजाद चैक तक बाजार में खरीदारों की भारी भीड़ नजर आई। ज्वैलर्स मनमोहन जडिया ने बताया कि बार ग्राहकों की खासी संख्या सराफा बाजार में रही और लोगों ने अपने बजट के अनुसार खरीदारी की। वहीं कटरा बाजार में स्थिति यह रही कि लोगों को पैदल निकलने तक में परेशानी का सामना करना पड़ा। दुकानों के बाहर ग्राहकों की कतारें लगी रहीं। परिवारों के साथ पहुंचे लोगों ने दीपावली की तैयारियों के लिए जमकर खरीदारी की। धनतेरस के अवसर पर बाजारों की चहल-पहल ने त्योहार की खुशियों और उल्लास को और बढ़ा दिया।

श्रीराम जन-जन के दिलों में रहते हैं: डॉ. मदन मोहन



चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। प्रतापपुर कमैचा स्थित नेताजी सुभाष सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित त्रिदिवसीय मानस सम्मेलन का समापन शुक्रवार को भक्तिमय वातावरण में हुआ। वाराणसी से आए मानस कोविद डॉ. मदन मोहन मिश्र ने कहा कि दुनिया के राजा किलों में रहते थे, इसलिए इतिहास बन गए, लेकिन भगवान श्रीराम आज भी जन-जन के हृदय में विराजमान हैं। उन्होंने रामराज्य की मयार्दा, नीति और सामाजिक समरसता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीराम का चरित्र आज भी समाज के लिए आदर्श है। जालौन से आई मानस माधुरी पंडिता अखिलेश्वरी ने पारिवारिक एकता का संदेश दिया। प्रतापगढ़ के पंडित आशुतोष द्विवेदी ने सत्संग और प्रभु भक्ति का महत्व बताया। राम जी रामायणी ने भरत चरित्र का वर्णन किया, जबकि डॉ. धर्मेंद्र शुक्ल के भजनों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्याधर तिवारी ने किया। प्रबंधक सत्यदेव पांडेय ने विद्वानों को अंगवस्त्र एवं श्रीराम की प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया। समिति अध्यक्ष सभाजीत मिश्र ने आभार जताया। इस अवसर पर महंत शिवधारी दास, महंत शिवशंकर दास, गौरव तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

महंगाई से फीकी पड़ी धनतेरस की रौनक : प्रो. रामगोपाल यादव



इटावा। धनतेरस पर इटावा के बाजार में खरीदारी करने पहुंचे सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव ने महंगाई को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछले साल की तुलना में इस बार बाजार में भीड़ कम है। चांदी की कीमतों में करीब दोगुनी बढ़ोतरी होने से गरीब आदमी के लिए 10 ग्राम का सिक्का खरीदना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि महंगाई पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। धनतेरस के मौके पर खरीदारी करने पहुंचे रामगोपाल यादव ने कहा कि वह हर वर्ष धनतेरस पर इटावा आते हैं और चांदी के सिक्के खरीदते हैं। इस बार पिछले साल की तुलना में बाजार में भीड़ कम दिखाई दी। उन्होंने कहा कि पिछले साल बाजार से निकलना मुश्किल था, जबकि इस बार आसानी से निकल गए। उन्होंने कहा कि चांदी की कीमत करीब दोगुनी हो गई है। महंगाई का असर ऐसा है कि गरीब आदमी की स्थिति 10 ग्राम का चांदी का सिक्का खरीदने की भी नहीं रह गई है। महंगाई पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है और स्थिति ठीक नहीं है। हालांकि उन्होंने दीपावली को खुशियों का सबसे बड़ा त्योहार बताते हुए कहा कि समुद्र मंथन के दौरान इसी दिन अमृत कलश लेकर भगवान धन्वंतरि प्रकट हुए थे और मां लक्ष्मी का भी समुद्र से प्राकट्य हुआ था। यह सनातन धर्म का महत्वपूर्ण पर्व है, लेकिन महंगाई त्योहार की खुशियों पर भी असर डाल रही है। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन कुलदीप गुप्ता सन्टू, सपा प्रदेश सचिव गोपाल यादव, सभासद शफी अहमद बालक, आलोक दीक्षित, कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह, अस्तल चैकी इंचार्ज मुकेश कुमार मौजूद रहे।

पटाखे न मिलने पर खाली हाथ लौटी पुलिस

भरथना, इटावा। एक मकान में भारी मात्रा में आतिशबाजी मिलने की सूचना पर छापा मारने पहुँची पुलिस टीम को वहाँ पर किसी भी प्रकार की आतिशबाजी व संदिग्ध सामग्री न मिलने पर खाली हाथ लौटना पडा। बीती गुरूवार की रात्रि करीब 9 बजे कस्बा में आतिशबाजी बिक्री करने वालों में उस समय हडकम्प मच गया, जब एक मकान में भारी मात्रा में आतिशबाजी रखे होने की सूचना पुलिस टीम को मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुँची और गोदाम की जाँच पडताल की, तो उसमें किसी भी प्रकार की आतिशबाजी व संदिग्ध सामग्री बरामद नहीं हुई। जिसके चलते पुलिस टीम को खाली हाथ लौटना पडा। मामले की जानकारी होने पर पहुँचे भाजपा मण्डल अध्यक्ष ओमप्रताप सिंह बण्टू गौर ने बताया कि उक्त मकान भाजपा मण्डल महामंत्री व प्रतिष्ठित व्यापारी त्रिलोकी पोरवाल के बडे भाई मुकेश पोरवाल का है। जहाँ पुलिस द्वारा छापामारी की गई है। मण्डल अध्यक्ष श्री गौर ने बताया कि पुलिस को मिली सूचना की निष्पक्षता से जाँच करनी चाहिये। यदि सूचना गलत थी, तो सूचनाकर्ता की पहचान करके उसके विरूद्ध कार्यवाही करनी चाहिये, किन्तु इस तरह से व्यापारियों को परेशान न किया जाये।

अंधविश्वास के अंधेरे में उल्लुओं का शिकार, वन विभाग अलर्ट

इटावा। दीपावली पर घर-घर मां लक्ष्मी की पूजा कर लोग सुख-समृद्धि और धन-वैभव की कामना करते हैं, लेकिन इसी त्योहार के आसपास अंधविश्वास के चलते एक बेजुबान पक्षी की जिंदगी खतरे में पड़ जाती है। मां लक्ष्मी की सवारी माने जाने वाले उल्लू को लेकर तंत्र-मंत और बलि से धन प्राप्त होने जैसी निराधार मान्यताएं शिकारियों व वन्यजीव तस्करों के लिए कमाई का जरिया बन जाती है।

दुलर्भ प्रजापति के उल्लुओं की मांग व अवैध शिकार की आशंका को देखते हुए इटावा की राष्ट्रीय चंबल सेंचुरी में वन विभाग अलर्ट हो गया है। चंबल के बीहड़ों से लेकर संभावित तस्करी के ठिकानों तक निगरानी बढ़ा दी गई है। संवेदनशील क्षेत्रों में वन विभाग की टीमें सक्रिय कर दी गई है ताकि त्योहार की आड़ में वन्यजीवों का शिकार व तस्करी न हो सके।

पत्नी की हत्या मामले में पति गिरफ्तार



इटावा। पत्नी की गला दबाकर हत्या करने वाले रु. 25,000 के इनामियाँ वांछित अभियुक्त पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार। वरिष्ठपुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण क्षेत्राधिकारी चकरनगर अभयनारायण राय के नेतृत्व में थाना भरेह पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही। 3 नवम्बर को वादी अभिलाख सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी ग्राम नवादा महिपतसाह, थाना अयाना औरैया द्वारा थाना भरेह पर लिखित तहरीर दी गई कि उनकी बहन की उसके पति द्वारा गला दबाकर हत्या कर दी गई है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना भरेह पर मामला दर्ज किया गया। एसएसपी द्वारा दिये गये निदेर्शों शुक्रवार को थाना भरेह पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त कही जाने की फिराक में महुआसूडा के पास खडा है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए अभियुक्त शिवपूजन पुत्र नत्थूसिंह उर्फ नाथू सिह निवासी पहलन थाना भरेह को महुआसूडा के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष जगदीश भाटी रहे।

छह दिसंबर को लखनऊ में बसपा रचेगी नया इतिहास, महारैली में उमड़ेगा जनसैलाब: रविकांत मौर्य

ललितपुर। बहुजन समाज पार्टी की ओर से आगामी 6 दिसंबर 2026 को लखनऊ में आयोजित होने वाली विशाल महारैली की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को पार्टी जिला कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध एड. की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य मंडल प्रभारी रविकांत मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में उप

संक्षेप

पीएम आवास योजना के सत्यापन को अधिकारी नामित

बांदा। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण सर्वेक्षण के आधार पर तैयार सूची का वरीयताक्रम निर्धारित कर सूची का सत्यापन बीडीओ के निर्देशन में ग्राम पंचायत के सचिवों द्वारा किया जाना है। मुख्य विकास अधिकारी स्तर से भी विकासखंडों की ग्राम पंचायतों में सूची में उपलब्ध लाभार्थियों का रैंडम सत्यापन किये जाने को जिला स्तरीय अधिकारी नामित किये गये हैं।नामित अधिकारियों में जिला विकास अधिकारी कविता तिवारी को विकासखंड तिंदवारी, जसपुरा का दायित्व सौंपा गया है। राजेश परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण बड़ोखरखुर्द व महुआ, करुणाकर अदीब उपायुक्त मनरेगा को बिसंडा व नरैनी, दिवाकर सिंह उपायुक्त एनआरएलएम को विकासखंड बबेरू व कमासिन का दायित्व सौंपा गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा सत्यापन कार्य में अथवा आवास स्वीकृत कराये जाने के लिए किसी भी प्रकार की शुल्क या धनराशि की मांग की जाती है तो तत्काल जिला स्तरीय अधिकारी या उन्हें सूचित करें।

धनतेरस पर जिले में लगभग साठ करोड़ कारोबार का अनुमान

बांदा। पांच दिन तक चलने वाले रोशनी के पर्व दिवाली की शुरूआत शुक्रवार को धनतेरस के साथ हुई। धनतेरस को शहर से लेकर गांव तक के बाजार रोशनी से जगमगा गए। ग्राहकों की भीड़ को देखते हुए शोरूम देर रात तक खुले रहे। धनतेरस को लेकर

- **सोना-चांदी सहित बाइक, कारों के शोरूम में रही भीड, बर्तन कारोबार चमका**



बाजार में काफी उत्साह रहा है। त्योहार पर शहर के प्रमुख बाजारों में देर रात तक खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ती रही। शहर के महेश्वरी देवी मंदिर चैक बाजार से लेकर बाबूलाल चैराहा, कालूकुआं के व्यापारिक प्रतिष्ठान रंग-बिरंगी रोशनी से नहाए रहे।

बाजार में देर रात तक खरीदारी होती रही। कारोबारी संगठनों के अनुसार, धनतेरस पर जिले में लगभग 60 करोड़ के कारोबार का अनुमान है। इस वर्ष का कारोबार पिछले वर्ष की तुलना में 10-15 फीसदी अधिक हो सकता है। सभी सराफा शोरूम पर देर रात तक ग्राहकों की भीड़ रही। इस वर्ष हल्के आभूषणों, सोने के लॉकेट और हॉलमार्क वाले सोने-चांदी के सिक्कों की सर्वाधिक मांग रही। चांदी के बर्तनों (कटोरी, ग्लास, चम्मच) और लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों की अग्रिम बुकिंग व तत्काल खरीदारी में 20 से 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी बतायी जा रही है।

ग्राहकों के उत्साह को देखते हुए ऑटोमोबाइल, सराफा, इलेक्ट्रॉनिक समेत अन्य बाजारों में धनतेरस पर 30 करोड़ का कारोबार बताया जा रहा है। धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर हर कोई कुछ न कुछ खरीदकर शगुन मनाया। ऑटोमोबाइल में जहां इलेक्ट्रॉनिक बाइकें लोगों को लुभाती रही हैं। वहीं कार शोरूमों में 15 लाख तक की रेंज की लगभग 65 कारें ग्राहकों को सुपुर्द की गई। धनतेरस को लेकर जिले की 15 से अधिक बाइक एजेंसियों में 500 से अधिक बाइकों की बुकिंग धनतेरस के पूर्व हो चुकी थी। कई दुकानदार ने प्रत्येक वाहन की खरीद पर निश्चित उपहार भी दिया।

धनतेरस पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम



महोबा। धनतेरस पर्व पर सोने-चांदी, बर्तन और घरेलू सामान की खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। चित्रकूटधाम परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस के दिशा-निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के नेतृत्व में पूरे जनपद के प्रमुख एवं सराफा बाजारों में विशेष पुलिस बल तैनात किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह स्वयं इस पूरी सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रही हैं। त्योहार के दौरान बाजारों में आने वाली महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुख्य बाजारों और सराफा दुकानों के आसपास सादे कपड़ों और वर्दी में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। पुलिस अधिकारियों ने सख्त निर्देश दिए हैं कि महिलाओं के साथ होने वाली किसी भी प्रकार की अभद्रता या अप्रिय घटना पर तुरंत और कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही चोर-उचक्कों, चेन स्नैचरों और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के लिए गश्त बढ़ा दी गई है। जिले के सभी क्षेत्राधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।

उर्वरक वितरण की जिलाधिकारी ने वर्चुअल समीक्षा

बहराइच। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा उर्वरक वितरण कार्य की वर्चुअल समीक्षा करते हुए जिला कृषि अधिकारी, सहायक निबंधक एवं सहायक आयुक्त सहकारिता एवं उप कृषि निदेशक, समस्त एसडीएम एवं बीडीओ को पारदर्शी तरीके से शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर उर्वरक बिक्री के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त उर्वरक विक्रेताओं को सचेत किया है कि यदि कोई भी विक्रेता निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बिक्री करता है तो उसके खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराते हुए कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में इस समय कुल 34258 मैट्रिक टन यूरिया, 7383 मेट्रिक टन डीएपी, 1012 मैट्रिक टन टीएसपी, 5872 मैट्रिक टन एनपीके तथा 16175 मैट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उपलब्ध है। वर्तमान समय में सहकारिता के 133 व प्राइवेट सेक्टर के 1357 बिक्रय केंद्र चल रहे हैं उन सभी पर निरंतर डीएपी, यूरिया एवं एनपीके की सप्लाई की जा रही जिलाधिकारी श्री पाण्डेय द्वारा सभी बिक्री केंद्रों पर लेखपाल, ग्राम पंचायत सचिव एवं कृषि विभाग के तकनीकी सहायक द्वारा निरंतर निगरानी करके नियमानुसार उर्वरक बिक्री कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता को निर्देशित किया कि सभी समितियों पर निरंतर एवं पारदर्शी तरीके से डीएपी उर्वरक की सप्लाई की जाए इसमें कोई भी शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एसपी ने सुनीं जनशिकायतें



बहराइच। पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी उपस्थित रहे।

किसानों के समस्त अवशेष गन्ना मूल्य का भुगतान मिल चलने के 15 दिन में हो: डीएम



बिजनौर। जनपद के किसानों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए चीनी मिल बिलाई द्वारा अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान की कार्य योजना के अंतर्गत 06 नवंबर 2026 तक किसानों को आठ करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। इस संबंध में जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि चीनी मिल बिलाई द्वारा किसानों के शेष गन्ना मूल्य भुगतान की प्रक्रिया जारी है। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने चीनी मिल बिलाई को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसानों के समस्त अवशेष गन्ना मूल्य का भुगतान चीनी मिल चलने के 15 दिवस के अंदर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों के गन्ना मूल्य भुगतान में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्धारित समयावधि में भुगतान सुनिश्चित न करने की स्थिति में चीनी मिल के विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों के गन्ना मूल्य भुगतान की नियमित निगरानी की जाए तथा किसानों को समय से भुगतान उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

एसपी ने नवनिर्मित लाइंस कार्यालय का किया उद् घाटन

बहराइच। पुलिस अधीक्षक द्वारा नवनिर्मित क्षेत्राधिकारी लाइन्स कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के उपरांत पुलिस अधीक्षकद्वारा नवनिर्मित कार्यालय का विस्तृत निरीक्षण किया गया तथा वहां उपलब्ध कराई गई व्यवस्थाओं, आधारभूत सुविधाओं एवं कार्यालयीन संसाधनों का जायजा लिया गया। नवनिर्मित कार्यालय के स्थापित होने से क्षेत्राधिकारी लाइन्स के कार्यालयीन कार्यों के संपादन में अधिक सुविधा एवं सुगमता होगी। साथ ही पुलिस लाइन्स से संबंधित प्रशासनिक एवं पर्यवेक्षणीय कार्यों को अधिक व्यवस्थित, प्रभावी एवं समयबद्ध ढंग से संचालित करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी, सहायक पुलिस अधीक्षक पयागपुर श्री कनिष्क आर जामकर, प्रतिसार निरीक्षक दिलीप द्विवेदी सहित पुलिस विभाग के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

उप निरीक्षक आशुतोष दुबे उत्कृष्ट सेवाओं और सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा इमीग्रेशन चेक पोस्ट पर तैनात उप निरीक्षक आशुतोष दुबे को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं, कर्तव्यनिष्ठा एवं समाज के प्रति समर्पण भाव से किए जा रहे कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। आपको बताते चले कि आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा के चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य ने उन्हें अंग वस्त्र स्मृति चिह्न दीपावली की मिठाई भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया एवं उनके कार्यों की जमकर सराहना की गई।नगर पंचायत चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य ने कहा कि आशुतोष दुबे ने अपने सरकारी दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठ के साथ साथ सामाजिक कार्यों में भी सराहनीय योगदान रहा है सीमावर्ती क्षेत्र में अपनी सेवाएं देते हुए समाज के प्रति उनकी संवेदनशीलता और जनहित के कार्यों में सक्रियता प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति की वास्तविक पहचान केवल उसके पद से नहीं, बल्कि उसके कार्यों और समाज के प्रति उसके समर्पण से होती है। आशुतोष दुबे ने अपने कार्यों से इस बात को सार्थक किया है ।ज्ञातव्य हो कि इसी वर्ष आशुतोष दुबे को भारत सरकार के गृह मंत्रालय एवं पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव बहराइच द्वारा उनकी ईमानदारी, कर्तव्यपरायणता और समाज के लिए किए गए अनुकरणीय कार्यों के लिए 'अति उत्कृष्ट सेवा मेडल' से सम्मानित किया जा चुका है। यह राष्ट्रीय स्तर का सम्मान उनकी सेवा भावना, कार्य के प्रति प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट योगदान का परिचायक है।आशुतोष दुबे का मानना है कि सरकारी सेवा केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज और आमजन के प्रति सेवा का अवसर भी है। इसी भावना के साथ वे अपने दायित्वों का निर्वहन करने के साथ सामाजिक गतिविधियों में भी सहभागिता निभाते रहे हैं। उनके कार्यों की क्षेत्र में लगातार सराहना हो रही है ।इस अवसर पर अजीत शुक्ला एवं प्रशांत पांडेय (इमीग्रेशन सहायक अधिकारी) भी उपस्थित रहे। नगर पंचायत चेयरमैन ने आशुतोष दुबे को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वे भविष्य में भी इसी तरह अपनी सेवाओं और सामाजिक कार्यों के माध्यम से क्षेत्र का नाम रोशन करते रहेंगे ।सम्मान प्राप्त करने पर आशुतोष दुबे ने नगर पंचायत चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया।

पूर्व सैनिक और उनके परिवार की समस्याएं गंभीरता से निपटायें: डीएम

जिला संवाददाता (वीओएल)



बिजनौर। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि पूर्व सैनिकों ने देश की सुरक्षा एवं सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके सम्मान एवं कल्याण को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व सैनिकों तथा दिवंगत सैनिकों की वीर नारियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाएगा।

जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सैनिकों एवं उनके परिजनों से संबंधित समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा परस्पर विभागीय समन्वय स्थापित कर प्रकरणों का गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने तहसील सदर से संबंधित एक प्रकरण में वीर नारी द्वारा उठाई गई समस्या का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उप जिलाधिकारी सदर एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी शहर को पत्र प्रेषित कर समस्या का समाधान सुनिश्चित करने तथा एक सप्ताह के भीतर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार तहसील चांदपुर से संबंधित एक प्रकरण में उप जिलाधिकारी चांदपुर एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी चांदपुर को पत्र प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों से संबंधित कुल 22 पुराने तथा 12 नए प्रकरणों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का गंभीरता से परीक्षण करते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही की जाए तथा शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापरक ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों की समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता एवं तत्परता बरतना सभी संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी, पूर्व सैनिक एवं वीर नारियां उपस्थित रहे।

त्योहारों को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए डीएम ने की बैठक

कुशीनगर। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी धनतेरस, दीपावली, भाई दूज एवं छठ पूजा को सकुशल, शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ संपन्न कराने के दृष्टिगत बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष, विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी तथा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए धर्मगुरु एवं संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं थानाध्यक्षों से अब तक की गई तैयारियों तथा पीस कमेटी की बैठकों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लें तथा संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराएं। त्योहारों के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, नियमित गश्त एवं सतर्क निगरानी सुनिश्चित की जाए। साथ ही अफवाहों पर विशेष नजर रखी जाए और किसी भी भ्रामक सूचना अथवा अप्रिय स्थिति पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए।स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को समस्त सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, आवश्यक दवाओं एवं चिकित्सा उपकरणों की पर्याप्त व्यवस्था रखने तथा एंबुलेंस को सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित कर प्रमुख एवं संवेदनशील स्थलों पर तैनात करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। विद्युत विभाग के अधिकारियों को त्योहारों के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ ही विद्युत तारों एवं पोल का निरीक्षण कराने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से नीचे लटक रहे विद्युत तारों को निर्धारित ऊंचाई तक व्यवस्थित एवं टाइट कराने तथा किसी भी प्रकार की विद्युत दुर्घटना की आशंका को समय रहते दूर करने को कहा गया।

मूर्ति विसर्जन के संबंध में सभी आयोजकों से पूर्व में ही समन्वय स्थापित करने तथा विसर्जन के दौरान निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। मूर्तियों की ऊंचाई निर्धारित सीमा के अनुरूप रखने, विसर्जन मार्गों का पूर्व निरीक्षण करने तथा जुलूस एवं विसर्जन के दौरान यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।

107 परीक्षा केंद्रों की प्रस्तावित सूची जारी

बहराइच। माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2027 को सकुशल एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जनपद बहराइच में परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निदेर्शानुसार माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा निर्धारित मानक एवं समय-सारिणी के अनुरूप जनपद के 107 परीक्षा केन्द्रों की प्रस्तावित सूची (विद्यालय छात्र आवंटन सहित) जारी की गई है।प्रस्तावित सूची में सम्मिलित विद्यालयों के संबंध में यदि किसी संस्था, विद्यालय, छात्र, अभिभावक, प्रधानाचार्य अथवा प्रबन्धक को कोई आपत्ति या शिकायत है तो वह अपना प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप पर उचित कारण एवं साक्ष्य सहित माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट यूपीएमएसपी डाट ईडीयू डाट यूपी पर ऑनलाइन प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

खरीदारी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लोग उठा रहे आनंद



बांदा। माटी कला बोर्ड एवं खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित माटी कला एवं खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में प्रतिदिन भारी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। प्रदर्शनी में माटी कला एवं खादी ग्रामोद्योग से जुड़े विभिन्न उत्पादों के स्टॉल एवं दुकानों पर खूब खरीदारी की जा रही है। विशेष रूप से दीपावली के त्योहार को देखते हुए मिट्टी से निर्मित दीपक, सजावटी सामग्री एवं अन्य पारंपरिक उत्पादों के प्रति लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। दीपावली के अवसर पर बच्चों एवं परिवारों के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए प्रदर्शनी स्थल पर छोटे-छोटे झूलों की व्यवस्था भी की गई है, जिससे मेले का आकर्षण और बढ़ गया है। बच्चे एवं परिवारजन खरीदारी के साथ-साथ मनोरंजन का भी भरपूर आनंद उठा रहे हैं। प्रदर्शनी के अंतर्गत कल आयोजित गायन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सान्वी द्विवेदी, द्वितीय अटल आवासीय विद्यालय के बच्चों के समूह, तृतीय पुरस्कार वैष्णवी गर्ग को दिया किया गया। कार्यक्रम में नटराज संस्थान के धनंजय सिंह व संचालन दीनदयाल सोनी ने किया।

पटाखों की दुकानों का किया निरीक्षण

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर के साथ खुखुन्दू में संचालित पटाखों की दुकानों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानों पर सुरक्षा मानकों, अग्निशमन व्यवस्थाओं तथा निर्धारित नियमों के अनुपालन की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने दुकानदारों से सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी भी प्राप्त की जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पटाखों की दुकानों पर अग्नि सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित कराए जाएं। दुकानों पर अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, आपात स्थिति से निपटने की व्यवस्था तथा दुकानों के आसपास पर्याप्त सुरक्षा एवं आवागमन की व्यवस्था बनाए रखी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पटाखों की बिक्री निर्धारित मानकों एवं नियमों के अनुरूप ही होनी चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

भूगोल में पीएचडी हासिल कर रिम्पी राय ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

भटनी (देवरिया)। स्थानीय क्षेत्र के बासघांटी गांव निवासी रिम्पी राय ने भूगोल विषय में पीएचडी की उपाधि हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उन्होंने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर से अपना शोध कार्य पूरा किया। उनका शोध विकासखंड नवानगर (बलिया) की जनसंख्या के स्थानिक-कालिक प्रतिरूप के भौगोलिक विश्लेषण पर आधारित रहा। उन्होंने यह उपलब्धि शोध निर्देशक डॉ. प्रेमलाल टम्टा के निर्देशन में प्राप्त की।रिम्पी की इस सफलता पर उनके पति सुधांशु राय, सुखदेव राय, सत्यदेव राय, शत्रुघ्न राय, आशुतोष राय, हिमांशु राय, अखिलेश राय और दिव्यांशु राय सहित परिजनों एवं ग्रामवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी। उनकी उपलब्धि को क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 180 मरीजों की हुई जांच

भटनी, देवरिया। धनतेरस के शुभ अवसर पर लोकहित हेल्थ केयर सेंटर चिउड़ा गली प्रताप रोड भटनी के तत्वाधान में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 180 मरीजों की तमाम बिमारियों की जांच की गई। डॉ अरुण कुमार पाल के नेतृत्व में जांच शिविर का आयोजन शुक्रवार को सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुआ। जिसमें शुगर, बी पी, ब्लड ग्रुप, वजन, युरिक एसिड, एसीडिटी, आक्सीजन लेवल एवं पलस टेस्ट की जांच कर दवा लिखी गई। इस दौरान डॉ पाल ने कहा कि स्वास्थ्य ही जीवन है। आज की हालत में अपने खान पान पर विशेष ध्यान रखना चाहिए।

इस अवसर पर डॉ ए के पाल, रामसिंह पाल, जयंत कुमार सिंह भोला, हिमांशु कुशवाहा, स्नेहा गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, शिला देवी, विशाल, आमिर चंद्र अंशु, नमन कनौजिया, लक्की आदि उपस्थित रहे।

शहर में रहा जाम, वीआईपी व एंबुलेंस भी फंसी



बांदा। धनतेरस को यातायात का दबाव बढ़ने से शुक्रवार देर शाम शहर के बलखंडीनाका, से लेकर बाबूलाल चैराहा, छावनी, कालूकुआं मार्ग पर भीषण जाम लग गया। दोपहर से लेकर देर शाम तक तक वाहन रेंगते रहे। रात करीब नौ बजे के बाद यातायात सामान्य हो सका।दोपहर में बलखंडीनाका, से लेकर बाबूलाल चैराहा तक, रामलीला मार्ग, छावनी मार्ग, पीलीकोठी, स्टेशनरोड, कालूकुआं पटरी पर जाम लगना शुरू हुआ। कुछ ही देर में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। दोनों ओर दो किलोमीटर तक वाहन फंसे रहे। यातायात पुलिसकर्मियों ने जाम खुलवाने का प्रयास किया। हालांकि, वाहनों की लगातार संख्या बढ़ने के कारण स्थिति संभल नहीं सकी। जाम का असर रोडवेज, राणा प्रताप चैक तक पहुंच गया। शाम आठ बजे के आसपास कोतवाली रोड, छोटीबाजार में हालात गंभीर हो गए। इसके बाद कोतवाली, थाने की पुलिस सड़क पर उतरी, लेकिन जाम से राहत नहीं मिली। राहगीरों के साथ ही एंबुलेंस भी बाबूलाल चैराहे में जाम का शिकार हुई। धीरे-धीरे रात नौ बजे के बाद हालात सुधरे।

हत्या के चार आरोपियों को आजीवन कैद, 52 हजार जुर्माना

बांदा। थाना गिरवां क्षेत्र में सन 2023 में बांका से हमला कर एक व्यक्ति की हत्या करने वाले चार अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा व 52 हजार रुपये जुर्माने की सजा से दंडित किया गया है। थाना गिरवां क्षेत्र के ग्राम बंडे में 18 जून 2023 को रामकिशोर, कंजीलाल, बिहारी व अमर ने एक व्यक्ति पर बांका से हमला कर उसे घायल कर दिया था। इसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। मृतक के पत्नी द्वारा दी गई तहरीर पर थाना गिरवां में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। विवेचना तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप तिवारी ने की। आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। लोक अभियोजक देवदत्त मिश्रा ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की। आरोप सिद्ध होने पर रामकिशोर पुत्र रामदेव निवासी ग्राम बंडे थाना गिरवां, कंजीलाल पुत्र रामकिशोर निवासी ग्राम बंडे थाना गिरवां, बिहारी पुत्र रामकिशोर निवासी ग्राम बंडे थाना गिरवां, अमर पुत्र रामकिशोर निवासी ग्राम बंडे थाना गिरवां को आजीवन कारावास व कुल 52 हजार रुपये जुमार्ने की सजा से दंडित किया गया है।

दीपावली से पूर्व आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का भुगतान करने का निर्देश

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में स्वास्थ्य विभाग एवं बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार (आईसीडीएस) विभाग के अंतर्गत कार्यरत आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) एवं अन्य संबंधित कर्मचारियों के मानदेय एवं पारिश्रमिक भुगतान की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी संबंधित कर्मचारियों का भुगतान दीपावली पर्व से पूर्व प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए, ताकि त्योहार के अवसर पर किसी भी कर्मचारी को आर्थिक कठिनाई का सामना न करना पड़े। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग एवं आईसीडीएस विभाग में कार्यरत कर्मचारियों के लंबित भुगतान की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ), आईसीडीएस को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में कार्यरत सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं अन्य संबंधित कर्मचारियों का लंबित मानदेय एवं देय भुगतान करें।

आकांक्षा समिति की अध्यक्ष ने वृद्धाश्रम एवं विशेष दत्तक ग्रहण इकाई का किया निरीक्षण



कुशीनगर। जनपद की आकांक्षा समिति की अध्यक्ष अर्पणा चौहान ने शुक्रवार को अपराह्न 12:30 बजे जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा संचालित विशेष दत्तक ग्रहण इकाई, कुशीनगर तथा जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया।वृद्धाश्रम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां निवासरत वृद्धजनों से संवाद कर उनके स्वास्थ्य, आवास एवं उपलब्ध कराई जा रही अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली तथा उनका कुशलक्षेम जाना। इस अवसर पर उन्होंने वृद्धजनों को फल एवं मिष्ठान वितरित कर दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की कामना की। वृद्धजनों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आयोजित स्वास्थ्य शिविर में ब्लड जांच, शुगर एवं ब्लड प्रेशर सहित अन्य आवश्यक जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार दवाओं का वितरण किया गया। इस दौरान उन्होंने शुगर एवं ब्लड प्रेशर से पीड़ित वृद्धजनों के खान-पान, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों एवं वृद्धाश्रम संचालक को दिए। इसके उपरांत विशेष दत्तक ग्रहण इकाई के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां आवासित बच्चों एवं नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं भोजन व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही इकाई परिसर में साफ-सफाई एवं स्वच्छता की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, लेखाकार पुनीत यादव, वृद्धाश्रम प्रबंधक रागिनी सिंह, वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासिका रीता यादव तथा विशेष दत्तक ग्रहण इकाई की मैनेजर लक्ष्मी उपाध्याय सहित अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री से मिलकर दिलाई 16 लाख की सहायता और 12 डिसमिल जमीन

भटनी(देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के नोनापार गांव में 20 अक्टूबर को हुए भीषण अग्निकांड में चार लोगों की दर्दनाक मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी। इस हृदयविदारक घटना के बाद पीड़ित परिवारों के सामने आर्थिक संकट और भविष्य की चिंता

- **डीएम के

शेयर बाजार की रैली

ट्रंप की पराजय, अमरीका, दक्षिण कोरिया के एआई और चिप कंपनियों के अध्यधिक बढ़ चुकी शेयरों में बिकवाली और भारत सरकार के द्वारा एलटीसीजी टैक्स कम करने या हटाने का संकेत देने के बाद भारतीय शेयरों में लगातार रैली देखने को मिल रही है।8 अक्टूबर के बाद से अब तक के एक महीने से भी कम अवधि में बीएसई सेंसेक्स 10.89 फीसद बढ़ चुका है। 8 अक्टूबर को सेंसेक्स 71593 पर बंद हुआ था जबकि 6 नवम्बर को बीएसई सेंसेक्स चढ़कर 81028 पर पहुंच गया है। एक महीने से भी कम अवधि में 7960 अंकों की यह वृद्धि असाधारण है। इससे स्पष्ट है कि भारतीय शेयर बाजार वैल्यूशन के लिहाज से आकर्षक हो चुके हैं। अब इसमें एफआईआई की भागीदारी बढ़ने लगी है। बीते दो साल से लेकर एक सप्ताह पहले तक जिस तरह भारतीय शेयरों में गिरावट रही उससे निवेशकों के बीच काफी चिंता रही। इनमें वे निवेशक भी शामिल हैं, जो सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिये अनुशासित तरीके से म्यूचुअल फंड में निवेश करते रहे हैं। बेंचमार्क निफ्टी 50 इस साल के आरंभ से अक्टूबर के अंत तक करीब 9 फीसदी गिर चुका था और जनवरी 2025 से इसमें कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। इस गिरावट की एक प्रमुख वजह विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की लगातार बिकवाली है। एफपीआई ने इस साल भारतीय शेयरों में करीब 2.9 लाख करोड़ रुपये



की शुद्ध बिकवाली की है। वर्ष 2025 में भी वे शुद्ध बिकवाल रहे थे। बाजार में एफपीआई की लगातार बिकवाली के कारण उन पर लगने वाले करों की फिर से समीक्षा करने की मांग उठने लगी है। इसके पक्ष में तर्क दिया जा रहा है कि अधिकांश देशों में विदेशी निवेशकों पर कर नहीं लगाया जाता। इससे बड़े अंतरराष्ट्रीय फंड प्रबंधकों के पूंजी आवंटन संबंधी फैसले प्रभावित होते हैं। इस संदर्भ में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बीते सप्ताह एक संवाद के दौरान एफपीआई की लगातार बिकवाली को लेकर जताई जा रही चिंताओं को स्वीकार किया। उनका यह कहना भी सही है कि जब वर्ष 2023-24 में भारत में पूंजी का मजबूत प्रवाह हुआ था तब भी कर व्यवस्था यही थी। पूंजी प्रवाह को आकर्षित करने के लिए करों में कोई बदलाव नहीं किया गया था। उन्होंने यह जरूर स्वीकार किया कि तब से परिस्थितियां बदल गई हैं। सरकार इसके प्रति संवेदनशील भी दिख रही है और जिस तरह की खबरें आ रही हैं उसके मुताबिक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने भी विदेशी निवेशकों पर लगाए गये दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) कर को हटाने की सिफारिश की है। यह देखते हुए कि एलटीसीजी कर से बाजार के कामकाज पर किसी तरह का असर नहीं पड़ रहा है, यह समझना दिलचस्प है कि सेबी इस तरह के सुझाव क्यों दे रहा है। इस मुद्दे पर बहस की जरूरत है। गौर करने की बात है कि एफपीआई खरीदारी भी कर रहे हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि कुल मिलाकर उनकी बिकवाली खरीदारी से अधिक है। उदाहरण के लिए नवंबर में अब तक के चार कारोबारी दिनों में वे शुद्ध खरीदार रहे हैं। इससे पहले जुलाई और अगस्त में भी वे शुद्ध खरीदार थे। पूंजी का बाहर जाना कुछ बुनियादी कारकों से प्रेरित है जिनका व्यापक आर्थिक प्रबंधन पर भी असर पड़ रहा है। दुनियाभर से जोखिम पूंजी का निवेश आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और उससे जुड़े क्षेत्रों में हो रहा है। ऐसे में भारत को विदेशी पूंजी आकर्षित करने में मुश्किल हो रही है। दूसरा कारण दुनियाभर में सरकारी बॉन्ड पर मिलने वाली यील्ड में उल्लेखनीय वृद्धि है। जोखिम-मुक्त रिटर्न दर बढ़ने से अन्य परिसंपत्तियों पर भी निवेशक अधिक रिटर्न की अपेक्षा करने लगते हैं। इन कारकों के साथ पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण तेल की ऊंची कीमतें भुगतान संतुलन और इसके परिणामस्वरूप रुपये पर दबाव डाल रही हैं। बहरहाल अमरीका में चुनाव के बाद स्थितियां बदली हैं। अब तेल के दाम नीचे आ रहे हैं, युद्ध समाप्त होने की उम्मीद बढ़ रही है और इस कारण महंगाई का खतरा भी कम हो गया है। इसलिए शेयर बाजार में जमकर रैली देखने को मिल रही है, लेकिन यह आगे तभी जारी रहेगी जब वैश्विक तनाव कम होंगे।

विचार

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

-प्रेमचंद.

संसार रूपी इस वाटिका में फूलों के अतिरिक्त कुछ नहीं है। अपना भ्रम ही एक कांटा है।

-स्वामी रामतीर्थ.

वह मनुष्य सचमुच बुद्धिमान है जो क्रोध की हालत में भी बुरी बात मुंह से नहीं निकालता।

-शेख सादी.

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

-स्वामी विवेकानन्द.

जब दुख अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाता है, तब हम से सुख ज्यादा दूर नहीं होता है।

-महात्मा गांधी.

दीपावली: दिव्य अनुष्ठानों का पंच महापर्व



आर. सी. शर्मा

दीपावली केवल अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और निराशा पर आशा की विजय का उत्सव नहीं है बल्कि यह सनातन धर्म की उस जीवनदृष्टि का महापर्व है, जिसमें मनुष्य अपने भीतर के अज्ञान को मिटाकर ज्ञान, विवेक और आध्यात्मिक चेतना का दीप प्रज्वलित करने का संकल्प लेता है। कार्तिक मास की अमावस्या की रात्रि में जब असंख्य दीपों से घर-आंगन, मंदिर, गलियां और घाट आलोकित होते हैं, तब यह दृश्य केवल बाहरी जगमगाहट का प्रतीक नहीं रहता, बल्कि भारतीय संस्कृति की हजारों वर्षों पुरानी आस्था, परंपरा और आध्यात्मिक साधना का जीवंत साक्ष्य बन जाता है। सनातन परंपरा में दीपावली का महत्व इसलिए भी विशिष्ट है कि इसका संबंध धर्म, दर्शन, परिवार, प्रकृति, समृद्धि और लोकमंगल से एक साथ जुड़ता है। इस पर्व के प्रत्येक अनुष्ठान के पीछे कोई न कोई धार्मिक मान्यता, सांस्कृतिक संदेश और जीवनोपयोगी विचार निहित है। यही कारण है कि दीपावली को समझना केवल एक त्योहार को समझना नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता की आध्यात्मिक चेतना को निकट से जानना है।

श्रीराम के आगमन से लक्ष्मी के स्वागत तक: दीपावली की सर्वाधिक प्रचलित धार्मिक मान्यता भगवान श्रीराम के चौदह वर्ष के वनवास और रावण-वध के पश्चात अयोध्या लौटने से जुड़ी है। मान्यता है कि श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के आगमन पर अयोध्यावासियों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया था। यह प्रसंग धर्म की पुनर्स्थापना, मर्यादा की विजय और आदर्श शासन की वापसी का प्रतीक बन गया। हालांकि दीपावली की धार्मिक परंपराएं विविध हैं। अनेक क्षेत्रों में इसे भगवान विष्णु के अवतारों, माता लक्ष्मी, भगवान गणेश और अन्य देवी-देवताओं की आराधना से भी जोड़ा जाता है। जैन परंपरा में यह भगवान महावीर के निर्वाण की स्मृति से संबंधित है, जबकि कुछ सिख परंपराओं में बंदी छोड़ दिवस का विशेष महत्व है। इस विविधता में भारतीय आध्यात्मिक संस्कृति की व्यापकता दिखाई देती है। सनातन मान्यता में दीपावली का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि यह मनुष्य को अपने आचरण की समीक्षा करने का अवसर देती है। भगवान राम का आदर्श बताता है कि शक्ति का वास्तविक मूल्य धर्म के संरक्षण में है और समृद्धि तभी सार्थक है, जब उसमें मर्यादा तथा लोककल्याण का भाव सम्मिलित हो।

> दीपावली में दीपदान का विशेष धार्मिक महत्त्व है। मिट्टी के दीपक में तेल अथवा घी डालकर बाती प्रज्वलित करना भारतीय उपासना परंपरा का प्राचीन अंग है। पूजा में दीप को ज्ञान, पवित्रता और दैवी चेतना का प्रतीक माना जाता है। मंदिरों, तुलसी के पौधे के समीप, घर के प्रवेश द्वार और आंगन में दीप जलाने की परंपरा अनेक परिवारों में प्रचलित है। कुछ लोग नदियों और सरोवरों के तट पर भी दीपदान करते हैं।

धनतेरस: आरोग्य, धन और मंगल का संकल्प

दीपावली के पंचदिवसीय उत्सव का आरंभ धनतेरस से माना जाता है। कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी को मनाये जाने वाले इस पर्व का संबंध भगवान धन्वंतरि से है, जिन्हें आयुर्वेद और आरोग्य का अधिष्ठाता माना जाता है। इस वर्ष यह पर्व 6 नवम्बर, शुक्रवार को मनाया गया। समुद्र मंथन से भगवान धन्वंतरि के प्रकट होने की पौराणिक मान्यता इस दिन को स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना से जोड़ती है।

नरक चतुर्दशी, भीतर के अंधकार का नाश: कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को नरक चतुर्दशी अथवा छोटी दीपावली कहा जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वध कर उसके अत्याचारों से लोगों को मुक्ति दिलाई थी। यह प्रसंग अन्याय, अहंकार और क्रूरता के अंत का प्रतीक माना जाता है। इस दिन प्रातःकाल स्नान, शरीर पर तेल लगाने की परंपरा, घर की स्वच्छता और दीप प्रज्वलन जैसे अनुष्ठान प्रचलित हैं। कुछ क्षेत्रों में इसे अभ्यंग स्नान कहा जाता है। धार्मिक विश्वास के अनुसार, ये क्रियाएं शरीर और मन की शुद्धि तथा नकारात्मकता से मुक्ति का संदेश देती हैं। यह अनुष्ठान एक गहरी आध्यात्मिक सीख भी देता है कि बाहरी स्वच्छता के साथ मन के भीतर जमे क्रोध, लोभ, ईर्ष्या और द्वेष को भी दूर करना आवश्यक है। कुछ परंपराओं में बहीखातों, तिजोरियों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों की पूजा भी होती है। व्यापारी नए वित्तीय वर्ष अथवा नए लेखा-चक्र के शुभारंभ के लिए देवी लक्ष्मी का आशीर्वाद मांगते हैं। इस पूजा का केंद्रीय भाव यह है कि समृद्धि के साथ सद्बुद्धि भी प्राप्त हो। धन यदि विवेक, ईमानदारी और करुणा से रहित हो, तो वह समाज के लिए कल्याणकारी नहीं बन सकता। लक्ष्मी के साथ गणेश की पूजा इसी संतुलन की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति है। पूजा का समय और विधि क्षेत्रीय परंपराओं तथा परिवार की मान्यताओं के अनुसार अलग हो सकते हैं।

शुभ दिवाली

दीपदान: प्रकाश का आध्यात्मिक विधान

दीपावली में दीपदान का विशेष धार्मिक महत्त्व है। मिट्टी के दीपक में तेल अथवा घी डालकर बाती प्रज्वलित करना भारतीय उपासना परंपरा का प्राचीन अंग है। पूजा में दीप को ज्ञान, पवित्रता और दैवी चेतना का प्रतीक माना जाता है। मंदिरों, तुलसी के पौधे के समीप, घर के प्रवेश द्वार और आंगन में दीप जलाने की परंपरा अनेक परिवारों में प्रचलित है। कुछ लोग नदियों और सरोवरों के तट पर भी दीपदान करते हैं। इन अनुष्ठानों का भाव अपने जीवन में मंगल, शांति और आध्यात्मिक प्रकाश की कामना करना है। उपनिषदों की प्रार्थना 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' अर्थात मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो, इस पर्व के भाव से विशेष साम्य रखती है। यह प्रार्थना केवल रात्रि के अंधकार को दूर करने की आकांक्षा नहीं, बल्कि अज्ञान से ज्ञान और भ्रम से सत्य की ओर बढ़ने की आध्यात्मिक अभिलाषा है।

गोवर्धन पूजा: प्रकृति और पशुधन के प्रति कृतज्ञता: दीपावली के उत्सव का समापन सामान्यतः भाई दूज से होता है। कार्तिक शुक्ल द्वितीया को मनाए जाने वाले इस पर्व का संबंध यमराज और उनकी बहन यमुना की पौराणिक कथा से जोड़ा जाता है। बहनें भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनके सुखी, स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना करती हैं। भाई भी बहनों के प्रति स्नेह, सम्मान और सहयोग का संकल्प व्यक्त करते हैं। यह अनुष्ठान भारतीय संस्कृति में पारिवारिक संबंधों की आत्मीयता और उत्तरदायित्व को रेखांकित करता है। इसका संदेश केवल भाई-बहन तक सीमित नहीं, बल्कि परिवार में परस्पर सम्मान, सुरक्षा और स्नेह की भावना को मजबूत करना भी है।

आस्था से आचरण तक का पर्व

दीपावली के अनुष्ठानों का वास्तविक महत्व तभी पूर्ण होता है, जब उनका प्रभाव हमारे व्यवहार में भी दिखाई दे। यदि घर दीपों से जगमगाएं, लेकिन मन में कटुता बनी रहे, यदि लक्ष्मी की पूजा हो, लेकिन धन अर्जित करने में छल का सहारा लिया जाए। यदि आरती उतारी जाए, लेकिन जरूरतमंद के प्रति संवेदना न हो, तो पर्व की आध्यात्मिक सार्थकता अधूरी रह जाती है। सनातन आस्था का मूल संदेश बाहरी कर्मकांड और आंतरिक शुद्धि के समन्वय में निहित है। दीप जलाना शुभ है, लेकिन किसी निराश व्यक्ति के जीवन में आशा जगाना भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है। लक्ष्मी पूजन के साथ ईमानदारी, दीपदान के साथ ज्ञानदान और अन्नकूट के साथ भूखे को भोजन देना दीपावली के संदेश को जीवन में उतारने के प्रभावी मार्ग हैं। दीपावली केवल एक रात्रि का प्रकाशोत्सव नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, धर्मपालन, कृतज्ञता और लोकमंगल का संकल्प है। इसके अनुष्ठान हमें हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हैं और स्मरण कराते हैं कि सच्ची समृद्धि धन के संचय में ही नहीं, बल्कि सद्बुद्धि, सदाचार, पारिवारिक सौहार्द और सामाजिक संवेदना में भी निहित है। जब मिट्टी का एक छोटा-सा दीप मनुष्य के भीतर विवेक, करुणा और सत्य का प्रकाश जगा देता है, तभी दीपावली अपने वास्तविक धार्मिक और आध्यात्मिक अर्थ में सार्थक होती है।

सोशल मीडिया



प्रकृति व संस्कृति की पुण्य भूमि उत्तराखंड अब भाजपा सरकार में प्रगति की भूमि भी बन रहा है। उत्तराखंड राज्य इस वर्ष अपनी स्थापना के 26 वर्ष भी पूर्ण कर रहा है। अमित शाह.



मोदी सरकार के मंत्री का ऐलान-योजनाओं का लाभ अब आधार से नहीं, वोटर आईडी कार्ड से तय होगा। यह साजिश बहुत गहरी है। इत्मीनान से इसको समझिए। राहुल गांधी.



सड़क, रेल और हवाई संपर्क केवल दूरियां नहीं घटाते, ये सुविधा समय की बचत व संभावनाएं लेकर आते हैं, 2017 से पहले विकास की जीवन रेखाओं की स्थिति अति दयनीय थी। सीएम योगी.

गंगा की अविरल धारा में आस्था का दीपोत्सव



पर्व/त्योहार

गंगा की अविरल धारा में दीपावली की रात जब आस्था के दीप झिलमिलाते हैं, तो लगता है मानो जल की लहरों पर सदियों पुरानी सभ्यता अपनी स्वर्णिम स्मृतियां लिख रही है। दीपावली का उजास केवल घरों की देहरी और मंदिरों के आंगन तक सीमित नहीं रहता बल्कि उन सांस्कृतिक प्रवाहों में भी उतरता है, जिन्होंने भारत की आत्मा को आकार दिया है। गंगा इसी आत्मा की जीवंत प्रतीक है। जहां धर्म, लोकजीवन से मिलता है। परंपरा प्रकृति से संवाद करती है और एक छोटा सा दीया अंधकार के विरूद्ध मानवता की शाश्वत आशा बनकर चमक उठता है।

दीपावली के मौके पर ऋषिकेश से लेकर कोलकाता तक गंगा में अपनी-अपनी तरह से दीप उत्सव यानी गंगा में दीप दान होता है, जिसमें जलते हुए दीयों को गंगा के बहते हुए पानी में पंक्तिबद्ध ढंग से बहाने की कोशिश होती है। क्योंकि हिंदू परंपरा में गंगा को केवल नदी नहीं मां का दर्जा दिया जाता है। माना जाता है कि गंगा में जलता हुआ दीप बहाने या सिराने पर पुरखों को मुक्ति मिलती है। दिवाली के अवसर पर जब घरों में सफाई होती है, पूजा के लिए स्थान सजाया जाता है, वह दीप जलाकर शुभता का स्वागत किया जाता है, तब भी इन गतिविधियों के पीछे पवित्रता और नये आरंभ की भावना काम करती है। गंगा इसी भावना की व्यापक सांस्कृतिक अभिव्यक्ति है। हालांकि दीपावली का धार्मिक महत्व अनेक परंपराओं से निर्मित है और उसका गंगा से कोई अनिवार्य अनुष्ठानिक संबंध नहीं है। फिर भी गंगा इस पर्व के मूल भावों को समझने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

भारतीय संस्कृति में दीपक केवल मिट्टी, तेल और बाती से बना एक उपकरण भर नहीं होता, वह ज्ञान, आशा और सकारात्मकता का प्रतीक होता है। जब यही दीपक नदी की घाटों पर जलता है या नदी की धारा में जलते हुए दीपक को प्रवाहित किया जाता है, तो रोशनी और जल का संगम एक अद्भुत सांस्कृतिक दृश्य रचता है। उत्तर भारत के अनेक क्षेत्रों में विभिन्न नदियों और सरोवरों के किनारे भी दीप दान की परंपरा प्रचलित है। गंगा के घाटों पर दीपों की पंक्तियां अंधेरे को चीरती हुई दिखायी देती हैं। यह दृश्य मनुष्य और प्रकृति के बीच उस भावनात्मक संबंध की याद दिलाता है, जिसमें नदी को जीवनदायिनी और दीप को शुभता का संदेशवाहक माना गया है। लेकिन यहां एक अंतर समझना जरूरी है। आम दीपावली का पर्व और देव दिवाली एक नहीं दो अलग-अलग है। दीपावली कार्तिक अमावस्या को मनायी जाती है जबकि देव दिवाली कार्तिक पूर्णिमा को मनायी जाती है। इस दिन विशेष रूप से गंगा के घाटों पर असंख्य दीप जलाने की सदियों पुरानी परंपरा है। इस आयोजन ने गंगा, दीप दान और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संबंध को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलायी है।

रोशनी के सांस्कृतिक सूत्र

दीपावली की सबसे प्रचलित धार्मिक कथा भगवान राम की चैदह वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटने से जुड़ी है। लोकमान्यता है कि उनके स्वागत में अयोध्यावासियों ने दीप जलाये और नगर को प्रकाश से सजाया। यह कथा घर वापसी, सामाजिक एकता और न्यायपूर्ण जीवन की आशा का संदेश देती हैं। दूसरी ओर गंगा के तट पर स्थित काशी भारतीय आध्यात्मिकता, ज्ञान, दर्शन और सांस्कृतिक अनुष्ठानों का प्राचीन केंद्र रही है। हालांकि अयोध्या और काशी की परंपराएं एक जैसी नहीं है। लेकिन दोनो ही भारतीय सांस्कृतिक चेतना के ऐसे स्तंभ हैं, जिनके माध्यम से रोशनी, मुक्ति, धर्म और लोकविश्वास के विविध अर्थ सामने आते हैं। इस दृष्टि से गंगा को दीपावली की एकमात्र नदी कहना उचित नहीं होगा, लेकिन इसे इस पर्व की सांस्कृतिक व्याख्या का अग्रिम और सबसे प्रभावशाली प्रतीक माना जाता है।

समृद्धि की कामना: दीपावली पर मां लक्ष्मी की पूजा धन, वैभव और समृद्धि का कामना के लिए की जाती है। भारतीय समाज में समृद्धि की अवधारणा का संबंध केवल धर्म से नहीं बल्कि अन्न, जल, पशुधन, व्यापार और परिवार की खुशहाली से भी रहा है। गंगा का विशाल मैदान सदियों से कृषि, व्यापार, नगरों और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र रहा है। नदी के जल ने खेतों को सींचा, बस्तियों को जीवनदान दिया और विभिन्न समुदायों के बीच सम्पर्क बढ़ाया। इस अर्थ में गंगा की समृद्धि केवल धार्मिक कल्पना नहीं, भारतीय आर्थिक और सामाजिक इतिहास का हिस्सा भी है। लेकिन आज आस्था का यह दीपोत्सव पर्यावरण की चेतना का भी प्रतीक है। नदियों में बढ़ रही प्लास्टिक, रसायनिक रंग, पूजा-सामग्री तथा अन्य कचरा डालना उसके पारिस्थिति संतुलन को नुकसान पहुंचाना है। इसलिए मिट्टी के दीपों का सीमित और जिम्मेदार उपयोग, कचरे का उचित निस्तारण तथा नदी के जल को प्रदूषण से बचाना है।

वीना सुखीजा.

परोपकार सबसे बड़ा धर्म

हमारी कई आदतें एवं स्वभाव ऐसे होते हैं जो हमारे व्यक्तित्व को गहरे से प्रभावित करते हैं। अगर हम इन आदतों से बचकर रहें तो निश्चय ही हमारा जीवन अधिक सरल एवं सुगम होगा। इस संदर्भ में धम्मपद में गौतम बुद्ध कहते हैं, पांच चीजों को दरवाजे से ही भगा दो, और इनके साथ पांच और हैं, और फिर पांच वह हैं जिनका स्वागत करना है और जब पांच को किनारे पर ही छोड़ दिया जाता है, तो तलाश करने वाले को ओघतिन्नोती कहा जाता है यानी 'जिसने (समुद्र) पार कर लिया है। स्वार्थ, शक, छद्म आध्यात्मिकता, जोश व नफरत वह पांच चीजें हैं जो हमेशा आपके दरवाजे पर खड़ी रहती हैं। तनिक सी लापरवाही और वह अंदर प्रवेश कर जाती हैं। इसलिए अधिक सतर्कता की आवश्यकता है कि उन्हें दरवाजे से ही लौटा दिया जाये। दरअसल, जो लोग यह सोचते हैं कि वह निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं, वह भी निस्वार्थ सेवा नहीं कर रहे होते हैं।

उनकी सेवा स्वार्थ भरी होती है। वह स्वार्थी होते हैं। उन्हें किसी महान पुरस्कार की तलाश होती है- स्वर्ग और स्वर्ग के आनंद की। स्वार्थीपन से सतर्क रहें। जो लोग आस्था रखते हैं, वह भी शक से भरे होते हैं, तथ्य यह है कि जो लोग शक से भरे नहीं होते, उन्हें आस्था की आवश्यकता ही नहीं है। आस्था का सीधा सा अर्थ है कि आपने शक को ढक लिया है। जब लोग आध्यात्मिक होना चाहते हैं तो छद्म आध्यात्मिक होना आसान हो जाता है। आप मंदिर में जाकर कुछ रीति रिवाजों का पालन करते हैं या पूजा पाठ करते हैं तो आप हिंदू हो जाते हैं, यही काम रविवार को गिरजाघर में जाकर करते हैं तो ईसाई हो जाते हैं और मस्जिद में जाकर नमाज पढ़ते तो मुस्लिम हो जाते हैं। असल आध्यात्म हर सड़ी गली चीज, हर गुजरी हुई चीज, हर वह चीज जो दूसरों के द्वारा आप पर थोपी जा रही है, हर प्रकार की कंडीशनिंग के विरुद्ध विद्रोह है।...और जोश... गौतम बुद्ध ने कहा, सावधान! आप इसे यहां दबा लेंगे, लेकिन कहीं और इसकी इच्छा करने लगेंगे। जोश आपको इतनी आसानी से नहीं छोड़ता है। अंतिम चीज है नफरत। आपके सारे अंग नफरत से भरे हैं- पापियों के लिए नफरत से। इसलिए उन्होंने नरक की रचना की है। अपने लिए स्वर्ग और पापियों के लिए नरक। अपने लिए स्वर्ग और नरक उन लोगों के लिए जो उनके धर्म का पालन नहीं करते। यह नफरत है। यह वही मानसिकता है, वही बदसूरत मन जो नए खेल, खेल रहा है, लेकिन बदला कुछ नहीं है। पांच और चीजें हैं... जो दिखाई नहीं देतीं, लेकिन वह भी हैं, जो इन पांच के पीछे छुपे हुए हैं। यह हैं- जीने की हवस, महिला के लिए हवस या पुरुष के लिए हवस को छोड़ा जा सकता है। लेकिन स्वयं जीवन के लिए हवस को छोड़ना बहुत कठिन है। हर कोई जीना चाहता है और जब तक संभव हो जीना चाहता है।

अंतर्दृष्टि

गब्बर ने किया साष्टांग प्रणाम

व्यंग्यलोक

आइये रामगढ़ किंग खबर जी! वेलकम बैक टू कहकहा-ए-गब्बर! कार्यक्रम में आपका स्वागत है। एक जोरदार चीत्कार उड़ी है। न्यूज चैनल 'कल सबको खा जाऊंगा' (केएसकेजे) ने रामगढ़ जंगल के ग्राउंड जीरो पर अपनी पंचायत जोड़ रखी है। खादी कुर्ता-पाजामा धारण किए। गब्बर का प्रवेश होता है। पहाड़ियों में सांय-सांय की आवाज। बिल्ली, चमगादड़, कुत्तों के रोने की मिक्सिंग! गब्बर हर दिशा में हाथ जोड़ता, चट्टान पर बैठता है। एंकरनी को बहुत गर्मी लग रही है, उसने अत्यंत न्यून कपड़े धारण किए हैं। एंकर न्यूज कुमार को बहुत ठंड लग रही है। उसने श्री पीस कोट, सूट, टाई, बेल्ट, मौजे, जूते आदि यंत्रों से अपने शरीर को पूरा ढका हुआ है। पहाड़ी पर रिमझिम बरसात हो रही है। गब्बर सहित सभी डाकू-गण अबके बरस सावन में... टाइप का गीत गा रहे हैं। गब्बर से वार्ता के लिए एंकरनी ने चीत्कारा- तो गब्बर जी, आपको कैसा लग रहा है? आप पिछले 80 वर्षों से डाकू की प्रख्यात पदवी पर बैठे हैं। चीत्कार से गब्बर घबराया। कहने लगा- प्लीज! धीरे बोलिए मुझे डर लग रहा है। कहां मेरी डाकू की शहंशाही पदवी? यह सब छूट गई है। जब बड़े-बड़े नेता को देखता हूं तो मेरा पसीना छूट जाता है। कुर्सी पर बैठे, एयर कंडीशनर में लेटे मंत्रीजी को डाका डालते देखता हूं, तो सिहर उठता हूं। सात समंदर पार हैकरों को बड़े-बड़े बैंकों और सरकारों के खजाने पर डाका डालते देखता हूं, तो मेरी रूह कांप उठती है। तभी एंकर न्यूज कुमार ने चीख कर कहा- लेकिन फिर भी आपका डाका डालने का अंदाज बहुत जोरदार था। आप चीखते थे, तो 50-50 कोस दूर...! तब गब्बर ने हाथ जोड़े। कहा- श्रीमान जी! मुझे आपसे बहुत डर लग रहा है। कृपया धीरे बोलें! कहां मेरा डाका डालने का अंदाज! मुझे बाकायदा पहले सूचित करना होता था। मुंह पर पर्दा लगाना होता था। काली वर्दी पहननी होती थी।



रामविलास जॉगिड़

आज के इंसानों को देखता हूं, तो ये सारी बातें हवा हो जाती हैं। इस चालू काल के डाकुओं के पास न कोई मान है न मर्यादा! न कोई इज्जत है न आबरू! घर बैठे, बिस्तर लेटे, बाथरूम करते-करते ही डाके डाल देते हैं। मैंने खुद अपने डाकू गैंग सहित इन सभ्य डाकू बंधुओं के आगे आत्मसमर्पण कर, ये खादी खद्दर वाली टोपी धारण कर ली है। अब अरबों-खरबों लूटने का कार्यक्रम यहीं से किया जाता है। डाकू व्यवसाय का का यह नया वेरिएंट मुझे बहुत पसंद आया है। तभी एंकरी बाई ने संपूर्ण शरीर से चीखा- ब्रेकिंग न्यूज! ब्रेकिंग न्यूज!! अभी-अभी खबर मिली है कि एक मंत्री ने अस्थि विसर्जन प्रबंधन में घोटाला कर पांच हजार करोड़ रुपयों का डाका डाल दिया है। न्यूज सुनकर डाकूराज गब्बर ने साष्टांग प्रणाम किया।

आपकी बात

संसाधनों का केन्द्रीयकरण

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हो गयी थी। क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है।

अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्कि सरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। इसमें हमे समावेशी नीति अपनाने की जरूरत है। समावेशी विकास के जरिए ही गरीबी का प्रभावी रूप से उन्मूलन हो सकता है।

मधुकर वर्मा, लखनऊ.

ऐतिहासिक उपलब्धियां

चार ट्रिलियन डॉलर के शिखर पर देश की अर्थव्यवस्था का पहुंचना पूरे देश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। चार ट्रिलियल के शिखर पर पहुंचने के बाद अब भारत उस लक्ष्य के भी बहुत निकट आ गया है, जब जीडीपी आकार के मामले में 4.4 ट्रिलियन डॉलर के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जापान और 4.3 ट्रिलियन डॉलर के साथ चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी को पीछे छोड़कर भारत आगे निकल जायेगा और पांच ट्रिलियन के लक्ष्य को अगले तीन साल में प्राप्त कर लेगा। जीडीपी किसी देश की ठोस उपलब्धि होती है जिससे नागरिकों के जीवन में आमूलचूल बदलाव आता है। इसलिए जीडीपी का बढ़ना इस बात की गारंटी है कि भविष्य में शिक्षा का स्तर भी सुधरेगा, उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा, सरकार कल्याणकारी कार्यक्रमों में और अधिक संसाधन लगा पायेगी, रोजगार के मौके बढ़ेंगे और आर्थिक विकास, बुनियादी संरचना के निर्माण, सेना के सशक्तिकरण जैसे तमाम कामों पर निवेश करने के लिए सरकार के पास अधिक पूंजी उपलब्ध होगी। प्रति व्यक्ति आय भी बढ़ेगा जो सीधे-सीधे लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा। हालांकि जीडीपी का यह स्तर प्रति व्यक्ति आय के लिहाज से अभी भी बहुत संतोषजनक नहीं है, लेकिन जैसे-जैसे जनसंख्या वृद्धि का दौर थमेगा, जीडीपी ग्रोथ बढ़ता जायेगा, तो भविष्य में प्रति व्यक्ति आय में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलेगा।

आशुतोष कुमार सिंह, लखनऊ.

युवा शक्ति का उपयोग

देश की युवाशक्ति के समुचित उपयोग के लिए यह जरूरी है कि युवाओं को रोजगार का अधिकार प्रदान किया जाये। अगर सरकार रोजगार नहीं तो वित्तीय प्रोत्साहन दे ताकि युवा अपना व्यवसाय कर सके। अधिक से अधिक रोजगार सृजन देश की जरूरत है। प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। लोक सेवा आयोग तक की भर्तियों की सीबीआ

संक्षेप

साफ-सफाई कर किया जागरूक

आजमगढ़। संचारी रोकथाम नियंत्रण एवं स्वच्छता अभियान के तहत पल्हनी विकास खंड क्षेत्र के एकरामपुर ग्राम पंचायत में आरटीओ ऑफिस से रोड के दोनों पटरी पर घासकृफुस की सफाई की गई। इसके साथ ही सफाई कर्मचारियों ने दवा का छिड़काव किया। जल जमाव वाले स्थानों पर भी दवा डाली गई। सफाई अभियान में ग्रामीण सफाई कर्मी गुलाब चैरसिया, अभय चैहान, महेश यादव, अतुल कुमार, अजय मौर्या, जावेद, एहसान, महेंद्र, शिवकुमार, लीलावती आदि कर्मचारी शामिल रहे।

हादसे में किशोर की मौत, चार घायल

जौनपुर। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के सीहीपुर के पास गुरुवार की रात तेज रफ्तार ट्रेलर की टक्कर से टोटो सवार 15 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों में टोटो चालक समेत दो की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं, दो अन्य घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। फतेहगंज निवासी आशीष कुमार (15), आनंद कुमार (16), शिवम कुमार (24), यश जायसवाल (16) और निखिल (14) गुरुवार की रात करीब 9रू30 बजे टोटो पर गणेश-लक्ष्मी की प्रतिमा लेकर जा रहे थे। जैसे ही उनका टोटो सीहीपुर के पास पहुंचा, सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टोटो सवार सभी पांचों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे में आशीष कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

2500 किलो संदिग्ध पनीर पकड़ा, कराया नष्ट

मथुरा। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शुक्रवार देर रात करीब 1: 30 बजे आगरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोसीकलां क्षेत्र में बठैन गेट पुलिस चैकी के पास कार्रवाई करते हुए 2500 किलोग्राम संदिग्ध पनीर पकड़ा। राजस्थान के कामां से बोलेरो पिकअप में भरकर मथुरा बिक्री के लिए लाए जा रहे इस पनीर की गुणवत्ता संदिग्ध मिलने और खरीद-बिक्री से संबंधित अभिलेख उपलब्ध नहीं कराने पर खाद्य विभाग ने पूरे पनीर को जनहित में नष्ट करा दिया। नष्ट किए गए पनीर की अनुमानित बाजार कीमत 5 लाख 5 हजार रुपये बताई गई है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय डॉ. जतिन कुमार सिंह के नेतृत्व में खाद्य सचल दल और पुलिस बल की मौजूदगी में यह कार्रवाई की। टीम ने राजस्थान के कामां की ओर से आ रही बोलेरो पिकअप को रोककर तलाशी ली। वाहन चालक सलीम पुत्र इस्माइल ने बताया कि पिकअप में कामां स्थित पनीर निर्माण डेयरी से करीब 2500 किलोग्राम पनीर बिक्री के लिए लाया जा रहा है। जांच के दौरान कारोबारी की ओर से पनीर की खरीद और बिक्री से संबंधित आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए जा सके। वहीं पनीर की गुणवत्ता भी संदिग्ध प्रतीत हुई। इस पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने पनीर के दो नमूने लेकर जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला भेज दिए। खाद्य अधिकारियों के अनुसार पनीर अस्वच्छकर और दूषित प्रतीत होने के कारण जनहित में मौके पर ही करीब 2500 किलोग्राम पनीर नष्ट करा दिया गया। इसकी अनुमानित कीमत 5,05,000 रुपये आंकी गई है।

धनतेरस पर ग्राहकों ने जमकर खरीदे बर्तन



मथुरा। कान्ही की नगरी में धनतेरस पर बर्तन बाजार में ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिली। लोग घरों के लिए नए बर्तन खरीदने में जुटे रहे। स्टील के साथ पीतल और तांबे के बर्तनों की भी अच्छी मांग है। दुकानों पर पारंपरिक बर्तनों के अलावा आधुनिक डिजाइन के बर्तन भी ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं।

खासकर लेजर डिजाइन वाले बर्तन लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। बाजार में स्टील के बर्तनों की कीमत 220 से 700 रुपये प्रति किलो तक है। इनकी गुणवत्ता 202, 304 और 430 ग्रेड के आधार पर तय होती है। वहीं पुरानी पीतल 700 से 850 रुपये और नई पीतल 1000 से 1800 रुपये प्रति किलो बिक रही है। पुराने तांबे का भाव 1000 से 1300 रुपये और नए तांबे की कीमत 1700 से 2200 रुपये प्रति किलो तक है। बर्तनों की दुकानों पर अधिकांशतरू ग्राहक पूजा में प्रयोग होने वाले आवश्यक पात्र खरीद रहे हैं। इस समय दीप लालटेन काफी पसंद आ रही है। बर्तन कारोबारी का कहना है कि धनतेरस को लेकर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ी है। स्टील के साथ पीतल और तांबे के बर्तनों के बारे में भी लोग जानकारी ले रहे हैं। आने वाले दिनों में बिक्री और बढ़ने की उम्मीद है। वहीं बर्तन कारोबारी दिनेश अग्रवाल व तुलसी गंगवानी ने बताया कि इस बार लेजर डिजाइन वाले बर्तनों की मांग अधिक है। लोग अपनी पसंद और बजट के अनुसार बर्तनों के सेट खरीद रहे हैं। धनतेरस पर अच्छे कारोबार की उम्मीद है।

दीपावली पर सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट



मथुरा। दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए मथुरा पुलिस पूरी तरह अलर्ट नजर आ रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मथुरा श्लोक कुमार के निर्देशन में जिलेभर में सघन चेकिंग और गश्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को एसपी देहात आलोक रंजन ने पुलिस क्षेत्राधिकारी छाता भूषण वर्मा के साथ छाता क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। एसपी देहात ने छाता से बरसाना जाने वाले मार्ग स्थित चैराहे पर स्वयं मौजूद रहकर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कराई। इस दौरान दोपहिया और चार पहिया वाहनों को रोककर उनकी गहनता से जांच की गई। बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों, काली फिल्म लगी गाड़ियों और संदिग्ध गतिविधियों में शामिल प्रतीत होने वाले लोगों से पूछताछ की गई। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने भीड़भाड़ वाले इलाकों और प्रमुख चैराहों पर विशेष निगरानी रखी। एसपी देहात ने स्थानीय लोगों और राहगीरों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। मीडिया से बातचीत करते हुए एसपी देहात आलोक रंजन ने बताया कि दीपावली के मद्देनजर पूरे जनपद में चप्पे-चप्पे पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अंतरराज्यीय एवं अंतरजनपदीय सीमाओं पर विशेष पुलिस पिकेट लगाकर कड़ी निगरानी की जा रही है, ताकि कोई भी अराजक तत्व जिले में प्रवेश न कर सके। उन्होंने कहा कि पुलिस लगातार गश्त कर रही है और त्योहार के दौरान आमजन की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक छाता उमेश चंद्र त्रिपाठी सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

शिक्षा मित्रों के मूल विद्यालय वापसी की मांग

मथुरा। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने आज मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर पूजा गुप्ता से शिक्षा मित्रों के मूल विद्यालय वापसी कराए जाने की मांग की है। संघ के जिला अध्यक्ष खेमसिंह चैधरी ने मुख्य विकास अधिकारी मथुरा को लिखित मांग पत्र देते हुए अवगत कराया कि 3 जनवरी 2025 के शासनादेश और 12 दिसम्बर को निदेशक बेसिक शिक्षा उ.प्र की ओर से प्रदेश के समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को भेजे गए आदेशानुसार शिक्षा मित्रों का समायोजन / स्थान्तरण किये जाने हैं जिसमें प्रथम चरण में जनपद में मूल विद्यालय वापसी चाहने वाले शिक्षा मित्रों को उनके मूल विद्यालय में भेजा जाना है। पिछले लगभग 11 महीने से शासन के आदेश के बाद भी आज तक जनपद में शिक्षा मित्रों के मूल विद्यालय वापसी के आदेश नही किये गए हैं जबकि पिछले 11 माह से संघठन निरन्तर इसकी मांग करता चला आ रहा है और इस सम्बन्ध में 3 अगस्त 2026 को धरना प्रदर्शन भी कर चुका है जिसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा लिखित में संघठन को जल्द मूल विद्यालय वापसी किये जाने के लिए आश्वत किया था लेकिन आज तक भी शिक्षा मित्रों की मूल विद्यालय वापसी नहीं हुई है।

कार-ऑटो में टक्कर, तीन की मौत

आजमगढ़। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के बेलसिया गांव के पास शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए। ओवरटेक करने के प्रयास में तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने सामने चल रहे टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। इस दुर्घटना में प्रमिला (51) पत्नी स्वर्गीय राजनाथ चैहान निवासी मकसुदिया और दिनेश (45) पुत्र पतिराज हरिजन निवासी नियाउज की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अंतध्यार्नी (60) पत्नी राम लवटन गौड़ निवासी करौजा ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उनकी पांच बेटियां हैं। हादसे में घायल लोगों में मो. अतहर (19) पुत्र अशहर और मो. उमैर (17) पुत्र आशिफ निवासी लखमापुर, थाना पवई, यूसुफ (19) पुत्र आफताब आलम निवासी टेऊंगा, फूलपुर, शादान (17) पुत्र मुन्ना निवासी उदपुर, मुस्तकीन (23) पुत्र खलील अहमद निवासी मुड़ियार ईदगाह तथा मो. अशरफ (38) पुत्र मो. इसहाक निवासी पलियाअदाई, फूलपुर शामिल हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि टेंपो में पांच लोग सवार थे, जिनमें तीन की मौत हो गई, जबकि दो घायल हुए। वहीं स्विफ्ट कार में चालक समेत चार लोग सवार थे। वे भी हादसे में घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही अंबारी पुलिस चैकी प्रभारी सतेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद फूलपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक कार्रवाई की। हादसे में जान गंवाने वाली प्रमिला के पति की दो वर्ष पूर्व कैंसर से मौत हो चुकी थी। परिवार में उनके दो बेटे योगेंद्र (20), नागेंद्र (18) और दो बेटियां करीना (17), रबीना (16) हैं। मां की मौत से चारों बच्चों के सिर से ममता का साया उठ गया। परिवार पहले ही पिता को खो चुका था, अब इस हादसे ने उनका सहारा भी छीन लिया। वहीं दिनेश की मौत से उनकी पत्नी प्रियंका का रो-रोकर बुरा हाल है। दिनेश के कोई संतान नहीं थी। हादसे ने दोनों परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया है। इस संबंध में फूलपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दुर्घटना में घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

ट्रक-बाइक की टक्कर में गयीं दो जानें

मीरजापुर। जिले के हलिया थाना क्षेत्र के पंवारी कलां प्लांटेशन पुल के पास शुक्रवार को खाद उतार कर मीरजापुर की तरफ जा रही ट्रक और बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कलां गांव निवासी बाइक चालक रामश्रृंगार वर्मा (25) अपने भाई नेता (20) और पड़ोसी साथी बबुलेश कोल (20) के साथ बाइक से गड़बड़ा पुल की ओर गए थे। वापस घर लौटते समय पवारी कलां प्लांटेशन पुल के पास सामने से सिकटा साधन सहकारी समिति से खाद उतारकर आ रहे ट्रक व बाइक में जोरदार टक्कर हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चालक रामश्रृंगार की ट्रक के टायर से कुचलने पर मौके पर ही मौत हो गई।हादसे की सूचना पर थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के सहयोग से घायल नेता और बबुलेश कोल को एम्बुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक विमल कुमार ने बबुलेश कोल को मृत घोषित कर दिया। वहीं नेता की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक राम श्रृगार की मौत के बाद पिता महादेव बर्मा तथा मृतक बबुलेश के पिता मुन्ना कोल का रो रो कर बेहाल हो रहे हैं। मृतक राम श्रृंगार के सगे भाई नेता को चिकित्सक ने रेफर कर दिया हैं।थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रक और बाइक की भिड़ंत में दो युवकों की मौत हुई है, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया है। शव को पीएम को भेजा गया है ट्रक की तलाश की जा रही है।

200 कृषकों को प्याज बीज का वितरण



जौनपुर। उद्यान विभाग कार्यालय, जनपद जौनपुर में कृषकों को प्याज की खेती के प्रति प्रोत्साहित करने एवं उद्यानिकी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगभग 200 कृषक भाइयों के मध्य निःशुल्क प्याज बीज का वितरण किया गया। उक्त बीज वितरण कार्यक्रम उद्यान विभाग द्वारा संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना एवं राज्य सेक्टर अनुसूचित जाति योजना के अंतर्गत किया गया। योजनाओं के तहत प्याज बीज का वितरण प्रथम आवक, प्रथम पावक के आधार पर पात्र एवं पूर्व पंजीकृत कृषकों को किया गया। उद्यान विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि जिन कृषक भाइयों ने पूर्व में विभाग में प्याज बीज प्राप्त करने हेतु आवेदन किया हुआ है, उन्हें भी निर्धारित पात्रता एवं उपलब्धता के अनुसार प्याज बीज उपलब्ध कराया जाएगा। उद्यान विभाग का मुख्य उद्देश्य जनपद में प्याज सहित अन्य उद्यानिकी फसलों के क्षेत्रफल एवं उत्पादन में वृद्धि करना, किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराना तथा उन्हें उद्यानिकी खेती के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित करना है।विभाग द्वारा कृषक भाइयों से अपील की गई कि वे उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं तथा वैज्ञानिक एवं आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि करें।

रोजगार मेले में 354 अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट किया



जौनपुर। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत जनपद के युवाओं को उनकी शैक्षिक योग्यता तकनीकी दक्षता एवं कौशल के अनुरूप रोजगार के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद के सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों में रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वाधान में राधिका इण्टरनेशनल कालेज, शाहंगज के परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की उपस्थित कम्पनियों द्वारा शार्टलिस्ट किये गये कुल-11 अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर वितरित किया गया।

रोजगार मेलें में कुल-17 कम्पनियों में 1274 अभ्यर्थियों ने प्रतिभागध्साक्षात्कार दिया, जिसमें से कुल-354 अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा की युवा देश का भविष्य एवं ताकत है प्रदेश सरकार द्वारा रोजगार मेला में युवाओं को उनके योग्यता एवं कौशल के अनुरूप नौकरियॉ निजी क्षेत्र में देकर रोजगार से जोड़ने का निरंतर प्रयास कर आगे बढ़ने तथा वृद्धि करने के बेहतर अवसर प्रदान कराये जा रहे है। विधायक ने कहा की सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से युवाओं को कौशल एवं तकनीकी शिक्षा से जोड़कर रोजगार के योग्य बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा की युवाओं की प्रतिभा एवं कौशल की सही दिशा और अवसर प्रदान करने से विकास की नई गति मिलती है। इस प्रकार के रोजगार मेले युवाओं को प्रतिष्ठित कम्पनियों से सीधे जोड़कर पूरी मेहनत, लगन एवं आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का अवसर प्रदान करती है। रोजगार मेले में देश की प्रतिष्ठित कम्पनियों एवं नियोजकों सहित 17 से अधिक कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। इसमें प्रमुख रूप से अडानी सोलर एनर्जी लिमिटेड, सूर्या कस्ट्रंक्शन ,तिरूमला फैकल्टी मैनेजमेंट इण्डिया, महादेव हनुमान सर्विस, उड़ान मैनपावर सर्विस, ब्राइट फ्यूचर आग्रनिक हर्बल एवं आयुर्वेदिक, जे0वी0 वी0 एम0 जी0मार्ट प्रा0लि0, इनफिनिज लीगल एसोसिएट, एशियन इलेक्ट्रानिक्स कम्पनी, जे0बी0 इंडस्ट्रीज, लर्नर प्रा0लि0, निमसन हर्बल, रक्सा सिक्योरिटी सर्विसेज लिमिटेड, क्रेडिटएक्ससे ग्रामीण लिमिटेड, सोपोजोन इण्डिया, सहित विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों के चयन की प्रक्रिया सम्पन्न की गयी। रोजगार मेले में आठवीं, दसवीं, बारहवीं उत्तीर्ण, स्नातक, परास्नातक, आई0टी0आई0, फीटर, इलेक्ट्रीशियन, डिप्लोमा एवं कौशल प्रशिक्षित अभ्यर्थियों के साथ-साथ अकुशल श्रमिका ने भी उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया युवाओं ने विभिन्न कम्पनियों के स्टॉल पर पहुंचकर अपनी शैक्षिक एवं व्यावसायिक योग्यतानुसार आवेदन किया तथा कम्पनियों के प्रतिनिधियों के समक्ष साक्षात्कार एवं चयन प्रकिया में प्रगिभाग किया। मा० विधायक जी के कर कमलो से ऑफर लेटर भी वितरित किया गया।

विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के प्रति किया गया जागरूक

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मिजार्पुर द्वारा संचालित संविधान संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत आज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मिजार्पुर आनंद कुमार- ।। द्वारा डॉ. सरला सर्राफ पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के निर्माण की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, संविधान सभा के योगदान, संविधान की प्रस्तावना तथा उसमें निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व जैसे मूलभूत आदर्शों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने प्रस्तावना के प्रत्येक शब्द के महत्व को समझाते हुए बताया कि भारतीय संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, लोकतांत्रिक व्यवस्था और प्रत्येक नागरिक की गरिमा का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों को मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों की जानकारी देते हुए कहा कि एक जागरूक नागरिक होने के नाते संविधान का सम्मान करना, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता बनाए रखना तथा समाज में आपसी स ?द्भाव और भाईचारे की भावना विकसित करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि देशभक्ति का वास्तविक अर्थ संविधान में निहित मूल्यों को अपने जीवन एवं व्यवहार में अपनाना है। संविधान संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के विभिन्न विद्यालयों में आगे भी न्यायिक अधिकारियों, वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल (छअउ) के सदस्यों द्वारा विद्यार्थियों के मध्य संविधान के विभिन्न विषयों पर संवाद, परिचर्चा एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे नई पीढ़ी में संवैधानिक चेतना और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सम्मान विकसित हो सके। इसी क्रम में 26 नवंबर 2026 को संविधान दिवस के अवसर पर विभिन्न स्कूलों में क्विज प्रतियोगिता, सामूहिक प्रस्तावना का पाठ और पुरस्कार वितरण होना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य संविधान की भावना को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना तथा प्रत्येक नागरिक को उसके संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है।

एसडीएम ने सत्तारूढ़-विपक्ष के कार्यकर्ताओं संग की बैठक

मड़िहान, मीरजापुर। उपजिलाधिकारी संतोष कुमार ओझा ने तहसील सभागार में सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शुद्ध मतदाता सूची ही निष्पक्ष चुनाव की सबसे बड़ी गारंटी है, इसलिए कोई भी पात्र मतदाता छूटना नहीं चाहिए और कोई अपात्र मतदाता सूची में रहना नहीं चाहिए। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर बूथों का पुनर्गठन किया गया है। पहले तहसील में 445 बूथ थे, अब 443 बूथों पर चुनाव होगा। आठ बूथों पर 1200 से कम मतदाता होने के कारण उन्हें समायोजित किया गया है। धनावल कम्पोजिट विद्यालय के बूथ 58-59, वन इमिलिया पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बूथ 324-325, गोठौरा प्राथमिक विद्यालय के बूथ 389-390 और पिपराव कम्पोजिट विद्यालय के बूथ 74-75 को एक-एक बूथ बना दिया गया है। वहीं शेरुआ कम्पोजिट विद्यालय के बूथ 77 और डढ़िया कम्पोजिट विद्यालय के बूथ 53 पर 1200 से अधिक मतदाता होने के कारण इन्हें दो-दो बूथों में विभाजित किया गया है। इससे मतदान के दिन भीड़ कम होगी और मतदाताओं को लंबी लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक चलेगा। इसमें बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। नया नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 भरें, 18 वर्ष पूरे होने का प्रमाण और निवास प्रमाण दें, नाम कटवाने के लिए फॉर्म-7 भरें, मृतक, डबल नाम या स्थायी रूप से बाहर चले गए मतदाताओं की सूचना दें। सुधार के लिए फॉर्म-8 भरें, नाम, पता, जन्मतिथि, फोटो में गलती ठीक कराए। एसडीएम ने बताया कि अभियान के दौरान सभी बूथों पर विशेष कैंप लगाए जाएंगे। इन कैंपों में बीएलओ मौजूद रहेंगे और मौके पर ही फॉर्म भरवाए जाएंगे। दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को घर पर ही सुविधा दी जाएगी। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्री, कोटेदार, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, ग्राम प्रधान और ब्लॉक स्तरीय टीम को लगाया गया है। स्कूल-कॉलेजों में भी युवा मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। उपजिलाधिकारी ने सभी दलों के कार्यकताओं से कहा कि वे राजनीति से ऊपर उठकर बीएलओ का सहयोग करें। बूथों पर गलत नाम जुड़वाने या सही नाम कटवाने की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि जिनकी उम्र 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूरी हो रही है, वे अपना नाम जरूर जुड़वाएं, क्योंकि एक वोट ही लोकतंत्र को मजबूत करता है।

10 को निकलेगी श्री चित्रगुप्त की शोभायात्रा



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। सृष्टि के समस्त जीवों के शुभा शुभ कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज की भव्य शोभायात्रा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जौनपुर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ निकाली जाएगी! यह आयोजन 10 नवंबर 2026 मंगलवार को किया जाएगा!

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव और शोभायात्रा कार्यक्रम के संयोजक अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने एक संयुक्त प्रेस वार्ता कर आयोजन की विस्तृत रूपरेखा साझा की। आयोजकों के अनुसार शोभायात्रा की शुरूआत मंगलवार को अपराह्न तीन बजे से टाउन हॉल नगर पालिका परिषद से होगी! यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए रूहट्टा स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर पर जाकर संपन्न होगी! यात्रा के समापन के पश्चात मंदिर परिसर में सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद भंडारा का भव्य आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के संयोजक अंजनी श्रीवास्तव ने समाज के सभी वर्गों, विशेष कर पठन-पाठन और लेखन कार्य से जुड़े लोगों से इस पावन अवसर पर उपस्थित रहने का आवाहन किया है! उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति विद्या और कलम से जुड़ा है उन्हें लेखनी के अधिष्ठाता भगवान श्री चतुर्भुज श्री चित्रगुप्त जी महाराज की पूजा अर्चना अवश्य करनी चाहिए! उन्होंने जनपद के सभी कलम के सिपाहियों ,पत्रकारों , वकीलों, शिक्षकों ,साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों से विशेष अनुरोध किया है कि वह अधिक से अधिक संख्या में इस भव्य शोभायात्रा में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और भगवान श्री चित्रगुप्त जी का आशीर्वाद प्राप्त कर पुण्य के भागी बनें।

पेट्रोल पंप पर बदमाशों ने की फायरिंग, मशीन तोड़ी

जौनपुर। बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के पूरा मुकुंद गांव स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-56 वाराणसी-लखनऊ पर मृदुल कुमार अनिल कुमार पेट्रोल पंप पर तीन बाइकों से पहुंचे सात अज्ञात बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। बदमाशों ने पेट्रोल पंप मालिक अजय सिंह उर्फ छोटे मुन्ना को जान से मारने की नीयत से गाली-गलौज करते हुए उनके बारे में पूछताछ की। मालिक के मौके पर मौजूद नहीं होने पर बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग की आवाज सुनकर पेट्रोल पंप पर अफरा-तफरी मच गई। अपनी जान बचाने के लिए प्रबंधक अनुज कुमार सिंह और अन्य कर्मचारी कमरे में बंद हो गए। आरोप है कि बदमाशों ने पेट्रोल पंप की मशीन भी तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दी और गाली-गलौज करते हुए फरार हो गए। पेट्रोल पंप प्रबंधक अनुज सिंह निवासी बरौली ने अज्ञात सात बदमाशों के खिलाफ पुलिस को लिखित तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि घटना के दौरान स्थानीय पुलिस को फोन किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद आपातकालीन सेवा 112 को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के दौरान घटनास्थल से सात खोखा कारतूस बरामद किए।

भगवान धन्वंतरि की मनी जयंती

आजमगढ़। आरोग्य भारती गोरक्ष प्रांत आजमगढ़ के तत्वाधान में इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में भगवान धन्वंतरि जयंती का आयोजन किया गया। भगवान धन्वंतरि के चित्र पर प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ एसके सिंह, जिला संरक्षक सीताराम पांडे, जिलाध्यक्ष डॉ देवेश दुबे, सचिव डॉक्टर रणधीर सिंह, महिला प्रकोष्ठ प्रमुख डॉ नेहा दुबे ने संयुक्त रूप से माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ एस के सिंह ने भगवान धन्वंतरि एवं आरोग्य भारती के बारे में विस्तार से चर्चा किया। जिला अध्यक्ष डॉक्टर देवेश दुबे ने कहा जो व्यक्ति शारीरिक और मानसिक तौर पर स्वस्थ है वही अपने घर परिवार और राष्ट्र के लिए कार्य करने में समर्थ है, इसलिए अपने शरीर को स्वस्थ रखना हमारा प्रथम दायित्व है। सचिव डॉक्टर रणधीर सिंह ने कहा स्वस्थ रहने के लिए रहन-सहन, आहार विहार उत्तम होना चाहिए। महिला प्रकोष्ठ प्रमुख डॉक्टर नेहा दुबे ने बताया महिलाओं को स्वस्थ और ऊजार्वान रहने के लिए आहार के सभी जरूरी तत्व जैसे आयरन, कैल्शियम एवं प्रोटीन को अपने रोज के भोजन में शामिल करना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक एवं संरक्षक सीताराम पांडे ने सभी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। डॉ नेहा दुबे, कौशल कुमार राय, मोहम्मद अफजल, अशोक सिंह, संदीप पांडे, नीलम श्रीवास्तव, शालिनी श्रीवास्तव एवं अन्य गणमान्य लोकगीत उपस्थित रहे।

पांच दशक बाद भी किसानों के खेत प्यासे, कनहर के पानी का इंतजार

दुद्धी, सोनभद्र। देश में डिजिटल इंडिया और बुलेट ट्रेन की रफ्तार की चर्चा के बीच सोनभद्र की कनहर सिंचाई परियोजना पांच दशक बाद भी किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने में नाकाम साबित हुई है। वर्ष 1976 में 27.75 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से शुरू हुई इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण आज तक पूरा नहीं हो सका है। तीन पीढ़ियां गुजर गईं, लेकिन आदिवासी और सीमांत किसान अब भी सिंचाई के पानी का इंतजार कर रहे हैं। दुद्धी तहसील के अमवार में कनहर नदी पर प्रस्तावित इस बांध का शिलान्यास तत्कालीन मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी ने किया था। शुरूआती वर्षों में ही पूरा होने वाली परियोजना दशकों तक सरकारी फाइलों और निर्माण संबंध

संक्षेप

प्रभु का वास संस्कारों में होता है : ब्रह्मानंद शास्त्री



सोनईचा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के बेलावीर भान गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के समापन अवसर पर आचार्य ब्रह्मानंद शास्त्री महाराज ने कहा कि प्रभु का वास संस्कारों में होता है। कथा श्रवण का उद्देश्य मनुष्य को संस्कारित करना है। कथा के बाद बच्चों के व्यवहार में अच्छे संस्कार दिखाई दें, तभी कथा की सार्थकता है। उन्होंने कहा कि जो नाशवान नहीं, वही परमात्मा है। शरीर नष्ट होता है, लेकिन आत्मा का कभी नाश नहीं होता। सुदामा-कृष्ण की मित्रता का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि सच्चा मित्र वही है, जो संकट में साथ दे। भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा के दो मुट्ठी चावल खाकर उन्हें दोनों लोकों का वैभव प्रदान कर दिया। उनकी कृपा से सुदामा की झोपड़ी महल में बदल गई। कथा का शुभारंभ यजमान हरिओम नारायण एवं नंदिनी चंद ने व्यास पीठ की आरती उतारकर किया। इस अवसर पर शिक्षक हरिवंश शाही, जयंती सिंह, कल्याणी सिंह, अनामिका चंद गुड्डी सिंह, प्रमोद सिंह, शिव प्रसाद, अच्युतानंद चंद (अंकुर चंद), दिव्यांश चंद, मार्कण्डेय चंद, शिवदास चंद, सरजू चंद, अनिल चंद, दुर्विजय चंद, श्रीप्रकाश चंद, रामाशंकर चंद, भीम चंद, किशोर चंद, अनिरुद्ध चंद, तेज नारायण चंद, रणधीर चंद, ओमप्रकाश चंद, रमेश चंद, करुणेश चंद सहित भारी संख्या में मौजूद श्रोताओं ने कथा का रसपान किया।

दीपावली पर जिला अस्पताल अलर्ट

उन्नाव। दीपावली पर पटाखों से जलने, आग से झुलसने और अन्य हादसों में घायल होने वाले लोगों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के लिए जिला अस्पताल प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इमरजेंसी वार्ड में आठ बेड आरक्षित किए गए हैं, ताकि आपात स्थिति में आने वाले मरीजों को बिना देरी इलाज मिल सके। त्योहार के दौरान स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित न हों, इसके लिए सीएमएस डॉ. सुनील कुमार शुक्ला ने चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त चिकित्सक, सर्जन, लैब टेक्नीशियन सहित अन्य कर्मचारियों को भी अस्पताल बुलाया जाएगा। सीएमएस डॉ. सुनील कुमार शुक्ला ने बताया कि दीपावली को देखते हुए अस्पताल में सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। पर्याप्त स्टाफ और उपचार संबंधी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी, जिससे किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल उपचार दिया जा सके।

रिश्तों में मर्यादा और सम्मान से ही साकार होगा रामराज्य

गगहा, गोरखपुर। क्षेत्र के पाजूपार गांव में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन गुरुवार को भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कांची पीठ, अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक पं. विद्याधर भारद्वाज महाराज ने श्रीकृष्ण की लीलाओं और कंस वध सहित विभिन्न प्रसंगों का वर्णन कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर मदरिया कुटी के महंत श्रीशस दास जी महाराज ने कहा कि परिवार में प्रेम, त्याग, सम्मान और मर्यादा की भावना मजबूत होने से ही रामराज्य की परिकल्पना साकार होगी।

एमसीए पब्लिक स्कूल में दीपमालिका महोत्सव की धूम

सीताराम-लक्ष्मण की झांकी के साथ हुआ रावण दहन



बनवारपार, गोरखपुर। उपनगर गोला स्थित एमसीए पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को दीपमालिका महोत्सव धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रंगोली, दीप सज्जा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के स्वरूप में सजे बाल कलाकारों की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। वहीं, बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं मुख्य सेवक प्रदीप सिंह व शिक्षा निदेशिका रत्ना सिंह ने दीप प्रज्वलित कर पूजन-अर्चन के साथ किया। उन्होंने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आशीर्वचन दिया। विद्यालय परिवार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य एसके मिश्र, उप प्रधानाचार्य राहुल यादव, वीरेंद्र मौर्य, सुब्रत तिवारी, सिद्धार्थ, संदीप जायसवाल, घनश्याम मौर्या, जितेंद्र, नलिनी वर्मा, खुशबू, संजना दुबे, पूजा तिवारी, सोनल दुबे, काजल, फरजाना, निधि, ममता, प्रियंका एवं प्रगति राय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

धनतेरस पर भी खाली रहे अनुदेशकों के खाते मानदेय न मिलने से त्योहार की खुशियां फीकी



सिद्धार्थनगर। जिले के परिषदीय विद्यालयों में तैनात अनुदेशकों का मानदेय समय से खाते में नहीं पहुंचने के कारण उनकी आर्थिक परेशानियां बढ़ गई हैं। धनतेरस जैसे प्रमुख त्योहार से पहले भी खाते खाली रहने से अनुदेशकों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। मानदेय भुगतान में लगातार हो रही देरी से अनुदेशक निराश और परेशान हैं। त्योहार को देखते हुए अनुदेशकों को उम्मीद थी कि धनतेरस से पहले उनके खाते में मानदेय पहुंच जाएगा, जिससे वे परिवार के साथ त्योहार की तैयारियां कर सकेंगे। लेकिन भुगतान नहीं होने से उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया। बाजार में जहां लोग धनतेरस की खरीदारी में जुटे हैं, वहीं मानदेय का इंतजार कर रहे अनुदेशक आर्थिक तंगी के चलते जरूरी सामान तक खरीदने में असमर्थ हैं। अनुदेशकों का कहना है कि सीमित मानदेय के सहारे परिवार का खर्च चलाना पहले से ही चुनौतीपूर्ण है। ऐसे में समय पर भुगतान नहीं होने से घर की जरूरतों और त्योहार की तैयारियों पर असर पड़ रहा है। धनतेरस के दिन भी खाते खाली रहने से अनुदेशकों में नाराजगी है। अनुदेशकों ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से जल्द से जल्द लंबित मानदेय का भुगतान कराने की मांग की है, ताकि उन्हें आर्थिक परेशानी से राहत मिल सके और वे भी परिवार के साथ त्योहार मना सकें।

दीया निर्माण और रंगोली प्रतियोगिता में रेड हाउस ने मारी बाजी



बांसी (सिद्धार्थनगर)। सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, बहबोल में दीपावली के अवसर पर दीया निर्माण एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दीया निर्माण एवं रंगोली प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में रेड हाउस प्रथम, ग्रीन हाउस द्वितीय, येलो हाउस तृतीय और ब्लू हाउस चतुर्थ स्थान पर रहा। वहीं जूनियर वर्ग में कक्षा पांच प्रथम, कक्षा दो द्वितीय, कक्षा चार तृतीय, कक्षा तीन चतुर्थ और कक्षा एक पंचम स्थान पर रही। विद्यालय परिवार ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए सभी बच्चों के प्रयासों की सराहना की। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना रहा।

त्योहारों को लेकर उसका बाजार में सफाई अभियान तेज



बांसी (सिद्धार्थनगर)। धनतेरस, दीपावली एवं छठ पूजा के मद्देनजर नगर पंचायत उसका बाजार में साफ-सफाई और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमंत जायसवाल ने सफाई नायकों एवं सफाई कर्मियों को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ सफाई कार्य करने के आवश्यक निर्देश दिए हैं। उनके प्रयास से नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाकर कूड़े-कचरे का निस्तारण कराया जा रहा है। साथ ही नालियों की सफाई, दवा का छिड़काव तथा चूने का छिड़काव भी कराया गया है, जिससे त्योहारों के दौरान नगर में स्वच्छ और बेहतर वातावरण बना रहे। नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में बेहतर साफ-सफाई और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने संतोष जताते हुए अभियान की सराहना की है। लोगों ने अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमंत जायसवाल की कार्यक्षमता, सक्रियता और व्यवहार कुशलता की भी प्रशंसा की।

बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरी, आधा दर्जन लोग घायल



सफीपुर, उन्नाव। ओवरलोड बस उन्नाव से सवारियाँ भरकर सफीपुर आ रही हरदोई - उन्नाव मार्ग पर गंधा नाला के पास अनियंत्रित होकर करीब पांच फुट नीचे खंती में पलट गई। जिसमें आधा दर्जन सवारियां घायल हो गयी। सूचना पर पहुची कोतवाली पुलिस ने आनन फानन में घायलों को एम्बुलेन्स की मदद से सीएचसी भेजा गया। कोतवाली क्षेत्र के हरदोई उन्नाव मार्ग पर गंधा नाला के समीप उन्नाव की ओर से आ रही ओवर लोड बस बाइक सवार को बचाने के चक्कर मे अनियंत्रित होकर पलट गई। बस पलटते ही चीख पुकार और अफरा तफरी मच गई । सूचना पर आनन फानन में पहुची कोतवाली पुलिस ने घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जिसमें श्यामा देवी पत्नी विनोद सिंह 46 सराय सुबेदार, संध्या पत्नी संदीप 25 दहन बांगरमऊ, का0 विनोद यादव पुत्र यदुनाथ सिंह 50 निवासी फायर स्टेशन, बांगरमऊ, विनोद सिंह पुत्र गुलजारी 50 सराय सूबेदार, राजेश पुत्र नीलकंठ 39 निवासी फूल बेहटा, कोतवाली देहात हरदोई घायल हो गये। जहां डॉक्टर ने श्यामादेवी की गंभीर हालत देख प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना के समय करीब तीन दर्जन से अधिक सवारियां मौजूद थी।

एसपी ने सौंपी 5.51 लाख की सहायता

बोले- समाज की बुलंद आवाज थे शोभित पांडेय

जिला संवाददाता

गोरखपुर। संतकबीर नगर जनपद के वरिष्ठ पत्रकार शोभित पांडेय के निधन के दूसरे दिन गुरुवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीणा उनके पैतृक गांव विश्वनाथपुर स्थित आवास पहुंचे। उन्होंने दिवंगत पत्रकार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी। इस दौरान पुलिस विभाग की ओर से परिवार को 5 लाख 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता सौंपी। एसपी श्री मीना ने कहा कि शोभित पांडेय निर्भीक एवं समर्पित पत्रकार थे। वे पीड़ित, शोषित और प्रताड़ित लोगों की बुलंद आवाज थे। उनका असमय निधन समाज और पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। परिवार की ओर से दिवंगत पत्रकार की पुत्री ने नौकरी दिलाने का अनुरोध किया। इस पर एसपी ने जिलाधिकारी से वार्ता कर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। उन्होंने परिवार को हर संभव सहयोग देने की बात कही। इस दौरान क्षेत्राधिकारी धनघटा अभय नाथ मिश्रा, इंस्पेक्टर महुली हरेंद्र पाठक, इंस्पेक्टर खलीलाबाद जय प्रकाश दूबे, वरिष्ठ पत्रकार दामोदर उपाध्याय, विजय मिश्रा, अरुण शाही, राजेश कुमार, उज्ज्वल तिवारी, धनुषधर पांडेय, आनंद पांडेय, अकरम खान, नियाज अहमद, विनोद दुबे, खगेन्द्र मिश्रा, लालचंद दुसाध सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे। दिवंगत पत्रकार के परिवार के प्रति पुलिस अधीक्षक की इस मानवीय पहल की पत्रकार संगठनों और स्थानीय लोगों ने सराहना की।

गोरखपुर मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन एवं गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब ने दिवंगत पत्रकार शोभित पांडेय के परिजनों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने और परिवार को हर संभव सहयोग का भरोसा देने की पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीणा की पहल की सराहना की है। दोनों पत्रकार संगठनों ने कहा कि दुख की इस घड़ी में पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशीलता और मानवीयता का परिचय दिया है। उनकी यह पहल पत्रकार समाज के प्रति सम्मान और सामाजिक जिम्मेदारी का सराहनीय उदाहरण है। संगठनों ने दिवंगत पत्रकार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

आयुर्वेद स्वास्थ्य दिवस समारोह संपन्न

आयुर्वेदिक वनस्पतियों का पूजन-अर्चन कर निरोगी और स्वस्थ समाज की प्रार्थना



बाराबंकी। धनतेरस, कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को जन्मे आयुर्वेद के जनक एवं आरोग्य देव भगवान धन्वंतरि की जयंती को घंटाघर स्थित मनोहर दास पदम कुमार जैन बैद्यनाथ एजेंसी पर स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शरद कुमार जैन एवं वैद्य एस विशाल वर्मा ने दीप प्रज्वलन एवं भगवान धन्वंतरि और आयुर्वेदिक वनस्पतियों जड़ी-बूटियों का पूजन-अर्चन कर किया। तथा सभी उपस्थित वैद्यों ने निरोगी और स्वस्थ समाज की प्रार्थना की।

इस अवसर पर वैद्यों ने समुद्र मंथन की कथा का स्मरण कराया। मान्यता है कि मंथन के अंत में भगवान धन्वंतरि अमृत से भरा कलश लेकर प्रकट हुए। संदेश यही है कि निरोगी शरीर ही जीवन का सबसे बड़ा धन है, इसीलिए इस पर्व को धनतेरस कहा जाता है।

रज्जाकपुर के वैद्य एस विशाल वर्मा ने गुडूची गिलोय, संजीवनी घनवटी, चिरायता, तुलसी और कुटकी जैसी औषधियों का परिचय देते हुए कहा कि आज आयुर्वेद को वैज्ञानिक कसौटी पर परखने का दौर है। डॉ0 अंबरीश वर्मा ने बताया कि पंचकर्म और आयुर्वेदिक वेलनेस की ओर देश-विदेश में रुचि बढ़ रही है, और आयुष को मेडिकल वैल्यूट्रैवल के अंतर्गत भी बढ़ावा दिया जा रहा है। वैद्य यूडी मिश्रा ने वृक्ष आयुर्वेद की परंपरा याद दिलाई और अपील की कि लोग घर-आँगन में नीम, तुलसी और अन्य औषधीय पौधे लगाएँ, जो आयुष मंत्रालय के टिकाऊ जीवनशैली के संदेश के अनुरूप है। इस अवसर पर डॉ0 आशीष वर्मा, डॉ0 एन के चैधरी, डॉ0 वीरेंद्र श्रीवास्तव, डॉ0 अनूप, डॉ0 नवदीप, डॉ0 सी पी वर्मा, डॉ0 आर पी वर्मा, इंद्रजीत, सोनू, देवांशी, वैभवी, शुभी, प्रासुक, नीलू मौजूद रहे।

मेगा लेजर-शो के बीच देवा मेला का समापन

इको-फ्रेंडली आतिशबाजी से रोशन हुआ आसमान



बाराबंकी। सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के पिता सैय्यद कुर्बान अली शाह की स्मृति में आयोजित ऐतिहासिक देवा मेला एवं प्रदर्शनी-2026 का समापन उल्लास, उमंग और सांस्कृतिक वैभव के बीच मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक रवीना त्यागी ने तमाशे की बत्ती प्रज्वलित कर इको-फ्रेंडली आतिशबाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। रंग-बिरंगी आतिशबाजी की मनमोहक छटा और मेगा लेजर-शो की आकर्षक रोशनी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समापन समारोह से पूर्व मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक ने दीप प्रज्ज्वलित कर देवा मेला-2026 की स्मारिका का विमोचन किया। तथा सफल आयोजन एवं सुव्यवस्थित संचालन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि देवा मेला जैसे आयोजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संवाहक होने के साथ ही सामाजिक समरसता, आपसी सौहार्द और भाईचारे की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। इस अवसर पर मेला सचिव एवं अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह ने देवा मेला-2026 की संक्षिप्त आख्या प्रस्तुत की। उन्होंने मेले के सफल आयोजन में योगदान देने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, विभागीय टीमों, सहयोगियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समापन समारोह में मुख्य विकास अधिकारी पंकज वर्मा, उपजिलाधिकारी नवाबगंज गुंजिता अग्रवाल, तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह, देवा मेला समिति के सदस्य, अधिकारी मौजूद रहे। नौ आतिशबाजों के बीच हुई रोमांचक प्रतियोगिता, मोहम्मद आजम रहे अव्वल प्रतियोगिता में जैदपुर एवं बाराबंकी के आतिशबाजों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। प्रतियोगिता में जैदपुर के मंजर अब्बास, मोहम्मद नाजिम, मोहम्मद अल्ताफ, मोहम्मद अफजल, बाराबंकी के गुलाम वारिस, ताज मोहम्मद, मोहम्मद कदीर, मोहम्मद आजम, मोहम्मद जावेद ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल द्वारा प्रदर्शन के आधार पर परिणाम घोषित कर मोहम्मद आजम ने प्रथम स्थान 25 हजार रुपये का पुरस्कार अपने नाम किया। वहीं जैदपुर के गुलाम वारिस द्वितीय स्थान को 20 हजार रुपये तथा मोहम्मद जावेद तृतीय स्थान को 15 हजार रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग युवा संसद कार्यक्रम संपन्न



बाराबंकी। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मेरा युवा भारत बैनर तले विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग युवा संसद कार्यक्रम विषय एक राष्ट्र, एक चुनाव का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी पंकज वर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में डॉ0 नरेश चंद्र त्रिपाठी, डॉ0 सत्या सिंह, रेखा मिश्रा, प्रदीप सारंग, फरहान अमीन सिद्दीकी, जिला युवा अधिकारी मेरा युवा भारत रश्मि शबनम गुप्ता, अनुराग वर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम में युवाओं ने राष्ट्रनीति, लोकतांत्रिक व्यवस्था, सामाजिक निर्माण व विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर निर्णायक मण्डल के सामने अपने विचार प्रस्तुत किए। जिसमे प्रथम स्थान ऋषभ देशमुख, द्वितीय जय गुप्ता, तृतीय अनंत मिश्रा चयनित किये गये। जोकि अब राज्य स्तर पर अपने विचार व्यक्त करेगें मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी श्री वर्मा ने युवाओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं। युवा संसद जैसे मंचों से युवाओं में नेतृत्व क्षमता, तार्किक सोच और लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास होता है, जो विकसित भारत के सपने को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा।

सोनवा में जाली नोट छापने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार



श्रावस्ती। थाना सोनवा पुलिस और एसटीएफ लखनऊ की संयुक्त टीम ने मल्हीपुर रोड स्थित गिरिराज राइस मिल (भिटिया चिचड़ी) में छापा मारकर जाली नोट छापने वाले अंतरजनपदीय गिरोह के तीन सदस्यों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 1 लाख 74 हजार रुपये के कुल 804 जाली नोट, रंगीन प्रिंटर, स्याही, कागज और नोट तैयार करने में इस्तेमाल होने वाली अन्य सामग्री बरामद की है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गिरिजा शंकर जायसवाल निवासी बहराइच, नरेंद्र कुमार चौरसिया निवासी लालबोझी तथा वृजेन्द्र गोस्वामी निवासी भगवानपुर बनकट, थाना इकौना के रूप में हुई है। बरामद नोटों में 100 रुपये के 537, 200 रुपये के 44 और 500 रुपये के 223 नोट शामिल हैं। इसके अलावा तीन मोबाइल फोन और 5500 रुपये नकद भी मिले हैं। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे दीपावली के आसपास बाजार में जाली नोट चलाने की तैयारी कर रहे थे। दुकानदारों से खरीदारी करने, जुआ खेलने वालों के बीच नोट खपाने और एक लाख रुपये के असली नोट के बदले तीन लाख रुपये के जाली नोट देने की योजना बना रहे थे। नोट छापने का काम वृजेन्द्र करता था, जबकि अन्य दोनों आरोपित नोटों की कटाई, गड्डियां बनाने और पैकिंग में सहयोग करते थे। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध थाना सोनवा में मुकदमा संख्या 196/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपितों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

जनगणना-2027 के लिए 16 नवंबर से शुरू होगा स्व-गणना का कार्य



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में शुक्रवार को जनगणना-2027 को लेकर प्रेसवार्ता आयोजित की गई। इसमें मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद और अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ललित कुमार मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने पत्रकारों को धनतेरस एवं दीपावली की बधाई देते हुए जनगणना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर सफल बनाने में सहयोग की अपील की। डीएम ने बताया कि जनगणना दो चरणों में होगी। पहले चरण में 16 से 30 नवंबर 2026 तक नागरिक स्वयं ऑनलाइन जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर आंकड़े जुटाएंगे। जिले में दो मास्टर ट्रेनरों ने 42 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया है। इसके बाद पांच चार्जों में 2721 प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को 27 अक्टूबर से 6 नवंबर तक प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी योजनाएं बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सभी परिवार सही एवं पूरी जानकारी दें और अधिकृत प्रगणकों का सहयोग करें, ताकि कोई भी व्यक्ति जनगणना से छूटने न पाए। ग्राम प्रधानों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों से भी जनजागरूकता फैलाने की अपील की गई। प्रचार-प्रसार के लिए पंपलेट, पोस्टर, बैनर और सामाजिक माध्यमों का उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने कहा कि सही जानकारी देश के विकास की मजबूत आधारशिला है। सभी नागरिक जनगणना-2027 में बढ़-चढ़कर भाग लेकर विकसित भारत और विकसित श्रावस्ती के निर्माण में सहभागी बनें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी निशांत उपाध्याय सहित समस्त पत्रकार उपस्थित रहे।

नियमित टीकाकरण को प्रभावी बनाने के लिए स्वास्थ्यकर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



श्रावस्ती। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में सीएमओ डॉ. अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में नियमित टीकाकरण को लेकर एक दिवसीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स (टीओटी) प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदयनाथ एवं डॉ. के.के. वर्मा उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में जेएसआई संस्था के सुशील श्रीवास्तव और यूविन समन्वयक नितेश श्रीवास्तव ने टीकाकरण के तकनीकी पहलुओं, सूक्ष्म कार्ययोजना, आंकड़ों की प्रविष्टि और शीत श्रृंखला प्रबंधन की जानकारी दी। वहीं जेएसआई के संजय सिंह ने एचपीवी टीकाकरण के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि जिले के अंतिम बच्चे और गर्भवती महिला तक टीकाकरण का लाभ पहुंचाना स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है। प्रशिक्षण में उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. डीके सिंह, एआरओ सुरेश यादव, डीएमओ आलोक कुमार, डीपीएम मनीष बिसारिया, डीसीपीएम राकेश गुप्ता सहित सभी विकास खंडों के ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर (बीपीएम), ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर (बीसीपीएम) और एमसीटीएस ऑपरेटरों ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों को अपने-अपने विकास खंडों में स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित कर टीकाकरण का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए गए।

एलपीएम पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना दीपोत्सव



गोला, गोरखपुर। दीपावली के पावन पर्व पर गोला स्थित लक्ष्मी प्रसाद मेमोरियल (एलपीएम) पब्लिक स्कूल में भव्य सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर राममय हो उठा। राम दरबार की सजीव झांकियों, आकर्षक रंगोलियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पिनअप बोर्ड सजावट, रंगोली प्रतियोगिता, गीत, कविता और नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन पर आधारित प्रस्तुतियों ने सत्य, धर्म और मर्यादा का संदेश दिया। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं संरक्षक गिरधारी लाल स्वर्णकार ने कहा कि श्रीराम का जीवन असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय की प्रेरणा देता है। प्रबंधक भागीरथी प्रसाद स्वर्णकार, प्रबंध निदेशक अमरनाथ वर्मा और प्रधानाचार्या एकता वर्मा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

भगवान धन्वंतरि की आराधना से गूंजा आरोग्य का संदेश

चरगांवा, गोरखपुर। आरोग्य, निरोगी जीवन और भारतीय चिकित्सा परंपरा के प्रतीक भगवान धन्वंतरि की जयंती शुक्रवार को शाहपुर स्थित आवास विकास कॉलोनी में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर चिकित्सकों ने भगवान धन्वंतरि के पूजन-अर्चन के साथ आयुर्वेद की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चरगांवा के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनय कुमार सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को भगवान धन्वंतरि की जयंती मनाई जाती है। भारतीय परंपरा में उन्हें आयुर्वेद का देवता और चिकित्सा का जनक माना गया है।

संक्षेप

महमूद के छह विकेट से बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को बड़ा स्कोर बनाने से रोका

सिलहट (बांग्लादेश)। तेज गेंदबाज हसन महमूद ने 90 रन देकर छह विकेट लिए जिससे बांग्लादेश ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन वेस्टइंडीज को पहली पारी में बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। वेस्टइंडीज ने सुबह चार विकेट पर 235 रन से आगे खेलना शुरू किया और लग रहा था कि वह विशाल स्कोर खड़ा करने में सफल रहेगा लेकिन आखिर में उसकी टीम 356 रन पर आउट हो गई। उसकी तरफ से आमिर गांजू ने 133 रन बनाए। इसके जवाब में बांग्लादेश ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय तीन विकेट पर 88 रन बनाए थे और वह अभी वेस्टइंडीज से 268 रन पीछे है।

सिनर ने डैरेन काहिल की जगह मैग्नस नॉर्मन को कोचिंग टीम में शामिल किया

मोनाको। यानिक सिनर और डैरेन काहिल की खिलाड़ी और कोच की जोड़ी अलग हो गई है। काहिल के कोच रहते हुए सिनर ने पांच ग्रैंड स्लैम खिताब जीते और नंबर एक रैंकिंग हासिल की। घुटने की चोट के कारण फिलहाल किसी टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे सिनर ने शुक्रवार को पुष्टि की कि काहिल उनकी कोचिंग टीम को छोड़ रहे हैं और उनकी जगह मैग्नस नॉर्मन लेंगे जो सिमोन वैग्नोजी के साथ मिलकर काम करेंगे। काहिल जून 2022 में सिनर की टीम में शामिल हुए थे। उन्होंने 2025 के सत्र के बाद ही अपना पद छोड़ने की योजना बनाई थी। सिनर ने बयान में कहा, डैरेन मेरे सफर का एक बेहद अहम हिस्सा रहे हैं।

सूर्यकुमार यादव ने परिवार के साथ प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की

नयी दिल्ली। भारत की विश्व कप विजेता टी20 टीम के कप्तान रहे सूर्यकुमार यादव ने शुक्रवार को यहां अपने परिवार के सदस्यों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। सूर्यकुमार के साथ उनकी पत्नी देविशा, उनकी नवजात बेटी, उनकी साली दीक्षा, उनके साले अजय शेट्टी और उनकी साली के दो बच्चे राम और सरयू भी थे। इस मुलाकात के दौरान सरयू ने मोदी के सामने एक कन्नड़ गीत भी गाया जिसे प्रधानमंत्री ने बहुत पसंद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने हिंदी में एक पोस्ट में कहा, दीपावली के माहौल में राम और सरयू का आगमन हुआ है। इससे दीपावली का वातावरण और भी पावन एवं दिव्य हो गया है। भारत ने सूर्यकुमार की अगुवाई में इस साल के शुरू में टी20 विश्व कप में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया था लेकिन इसके बाद खराब फॉर्म के कारण वह टीम में जगह नहीं बना पाए थे।

सूर्यवंशी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के शुरुआती मैचों में बिहार की कप्तानी करेंगे

एजेंसी

पटना। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को 14 नवंबर से शुरू होने वाली सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के शुरुआती दो मैचों के लिए बिहार की 17 सदस्यीय टीम का कप्तान बनाया गया है। यह पहला मौका होगा जब सूर्यवंशी बिहार की सीनियर टीम की अगुआई करेंगे। बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) ने शुक्रवार को टीम की घोषणा करते हुए सूरज कश्यप को उपकप्तान नियुक्त किया। बिहार को ग्रुप बी में दिल्ली, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, रेलवे, सौराष्ट्र और तमिलनाडु के साथ रखा गया है। टीम अपना पहला मुकाबला 14 नवंबर को इंदौर में सौराष्ट्र के खिलाफ खेलेगी। बीसीए अध्यक्ष हर्षवर्धन ने कहा कि इस जिम्मेदारी से सूर्यवंशी को एक अच्छे नेतृत्वकर्ता के रूप में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा, सूर्यवंशी ने कम उम्र में ही अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और परिपक्वता का शानदार प्रदर्शन किया है। हमें उम्मीद है कि उनकी कप्तानी में टीम अनुशासित और प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलेगी। आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलने वाले सूर्यवंशी भारतीय टी20 टीम के लिए भी पदार्पण कर चुके हैं। वह अब तक 10 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेल चुके हैं। सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में भी शानदार प्रदर्शन किया था। वह 16 पारियों में 776 रन बनाकर टूर्नामेंट के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 237 से अधिक का रहा। उन्होंने अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 80 गेंदों पर 175 रन की मैच जिताऊ पारी खेलकर भारत को 100 रन से जीत दिलाई थी। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने अभिषेक शर्मा के साथ पहले विकेट के लिए 133 रन की साझेदारी में 19 गेंदों पर 45 रन बनाए। मंगल महरौर और शाकिब हुसैन को बिहार के शुरुआती दो मैचों के बाद फिटनेस जांच के आधार पर टीम में शामिल किया जाएगा।



बिहार की टीम : वैभव सूर्यवंशी (कप्तान), आलोक कुमार, आयुष लोहारुका (विकेटकीपर), अल्तमश अशरफ, परम कुमार सिंह, अनमोल कुमार (विकेटकीपर), ज त्विक राज, सूरज कश्यप (उपकप्तान), मयंक कुमार, राघवेंद्र प्रताप, आशीष कुमार, वासुदेव प्रताप सिंह, मोहम्मद इजहार, अमोद यादव, प्रशांत सिंह, नवाज खान और हिमांशु सिंह।

नीतिश राणा को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए दिल्ली की टीम में नही मिली जगह

नयी दिल्ली। सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के लिए शुक्रवार को घोषित दिल्ली की 16 सदस्यीय टीम में पूर्व कप्तान नीतिश राणा को जगह नहीं मिली है। इस घरेलू टी20 टूर्नामेंट की शुरुआत 14 नवंबर से होगी। बत्तीस वर्षीय बल्लेबाज नीतिश राणा 2024 में आईपीएल खिताब जीतने वाली कोलकाता नाइटराइडर्स टीम का हिस्सा थे। उन्होंने पिछले सत्र में इस टी20 राष्ट्रीय टूर्नामेंट में दिल्ली की कप्तानी की थी, लेकिन टीम ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में नाकाम रही थी। आयुष बडोनी की अगुआई वाली दिल्ली टीम में भारतीय तेज गेंदबाज मयंक यादव को शामिल किया गया है।

मयंक ने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय शृंखला के दो मुकाबलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने इस दौरान चौथे मैच में 48 रन देकर तीन विकेट हासिल किए थे। मयंक के अलावा तेज गेंदबाज हर्षित राणा और अनुभवी इशांत शर्मा भी दिल्ली की टीम में शामिल हैं। दिल्ली को एलीट ग्रुप बी में बिहार, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, रेलवे, सौराष्ट्र और तमिलनाडु के साथ रखा गया है। ग्रुप बी के सभी मुकाबले इंदौर में खेले जाएंगे। दिल्ली अपने अभियान की शुरुआत 14 नवंबर को जम्मू-कश्मीर के खिलाफ करेगी। दिल्ली की टीमः आयुष बडोनी (कप्तान), प्रियांश आर्य, सार्थक रंजन, यश ढुल, आयुष दोसजा, तेजस्वी (विकेटकीपर), अनुज रावत (विकेटकीपर), हिम्मत सिंह, मयंक रावत, केशव डबास, सुयश शर्मा, दिग्वेश, इशांत शर्मा, हर्षित राणा, मयंक यादव और सिमरजीत सिंह।



लार्ड्स की बालकनी से लहरायी गयी गांगुली की ऐतिहासिक जर्सी

एजेंसी

मुंबई। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली की 2002 में लॉर्ड्स की बालकनी से लहराई गई मशहूर जर्सी 14, 15 और 17 नवंबर को मुंबई के शरद पवार क्रिकेट संग्रहालय में प्रदर्शित की जाएगी। क्रिकेट से जुड़ी इन ऐतिहासिक और यादगार वस्तुओं की प्रदर्शनी मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) और मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के संयुक्त सहयोग से आयोजित की जा रही है। इसमें गांगुली की यह जर्सी क्रिकेट प्रेमियों के आकर्षण का केंद्र बनेगी। नेटवेस्ट सीरीज 2002 के फाइनल में लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान पर भारत ने रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड को दो विकेट से हराया था। इस जीत के बाद गंगुली ने इस ऐतिहासिक स्टेडियम की बालकनी से अपनी जर्सी लहराई थी।

संग्रहालय में गांगुली की जर्सी के अलावा भारतीय टीम के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय (वनडे) कैप, 1982 में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए जुबली टेस्ट मैच का पदक, महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का वनडे स्वेटर, महेंद्र सिंह धोनी की वनडे जर्सी और राहुल द्रविड़ की टेस्ट जर्सी भी प्रदर्शित की जाएगी।

एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, मुंबई के क्रिकेट प्रशंसक इस खेल के समृद्ध इतिहास से गहराई से जुड़े हुए हैं। यह प्रदर्शनी उन्हें भारतीय क्रिकेट के कुछ महानतम खिलाड़ियों से जुड़ी ऐतिहासिक वस्तुओं को करीब से देखने का अनूठा अवसर प्रदान करेगी।

कोच मार्केज और मुंबई सिटी ने अलग होने का फैसला किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 2026-27 सत्र के सिर्फ चार मैचों के बाद ही मुंबई सिटी एफसी और मुख्य कोच मैनोलो मार्केज ने अपने करार को खत्म करने का फैसला कर लिया।

क्लब ने शुक्रवार को आधिकारिक बयान में बताया कि मार्केज और क्लब ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। इसके साथ ही वह मौजूदा सत्र में पद छोड़ने वाले पहले मुख्य कोच बन गए हैं। मुंबई सिटी एफसी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी बयान में कहा, क्लब और मैनोलो मार्केज ने आपसी सहमति से अलग होने का निर्णय लिया है।



मार्केज की विदाई की प्रमुख वजह टीम का निराशाजनक प्रदर्शन माना जा रहा है। पूर्व चैंपियन मुंबई सिटी एफसी मौजूदा सत्र के शुरुआती चार मुकाबलों में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी। टीम को इस दौरान दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा, जबकि दो मुकाबले बराबरी पर समाप्त हुए।

टीम को सबसे बड़ा झटका अपने पहले घरेलू मुकाबले में एससी दिल्ली के खिलाफ लगा, जहां दो गोल की बढ़त हासिल करने के बावजूद मुंबई की टीम उसे बरकरार नहीं रख सकी और 2-3 से मुकाबला गंवा बैठी।

क्लब के फुटबॉल निदेशक सुजय शर्मा ने इस बदलाव पर कहा कि भारतीय फुटबॉल में सभी आईएसएल क्लब बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा, कई मायनों में यह भारतीय फुटबॉल की शीर्ष लीग के लिए एक नयी शुरुआत है। हमने भारतीय फुटबॉल में उनके अनुभव और उपलब्धियों को देखते हुए मार्केज को क्लब से जोड़ा था।

अब हमारा पूरा ध्यान मुख्य टीम को आवश्यक सहयोग देने और मौजूदा सत्र के निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने पर है।

सिंधु एथलीट आयोग की अध्यक्ष और हरमनप्रीत उपाध्यक्ष चुने गये

नयी दिल्ली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को शुक्रवार को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एथलीट आयोग का क्रमशः अध्यक्ष और उपाध्यक्ष जबकि स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू और तैराक साजन प्रकाश को देश की सर्वोच्च खेल संस्था की आम सभा में खिलाड़ियों का प्रतिनिधि चुना गया।

सिंधु और हरमनप्रीत एथलीट आयोग के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए अकेले उम्मीदवार थे। इसलिए चुनाव अधिकारी संजय के श्रीवास्तव ने उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। हरमनप्रीत भी दो बार के ओलंपिक पदक विजेता हैं। सिंधु और हरमनप्रीत दोनों ही पांच दिसंबर को राष्ट्रीय ओलंपिक निकाय के चुनावों के बाद गठित होने वाली आईओए की कार्यकारी परिषद के सदस्य बन जाएंगे। चानू और साजन भी आईओए की आम सभा में खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों की दो सीटों के लिए एकमात्र उम्मीदवार थे। वे पांच दिसंबर को होने वाले आईओए चुनावों में मतदान करने के पात्र हो गए हैं। निर्विरोध निर्वाचित होने के कारण शनिवार को होने वाली आईओए आम सभा में आईओए एथलीट आयोग के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के साथ-साथ खिलाड़ियों के दो प्रतिनिधियों के चुनाव नहीं होंगे। चुनाव अधिकारी श्रीवास्तव इस संदर्भ में केवल औपचारिक अधिसूचना जारी करेंगे। इन चारों खिलाड़ियों का कार्यकाल चार साल (2026-2030) का होगा।

माया का चेन्नई ओपन में शानदार सफर क्वार्टर फाइनल में थमा

एजेंसी

चेन्नई। भारत की माया राजेश्वरन रेवती का चेन्नई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में शानदार अभियान शुक्रवार को क्वार्टरफाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी रॉबिन मोंटगोमरी से 3-6 3-6 से हार के साथ समाप्त हो गया, लेकिन इस 17 वर्षीय खिलाड़ी ने ऐसा प्रदर्शन किया जो देश की महिला टेनिस के लिए नई उम्मीद जगाता है।

माया सानिया मिर्जा के बाद डब्ल्यूटीए टूर-स्तरीय टूर्नामेंट के एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी है। यह उस खिलाड़ी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है जिसने सप्ताह की शुरुआत विश्व रैंकिंग में 669वें स्थान पर की थी। चेन्नई में उनके प्रदर्शन से उन्हें शीर्ष 500 खिलाड़ियों में जगह मिलने की उम्मीद है। माया ने जिस तरह से अपने से अधिक रैंकिंग वाली खिलाड़ियों के खिलाफ साहसिक खेल दिखाया वह उल्लेखनीय है। उन्होंने अपने शानदार शॉट और आक्रामक खेल से प्रभावित किया।



पूर्व में शीर्ष 100 खिलाड़ियों में शामिल रही और अब 151वें नंबर पर काबिज मोंटगोमरी ने अपने शक्तिशाली ग्राउंडस्ट्रोक्स का इस्तेमाल करते हुए अंततः भारतीय खिलाड़ी को पछाड़ दिया, हालांकि माया ने यह दिखाया कि वह अमेरिकी खिलाड़ी से मुकाबला करने के लिए तैयार थीं। अपने शानदार प्रदर्शन के बाद आत्मविश्वास से भरी माया ने आक्रामक खेल दिखाया और शुरुआत में पिछले मैच की तुलना में बेहतर सर्विस की।

उन्होंने पांचवें गेम में कुछ दमदार रिटर्न लगाकर बाएं हाथ की खिलाड़ी मोंटगोमरी पर दबाव बनाया और प्रतिद्वंद्वी को ड्यूस तक पहुंचाते हुए फोरहैंड की गलती करवाकर ब्रेक प्वाइंट हासिल किया। अमेरिकी खिलाड़ी ने इसे बचा लिया, लेकिन माया ने हार नहीं मानी और जब मोंटगोमरी ने बैकहैंड शॉट नेट में मारा तो माया ने पहला अंक हासिल कर लिया। भारतीय खिलाड़ी हालांकि इस बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी। इसके बाद मोंटगोमरी ने 5-3 की बढ़त बना ली और बिना किसी खास परेशानी के पहला सेट जीत लिया।

माया को दूसरे सेट में जोरदार वापसी की जरूरत थी, लेकिन अमेरिकी खिलाड़ी ने अपना नियंत्रण बनाए रखा और सीधे सेटों में आसानी से जीत हासिल कर ली। माया की हार के साथ ही टूर्नामेंट में भारत की एकल में चुनौती भी समाप्त हो गई। वैष्णवी अडकर दूसरे दौर में सातवीं वरीयता प्राप्त अनास्तासिया ज़खारोवा से 3-6 0-6 से हार गईं, जबकि सहजा यामलपल्ली स्विट्जरलैंड की सिमोना वाल्टरट से 4-6 6-3 3-6 से हारने के बाद पहले दौर में ही बाहर हो गईं थी।

भारतीय स्कीट निशानेबाज पदक दौर में नही बना सके जगह

दोहा। भारतीय पुरुष और महिला स्कीट निशानेबाजों ने शुक्रवार को यहां आईएसएसएफ विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन किया। देश के अनुभवी निशानेबाज व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाओं के पदक दौर में जगह बनाने में नाकाम रहे। इसके साथ ही 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने की उनकी उम्मीदें भी टूट गईं।

जयपाल मालविया ने बृहस्पतिवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर भारत के लिए ओलंपिक कोटा हासिल किया था। उनके इस प्रदर्शन ने मुश्किल दौर से गुजर रहे भारतीय अभियान को कुछ राहत दी थी, लेकिन स्कीट निशानेबाज उस लय को बरकरार नहीं रख सके। पुरुष वर्ग में भारत की अगुआई 51 वर्षीय ओलंपियन मैराज अहमद खान ने की। निशानेबाजी में तीन दशक से अधिक का अनुभव रखने वाले मैराज पांच दौर में कुल 125 में से 118 निशाने लगाने में सफल रहे। उन्हें 113 निशानेबाजों के बीच 46वां स्थान मिला। इस वर्ष जापान में आयोजित एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले अनंतजीत सिंह नरूका और भवतेघ सिंह गिल का प्रदर्शन थोड़ा बेहतर रहा। दोनों ने 119-119 अंक हासिल किए। नरूका 25वें, जबकि गिल 24वें स्थान पर रहे। भारतीय पुरुष टीम ने कुल 356 अंक जुटाकर छठा स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में भी भारतीय निशानेबाज व्यक्तिगत पदक दौर में जगह नहीं बना सकीं। भारत की ओर से गनीमत सेखों सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली निशानेबाज रहीं। उन्होंने 118 अंक के साथ 13वां स्थान हासिल किया। परिनाज धालीवाल 115 अंक लेकर 23वें और रायजा ढिल्लों 114 अंक के साथ 32वें स्थान पर रहीं। तीनों भारतीय महिला निशानेबाजों के कुल 347 अंक रहे, जिससे टीम स्पर्धा में भारत पांचवें स्थान पर रहा। भारतीय निशानेबाजों का 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भी निराशाजनक प्रदर्शन रहा।

भारत की दोनों जोड़ियां क्वालिफिकेशन दौर में पिछड़ने के कारण फाइनल में जगह नहीं बना सकीं। हाल ही में एशियाई खेलों में अलग जोड़ीदार के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाली सुरुचि इंदर सिंह इस बार उस सफलता को दोहरा नहीं सकीं। उन्होंने मालविया के साथ मिलकर कुल 574 अंक हासिल किए और यह जोड़ी 21वें स्थान पर रहीं। दोनों निशानेबाजों ने समान 287-287 अंक जुटाए। भारत की दूसरी जोड़ी सैन्यम और रविन कुमार का प्रदर्शन भी खास नहीं रहा।

पेज एक का शेष

फसलों के

दी गई है। बागवानी और कृषि वानिकी से जुड़ी फसलों के नुकसान पर मिलने वाली सहायता राशि 22,500 रुपये से बढ़ाकर 30 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की गई है। रेशम उत्पादन से जुड़ी फसलों के लिए सहायता छह हजार से बढ़ाकर 7,800 रुपये प्रति हेक्टेयर और गन्ने की फसल के लिए 7,500 से बढ़ाकर 9,800 रुपये प्रति हेक्टेयर की गई है। इसके अलावा कृषि भूमि के कटान और भूस्खलन जैसी आपदाओं से होने वाले नुकसान पर भी सहायता राशि के मानकों में बढ़ोतरी की गई है। राहत आयुक्त ने बताया कि एक अप्रैल से चार नवंबर-26 तक प्रदेश के 10,02,684 किसानों की करीब 52 लाख 14 हजार हेक्टेयर फसल को नुकसान पहुंचा है। किसानों को राहत देने के लिए निर्धारित मानकों के तहत सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं आपदा प्रभावित किसानों को समयबद्ध तरीके से मुआवजा उपलब्ध कराने के लिए जिलों से नुकसान की रिपोर्ट मांगी गई है। इसके लिये सभी जिलाधिकारियों को एक अप्रैल से चार नवंबर तक हुए नुकसान का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्राकृतिक आपदाओं में मकानों और सार्वजनिक संस्थानों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए भी नए मानक तय किए गए हैं। मैदानी क्षेत्रों में पूरी तरह क्षतिग्रस्त पक्के मकान के लिए अब 1.85 लाख रुपये और पहाड़ी क्षेत्रों में 2.06 लाख रुपये की सहायता का प्रावधान किया गया है। मैदानी क्षेत्रों में पक्के मकान के आंशिक नुकसान पर 93 हजार रुपये और पहाड़ी क्षेत्रों में 1.03 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। पूरी तरह क्षतिग्रस्त प्राथमिक विद्यालयों के लिए 15.50 लाख रुपये की सहायता निर्धारित की गई है। वहीं, माध्यमिक विद्यालयों, छात्रावासों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों और पॉलिटेक्निक संस्थानों के नुकसान की भरपाई के लिए 26 लाख रुपये तक की सहायता का प्रावधान किया गया है। स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के पुनर्निर्माण के लिए भी अलग-अलग मानक निर्धारित किए गए हैं। आपदा प्रभावित लोगों को तत्काल राहत उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार ने राहत शिविरों में मिलने वाली सुविधाओं के मानक भी तय किए हैं। सामान्य परिस्थितियों में प्रभावित परिवारों को 30 दिनों तक भोजन, कपड़े, अस्थायी आवास और अन्य जरूरी सुविधाओं के लिए सहायता दी जा सकेगी। विशेष परिस्थितियों में यह अवधि 60 दिन या आवश्यकता के अनुसार बढ़ाई जा सकती है। पेयजल की आपात व्यवस्था के लिए सामान्य स्थिति में 30 दिन और सूखे की स्थिति में 90 दिनों तक सहायता का प्रावधान किया गया है। औद्योगिक और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में आग, विस्फोट या दुर्घटना से होने वाले नुकसान को इस सहायता के दायरे से बाहर रखा गया है। योगी सरकार ने आपदा प्रभावित परिवारों और किसानों तक सहायता पहुंचाने में पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया है। व्यक्तिगत लाभार्थियों को मिलने वाली सहायता राशि अनिवार्य रूप से सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। इसके लिए लाभार्थियों की सूची और पात्रता का आधार सार्वजनिक करने की व्यवस्था की गई है, ताकि सहायता वितरण में पारदर्शिता बनी रहे और वास्तविक प्रभावितों को इसका लाभ मिल सके।

अब कोई

है। मुख्यमंत्री ने नवचयनित अभ्यर्थियों से सीधे संवाद करते हुए तीन सवाल पूछे। कहा कि क्या आपमें से किसी को चयन के लिए किसी की सिफारिश कराने की नौबत आई? क्या किसी ने आपसे किसी प्रकार का लेन-देन किया या धनराशि का प्रस्ताव रखा? क्या किसी ने धौंस दिखाकर नियुक्ति पत्र प्राप्त करने का प्रयास किया, जिसकी आज उत्तर प्रदेश में कल्पना भी नहीं की जा सकती। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन सरकार नहीं आई होती, तो पारदर्शी और ईमानदार भर्ती प्रक्रिया संपन्न होना एक दिवास्वप्न जैसा होता। वर्ष 2003 से 2017 के बीच ऐसी अनेक नियुक्तियां हुईं, जिनमें आवेदन किसी ने किया, परीक्षा किसी और ने दी और नौकरी किसी तीसरे व्यक्ति को मिल गई। ऐसे कई मामले आज भी न्यायालयों में लंबित हैं। चिंता यह है कि वर्षों बाद यदि न्यायालय ऐसे मामलों में नियुक्तियां समाप्त करने का आदेश देता है तो उन युवाओं का क्या होगा, जिन्होंने इतने वर्षों तक सेवा की है? जिन बेईमान लोगों ने तब नौजवानों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया, उनकी पूरी संपत्ति जब्त होनी चाहिए। हमने 2017 में ही तय किया था कि चयन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होगी और किसी प्रकार का भाई-भतीजावाद या भेदभाव नहीं होगा। प्रदेश के 25 करोड़ नागरिक ही हमारा परिवार हैं। आज अंबेडकरनगर, गाजीपुर, संत कबीर नगर, देवरिया, भदोही, सोनभद्र, चित्रकूट, जालौन, सहारनपुर और हमीरपुर के युवाओं को भी समान अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में अकेले उत्तर प्रदेश पुलिस बल में 2.30 लाख पुलिस अधिकारियों और कार्मिकों की भर्ती पारदर्शी तरीके से की गई है।

उपराष्ट्रपति

बढ़ाएगी। अंतरराष्ट्रीय और भारतीय रामलीला दल प्रभु श्रीराम की लीलाओं का मंचन करेंगे। वहीं, देश-प्रदेश के करीब 2,000 कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर रामनगरी को भक्तिमय बनाएंगे।

अयोध्या को

दिए बिछाने का कार्य पूर्ण कर स्वयंसेवकों ने अदम्य साहस का परिचय दिया। दीपोत्सव स्थल को भव्य रूप से सजाया गया है। तैयारियों की पूर्णता को परखने के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सभी घाटों का सघन निरीक्षण किया। कुलपति ने घाटों पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और दिन-रात परिश्रम कर रहे स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि दीपोत्सव हमारी सनातन संस्कृति, एकजुटता और राष्ट्र के गौरव को विश्व पटल पर आलोकित करने का महायज्ञ है। 30 लाख से अधिक दीपों को निर्धारित समय में सुसज्जित करना एक हिमालयी लक्ष्य था, जिसे हमारे युवा स्वयंसेवकों ने अपने कठोर परिश्रम, अटूट आस्था और अनुशासन से संभव कर दिखाया है। हमारे छात्र-छात्राओं की यह ऊर्जा और समर्पण ही इस आयोजन की वास्तविक आत्मा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि जब ये तीस लाख दीप एक साथ प्रज्वलित होंगे, तो अयोध्या की यह दिव्य आभा संपूर्ण विश्व को शांति, सद्भाव और अंधकार पर प्रकाश की विजय का शाश्वत संदेश देगी। नोडल अधिकारी प्रो. एस.एस. मिश्र ने बताया कि सुनियोजित रणनीति और स्वयंसेवकों के समर्पण से आज देर शाम तक दीपों को बिछाने का संपूर्ण लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। 7 नवम्बर सुबह से सभी घाटों पर दीप प्रज्वलन के लिए दीपों में तेल और बाती लगाने का कार्य किया जाएगा। दीपोत्सव की अलौकिक भव्यता को निहारने और भारतीय संस्कृति को करीब से समझने के लिए देश-विदेश से आए बड़ी संख्या में पर्यटक घाटों पर उमड़ पड़े हैं। दीपों की रंगोली के पैटर्न को देखकर देख पर्यटक अचंभित हो रहे हैं। भ्रमण के दौरान विदेशी व देशी पर्यटक घाट-घाट पर रुककर स्वयंसेवकों से संवाद और विमर्श करते हुए दिखाई दिए तथा इतनी बड़ी संख्या में कतारबद्ध सजाए गए दीपों की कलात्मकता की भूरि-भूरि प्रशंसा की। दीपोत्सव के मुख्य समारोह में उपराष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए जिला एवं पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को अत्यंत सुदृढ़ और अभेद्य बना दिया है। संपूर्ण मेला क्षेत्र एवं सभी घाटों पर भारी संख्या में पुलिस व अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। प्रशासन चप्पे-चप्पे पर कड़ी निगरानी रख रहा है ताकि यह विश्वस्तरीय आयोजन पूर्णतः सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो सके।

16 फरवरी से

परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, 10वीं कक्षा के विद्यार्थी 83 विषयों और 12वीं कक्षा के विद्यार्थी 121 विषयों की परीक्षाओं में शामिल होंगे। परीक्षा शुरू होने से 101 दिन पहले समय सारिणी जारी की जा रही है।

सीबीआई कोर्ट

रखी थीं। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद सीबीआई कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने बबलू श्रीवास्तव को दोषमुक्त मानते हुए बरी कर दिया।

बबलू श्रीवास्तव 1993 में अतिरिक्त सीमा शुल्क कलेक्टर की हत्या के दोष में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। नवंबर 2024 में बबलू श्रीवास्तव ने सुप्रीम कोर्ट में समय से पहले रिहाई की याचिका दायर की थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। न्यायामूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति आगस्टीन मसीह की पीठ को अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद ने बताया था कि गैंगस्टर को आतंकवादरोधी कानून सहित गंभीर अपराधों में दोषी ठहराया गया था। इसके बाद बबलू ने यूपी प्रिजनर्स रिलीज ऑन प्रोबेशन एक्ट की धारा 2 के तहत जेल से रिहा होने के लिए यूपी सरकार से गुहार लगाई थी, लेकिन राज्यपाल ने गुहार को अस्वीकार कर दिया था। बरेली की सेंट्रल जेल में बंद डॉन बबलू श्रीवास्तव को होटल मालिक के अपहरण में बरी कर दिया गया है। फिलहाल वह अतिरिक्त सीमा शुल्क कलेक्टर की हत्या में उम्रकैद की सजा काट रहा है। बबलू श्रीवास्तव के खिलाफ अलग-अलग जिलों में तमाम हत्या, अपहरण और लूटपाट के केस दर्ज हैं। एक समय ऐसा भी था जब बबलू श्रीवास्तव जेल में रहते हुए भी अपनी गैंग को चलाया करता था। गाजीपुर में जन्मे डॉन बबलू श्रीवास्तव की पैठ अंडरवर्ल्ड से लेकर सियासत तक रह चुकी है। यूपी ही नहीं, बिहार और महाराष्ट्र तक बबलू श्रीवास्तव के नाम की दहशत रही है।

उत्तराखण्ड में

में उत्तराखंड अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। राज्योत्सव को उन्होंने प्रदेश की अब तक की उपलब्धियों का उत्सव और आगामी लक्ष्यों के लिए नई ऊर्जा का अवसर बताया। समारोह में प्रदेश को 1475 करोड़ रुपये की लागत वाली 62 विकास योजनाओं की सौगात मिली। केंद्रीय मंत्री ने विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उत्तराखंड फिल्म नीति के अंतर्गत लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया। कला, संस्कृति और अन्य क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाली हस्तियों को उत्तराखंड गौरव सम्मान तथा साहसिक कार्य करने वाले बच्चों को मुख्यमंत्री राज्य बाल वीरता पुरस्कार से नवाजा गया। गृहमंत्री शाह ने कहा कि उत्तराखंड की पहचान उसके हिमालयी सौंदर्य के साथ धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से भी जुड़ी है। बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, हेमकुंड साहिब और हरिद्वार जैसे तीर्थस्थल देश-विदेश के श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि इस पवित्र भूमि पर आना उनके लिए सौभाग्य की बात है। प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और पर्यावरण का संरक्षण विकास की प्रक्रिया के साथ-साथ आगे बढ़ना चाहिए। राज्य निर्माण आंदोलन का स्मरण करते हुए गृह मंत्री ने आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी और अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को रेखांकित किया।

उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्रियों स्वर्गीय बीसी खंडूड़ी, भगत सिंह कोश्यारी, डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक और त्रिवेंद्र सिंह रावत के कार्यकाल में हुए प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने क

ट्रंप ने की ओवल ऑफिस को राष्ट्रीय स्मारक बनाने की घोषणा

मध्यावधि चुनावों में अपनी पार्टी की करारी हार के बाद यह उनका पहला आधिकारिक कदम था



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए, जिसके बारे में उनका कहना है कि यह ओवल ऑफिस (राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय) और कैबिनेट रूम को एक राष्ट्रीय स्मारक के रूप में संरक्षित करेगा। मंगलवार को हुए मध्यावधि चुनावों में अपनी पार्टी की करारी हार के बाद यह उनका पहला आधिकारिक कदम था।

लेकिन यह कदम भविष्य के राष्ट्रपतियों को इस प्रतिष्ठित कार्यालय के रंग-रूप को बदलने से नहीं रोकता है, जिसे ट्रंप ने सोने की चमक-दमक से पूरी तरह भर दिया है। न ही यह उनके किसी उत्तराधिकारी को खुद इस घोषणापत्र को ही रद्द करने से रोकता है। ट्रंप ने खुद अपने पूर्ववर्तियों द्वारा तय किए गए राष्ट्रीय स्मारक के दर्जों को पलट दिया है। हालांकि, ट्रंप ने ओवल ऑफिस के इस आदेश को व्यापक शब्दों में बयां किया। ट्रंप ने कहा, किसी भी व्यक्ति को इसे छूने, नष्ट करने या बेवकूफ लोगों द्वारा किसी थोड़ा अलग आकार की चीज़ बनाने के लिए इसे गिराने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हम ओवल ऑफिस को पसंद करते हैं, और यह खुद व्हाइट हाउस की तरह ही एक प्रतीक है। इस सप्ताह यह तीसरा दिन था जब राष्ट्रपति, जो एक रियल एस्टेट कारोबारी भी हैं, ने वाशिंगटन में अपनी पसंदीदा परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए बयान दिया। ट्रंप के बयान के बाद जारी किए गए घोषणापत्र में कहा गया है कि इसमें मौजूद कोई भी चीज़ स्मारक को दोबारा सजाने, साजो-सामान चुनने या सामान्य परिचालन और सुरक्षा संबंधी बदलाव करने के राष्ट्रपति के अधिकार को सीमित नहीं करेगी, बशर्ते इससे स्मारक के ऐतिहासिक ढांचे या वास्तुकला के स्वरूप को कोई बड़ा नुकसान न पहुंचे। ट्रंप ने अलग से कहा कि किसी भी बड़े बदलाव के लिए कांग्रेस (अमेरिकी संसद) से समीक्षा की आवश्यकता होगी, हालांकि ऐसा कोई प्रावधान दस्तावेज़ के मूल पाठ में नहीं है।

ट्रंप प्रशासन ने युद्ध के दौरान अमेरिका से ईरानियों को वापस भेजने के मुददे पर बात की थी

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच ईरान से हुई गुप्त वार्ता में देश में रह रहे ईरानियों को वापस भेजने के मुद्दे पर भी बातचीत की थी। अदालत के दस्तावेजों में यह खुलासा हुआ है। अदालती दस्तावेजों को बृहस्पतिवार को सार्वजनिक किया गया। जिनके मुताबिक उसकी योजना ईरानियों को किसी तीसरे (अज्ञात) देश के रास्ते वापस भेजने की है, हालांकि यह स्पष्ट नहीं था कि प्रशासन अपनी योजना पर कब अमल करने वाला था। ईरानियों को ईरान या किसी अन्य देश भेजने की कोई भी योजना बनाने पर उसकी जानकारी 24 घंटे पहले अदालत को देनी होगी।









सेंसेक्स में 1718 अंकों की उछल



मुंबई। वैश्विक बाजारों में भारी गिरावट के बावजूद घरेलू शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला शुक्रवार को लगातार सातवें कारोबारी सत्र में जारी रहा। विदेशी निवेशकों की लगातार लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से मजबूत हुई निवेशक धारणा के बीच सेंसेक्स 1718 अंक उछल गया, जबकि निफ्टी फिर से 25,000 अंक के पार पहुंच गया। विश्लेषकों के मुताबिक, दूसरी तिमाही में कंपनियों के बेहतर वित्तीय नतीजों और रुपये में मजबूती से भी बाजार की धारणा को समर्थन मिला। इसके साथ ही शेयर बाजार में दिवाली का त्योहारी उत्साह भी बना हुआ है। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.23 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.92 प्रतिशत की गिरावट आई।

रुपया 52 पैसे उछलकर 93.89 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 52 पैसे उछलकर 93.89 (अस्थायी) पर बंद हुआ। डॉलर में कमजोर रुख और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में नरमी से रुपये को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.50 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.82 के उच्च तथा 94.50 के निचले स्तर तक गया। अंत में 93.89 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 52 पैसे की बढ़त है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.41 पर बंद हुआ था।

दिल्ली में सोना 2500 रुपये टूटा, चांदी भी फिसली

नयी दिल्ली। दिल्ली के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को धनतेरस के दिन हाजिर मांग कमजोर रहने के कारण सोने की कीमत 2,500 रुपये टूटकर 146,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। बहुमूल्य धातु की ऊंची कीमतों के कारण खरीदारों के सतर्क रहने से मांग प्रभावित हुई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 2,500 रुपये घटकर (सभी करों सहित) 146,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। बृहस्पतिवार को यह 148,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। चांदी की कीमत भी 2,000 रुपये टूटकर 192,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही। पिछले कारोबारी सत्र में इसका भाव 194,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। धनतेरस के दिन नई खरीदारी को काफी शुभ माना जाता है।

निसान मना रही है जश्न

नई दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पूरे नवंबर 2026 में विश्व गुणवत्ता माह का उत्सव मना रही है। इस उत्सव के साथ निसान ने अपने सभी 315 सेल्स एवं सर्विस टचपॉइंट्स पर सर्विस की अद्वितीय गुणवत्ता और ग्राहकों की संतुष्टि को प्राथमिकता देने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। अद्वितीय गुणवत्ता, हर ग्राहक, हर गाड़ी, हर बार की थीम पर आधारित पूरे महीने चलने वाली इस पहल से ग्राहकों को प्राथमिकता देने की निसान की फिलॉसफी सामने आई है।

घर लायें आशीर्वाद का दूसरा संस्करण जारी

नई दिल्ली। आशीर्वाद घर लाएं आशीर्वाद लेकर आया है। घर लाएं आशीर्वाद के दूसरे संस्करण के जरिए हम रंगोली की खुशी मना रहे हैं और घर संभालने वाली महिलाओं को अपनी कला दिखाने तथा इस सुंदर परंपरा को जीवित रखने के लिए पहचान पाने का मंच दे रहे हैं। यह खास प्रतियोगिता दिवाली की पहचान मानी जाने वाली रंगोली का जश्न मनाती है और लोगों को इसमें आसानी से शामिल होने का मौका देती है।

इनोवा क्रिस्टा लिमो लॉन्च

बेंगलुरु। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आज इनोवा क्रिस्टा लिमो एडिशन को पेश करने की घोषणा की, जो फ्लीट और कमर्शियल मोबिलिटी कस्टमर्स के लिए एक डेडिकेटेड पेशकश है। इनोवा क्रिस्टा लिमो की शुरूआत के साथ, टोयोटा का लक्ष्य फ्लीट और कमर्शियल मोबिलिटी सेगमेंट के साथ अपने जुड़ाव को एक स्पष्ट और डेडिकेटेड पहचान के माध्यम से और मजबूत करना है, साथ ही इनोवा ब्रांड की मजबूत विरासत और नींव को आगे बढ़ाना है। दो दशकों से अधिक समय से, इनोवा ने विश्वसनीयता, आराम और ओनरशिप के भरोसे को लगातार बनाए रखते हुए कस्टमर्स का विश्वास हासिल किया है।

सोने के सिक्कों के ऑर्डर 23 गुना बढ़ा

नई दिल्ली। दिवाली की तैयारियों की झलक घर के छोटे-छोटे बदलावों में भी दिख रही है। मोमबत्तियों और गेंदे के फूलों की खोज में पिछले साल के मुकाबले करीब 200प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। दिवाली का वीकेंड शुरू होने वाला है और लोगों ने इसकी तैयारियां कई दिन पहले से ही शुरू कर दी हैं। शगुन के लिए सोने के सिक्के पहली पसंदः धनतेरस से पहले वाले हफ्ते में सोने के सिक्कों के ऑर्डर 23 गुना बढ़ गए। 1 ग्राम के सोने के सिक्के सबसे ज्यादा पसंद किये गये।



आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com